नई दिल्ली

नई दिल्ली, रविवार 15 सितंबर 2019

अश्विन मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 23, अंक : 179

पृष्ठ 14+4 मूल्य 3.00 *

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 33.0

न्यून. 28.0



13 भारत और द. अफ्रीका के बीच पहला टी-20 मैच आज

विचार पेज

08 समान नागरिक संहिता क्यों नहीं






## खबर संक्षेप

### जायसवाल बिहार और सतीश राजस्थान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को सांसद डॉ. संजय जायसवाल को बिहार और अजमेर से विधायक सतीश पूनिया को राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। अजय कुमार को उत्तराखण्ड का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया।

### नए डीलरों के लिए जनवरी 2020 से आधार सत्यापन जरूरी



**बंगलूरु।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शनिवार को कहा कि जीएसटी में होने वाली गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए जनवरी 2020 से नए डीलरों के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। जीएसटीएन पर मंत्रियों के समूह के प्रमुख और बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि नए डीलरों के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य किया जाएगा।

### एनआरसी के सभी आवेदकों के नाम ऑनलाइन प्रकाशित



**गुवाहाटी।** एनआरसी की पूरी सूची शनिवार को ऑनलाइन प्रकाशित की गई जिसमें मसौदा एनआरसी में शामिल किए गए और बाहर किए गए नामों के साथ ही अनुपूरक सूची में शामिल किए गए और बाहर किए गए (अंतिम एनआरसी) 3.30 करोड़ आवेदकों के नाम शामिल हैं। सूची केवल ऑनलाइन उपलब्ध होगी और इसे अंग्रेजी और असमिया भाषा में प्रकाशित किया गया है।

### भागवत पहली बार विदेशी मीडिया से करेंगे बातचीत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसकी विचारधारा के बारे में 'गलत धारणा को स्पष्ट करने' के लिए पहली बार संघ प्रमुख मोहन भागवत इस महीने विदेशी मीडिया से बातचीत करेंगे। सूत्रों ने बताया कि संघ पहली बार यह कदम उठाने जा रहा है।

## अटकी आवास परियोजनाओं को पूरा करने पर होगा जोर: सीतारमण

# सुस्त अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए खर्च होंगे 70 हजार करोड़ रुपये

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिये शनिवार को बाजार प्रोत्साहन के उपायों की तीसरी किस्त की घोषणा की। इसके तहत रीयल एस्टेट तथा निर्यात क्षेत्रों को 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मदद देने की योजना है। सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब आर्थिक वृद्धि दर की रफ्तार कम होकर छह साल के निचले स्तर पर आ गयी है। सीतारमण ने राजधानी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निर्माण के आखिरी चरण में पहुंच चुकी साफ सुथरी अवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने में वित्तीय मदद के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया जाएगा। इसमें करीब 10 हजार करोड़ रुपये सरकार मुहैया कराएगी तथा इतनी ही राशि अन्य स्रोतों से जुटायी जाएगी। इस योजना लाभ उन्हीं परियोजनाओं को मिलेगा जो एनपीए घोषित नहीं हैं और न ही उनको ऋण समाधान के लिए एनसीएलटी के सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही आवास वित्त कंपनियों के लिए विदेश से वाणिज्यिक ऋण जुटाने के नियमों में ढील देने की भी घोषणा भी की गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि भवन निर्माण के लिये ऋण पर ब्याज दर में कमी की भी व्यवस्था की गयी है। इससे सरकारी विशेष रूप से कर्मचारियों को लाभ होगा जो आवास के सबसे बड़े खरीदार हैं। सीतारमण ने कहा कि अंतिम चरण में धनाभाव के कारण अटकी आवासीय परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए सहायता कोष से करीब 3.5 लाख घर खरीदारों को लाभ मिलेगा।

> *निर्माण के आखिरी चरण में पहुंच चुकी साफ-सुथरी अवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने में वित्तीय मदद के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया जाएगा। सरकार ने शर्तों के साथ अधूरे हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का काम पूरा करने के लिए बड़ी राहत का एलान किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और औद्योगिक उत्पादन में सुधार के स्पष्ट संकेत दिख रहे है।*

**खास बातें**

- वित्तमंत्री सीतारमण ने संवाददाता सम्मेलन में किया ऐलान
- सहायता कोष से करीब 3.5 लाख घर खरीदारों को लाभ मिलेगा



### लटके हाउजिंग प्रॉजेक्ट पर दी बड़ी राहत

सरकार ने सुस्ती से गुजर रही अर्थव्यवस्था के लिए एक महीने के भीतर दूसरी बार बूस्टर डोज का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने हाउजिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को कई बड़े ऐलान किए हैं। हाउजिंग क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये का फंड 60 प्रतिशत तक पूरे हो गए लटके प्रॉजेक्ट को देने की घोषणा की है।

### मुद्रास्फीति नियंत्रित, औद्योगिक उत्पादन में सुधार के स्पष्ट संकेत: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और औद्योगिक उत्पादन में सुधार के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिये राहत की तीसरी किस्त की घोषणा करते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से अच्छी खासी नीचे है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे रखने का लक्ष्य दिया है। हालांकि खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में कुछ तेज होकर 3.21 प्रतिशत पर पहुंच गयी लेकिन यह अब निर्धारित दायरे में है।

### रीयल एस्टेट क्षेत्र को सरकार का प्रोत्साहन पैकेज, उद्योग जगत ने किया स्वागत

वित्तमंत्री की इस घोषणा का देश के उद्योग संगठनों, रीयल एस्टेट कंपनियों और निर्यातकों ने स्वागत किया है। इसके साथ ही आवास वित्त कंपनियों के लिए विदेश से वाणिज्यिक ऋण जुटाने के नियमों में ढील देने की भी घोषणा की गयी। उन्होंने कहा कि दिवाला शोधन की प्रक्रिया में गयी आवास परियोजनाओं के घर खरीदारों को एनसीएलटी से राहत मिलेगी। रुपये में नरमी के बावजूद पिछले तीन महीने में से दो में गिरावट आयी है। वहीं कुछ विश्लेषकों का मानना है कि नोटबंदी तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण रीयल एस्टेट क्षेत्र में मांग में गिरावट आयी है। निर्यात प्रोत्साहन के लिए जनवरी 2020 से एक नयी योजना-निर्यात उत्पादों पर करों एवं शुल्कों से छूट (रोडीटीईपी) अमल में आ जाएगी।

## भारत ने सिखाया सबक

# सफेद झंडा दिखाकर सैनिकों के शव ले गया पाक



- पहले इनकार, अब सामने आई पाकिस्तान की हकीकत

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

पाकिस्तानी सेना के संघर्षविराम के उल्लंघन के जवाब में भारतीय सेना ने 10 और 11 सितंबर को पाकिस्तान के 2 सैनिकों को मार गिराया था। इसके बाद पाक के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के हाजीपुर सेक्टर से शनिवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें पाकिस्तानी फौजी सफेद झंडा दिखाकर अपने जवानों का शव ले जा रहे है। भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि 10-11 सितंबर को हमारे जवानों ने हाजीपुर सेक्टर में सिपाही गुलाम रसूल को मार गिराया। रसूल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला था। शुरुआत में पाकिस्तानी सेना अपने सैनिक का शव ले जाने की कोशिश कर रही थी, इसी दौरान एक और सैनिक मारा गया। पाक सैनिक दो दिनों से लगातार कोशिशों के बावजूद शवों को बरामद नहीं कर सके। 13 सितंबर को पाक सैनिक सफेद झंडा दिखाकर शव ले गए। हमारी सेना ने इसका सम्मान करते हुए शवों को ले जाने की अनुमति दे दी।

### 'एलओसी पर पीओके के लोगों को ढाल बना रहा पाक'

**जम्मू।** भारतीय सेना की उत्तरी कमान के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने शनिवार को एलओसी का दौरा करने के बाद पाकिस्तान को सख्त नसीहत दी। रणबीर सिंह ने पाकिस्तानी पीएम और सेना को हिदायत देते हुए कहा कि वह अपने नागरिकों का इस्तेमाल एलओसी पर किसी ढाल के रूप में ना करे। उन्होंने कहा कि अगर नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की गलत हरकत करने की कोशिश की गई, तो भारतीय सेना द्वारा इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया जाएगा। जीओसी ने यह बयान उस वक्त दिया है, जबकि पाकिस्तानी पीएम इमरान खान ने शुक्रवार को पीओके में रैली कर यहां के लोगों के बीच भड़काऊ भाषण दिया था। इमरान ने यहां कहा था कि 'मुझे आपके जज्बे का पता है कि आप लाइन ऑफ कंट्रोल की तरफ जाना चाहते हैं।

## एक्शन में योगी सरकार

# मुलायम परिवार से खाली कराई लोहिया ट्रस्ट बिल्डिंग

एजेंसी ⏭ लखनऊ



- मुलायम सिंह यादव ट्रस्ट के अध्यक्ष और शिवपाल सिंह यादव है सचिव

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मुलायम परिवार को बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने मुलायम परिवार से लोहिया ट्रस्ट बिल्डिंग छीन ली है। राज्य संपत्ति विभाग ने शुक्रवार को विक्रमादित्य मार्ग स्थित लोहिया ट्रस्ट का बंगला खाली करा लिया। मुलायम सिंह यादव ट्रस्ट के अध्यक्ष और शिवपाल सिंह यादव सचिव हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई शीर्ष नेता ट्रस्ट के सदस्य हैं। लोहिया ट्रस्ट की यह बिल्डिंग शिवपाल यादव की पार्टी के कब्जे में थी और पिछले कुछ महीने से इसका बाजार दर पर किराया वसूला जा रहा था। राज्य संपत्ति विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की है। राज्य संपत्ति विभाग ने एक्शन लेते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच लोहिया ट्रस्ट को कब्जे में लिया।

## *राम जन्मभूमि के बाद काशी-मथुरा की मुक्ति होगा अगला मिशन: स्वामी*



**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने शनिवार को कहा कि राम जन्मभूमि के बाद काशी-मथुरा की मुक्ति अगला मिशन होगा। आर्थिक मंदी की ओर देश बढ़ रहा है। वित्त मंत्री परिपक्व नेता पर उनकी पढ़ाई का हिस्सा अर्थशास्त्र नहीं रहा है। इसीलिए अर्थशास्त्र का ज्ञान नहीं है। बता दें, रविवार को सुब्रमण्यम स्वामी रामनगरी अयोध्या में अपना 80वां जन्मदिन मनाएंगे। उनका रामनगरी अयोध्या में दो दिन का प्रवास है। सुब्रमण्यम स्वामी दिन में करीब 11:30 बजे लखनऊ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे हैं। शनिवार दोपहर में भाजपा नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी दो बजे सर्किट हाउस में ही मीडिया से मुखातिब हुए। शाम पांच बजे से डॉ। राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में व्याख्यान देंगे।

## *कपिल देव होंगे हरियाणा के प्रथम स्पोर्ट्स विवि के पहले कुलपति*



**चंडीगढ़।** हरियाणा की पहली स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के टीम इंडिया के पूर्व कप्तान व क्रिकेटर कपिल देव राई खेल विश्वविद्यालय के पहले कुलपति नियुक्त किए जाएंगे। खेलमंत्री अनिल विज ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। सोनीपत के राई में मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स कैंपस में ही इस खेल यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई है। जानकारी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के बाकी स्टाफ की नियुक्ति भी जल्दी कर दी जाएगी। नियमानुसार, किसी भी विश्वविद्यालय के कुलपति का पद प्रदेश के राज्यपाल को दिया जाता है। लेकिन हरियाणा में इस नियुक्ति को लेकर कानून बदला गया है और पहली बार खेल जगत से जुड़े शख्स को इस पद पर नियुक्त किया गया है।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई उड़ान

# लद्दाख में 10 हजार फीट की ऊंचाई पर खोली नई ब्रांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने नुब्रा घाटी में इस ब्रांच का किया उद्घाटन
- नई ब्रांच पाकिस्तान बॉर्डर के तुरतुक से 80 किमी की दूरी पर है स्थित



देशभर में सबसे अधिक शाखाओं वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने शनिवार को लद्दाख के दिस्कित गांव में अपनी नई शाखा स्थापित कर नया कीर्तिमान बनाया है, क्योंकि यह गांव समुद्र तल से 10,310 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने नुब्रा घाटी में इस ब्रांच का उद्घाटन किया। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक की नई ब्रांच पाकिस्तान बॉर्डर के तुरतुक से 80 किमी की दूरी पर स्थित है। वहीं सियाचिन बॉर्डर से इसकी दूरी 150 किमी है। हाल ही में अस्तित्व में आए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दिस्कित गांव में 6000 की आबादी निवास करती है। बैंक ने लद्दाख के दूर दराज में फाइनेंशियल इन्कलूजन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत पूरे लद्दाख इलाके में स्टेट बैंक की 14 ब्रांच मौजूद हैं। अब नए केंद्र शासित प्रदेश बनने पर एसबीआई लद्दाख में और ज्यादा ब्रांच खोलेगा। एसबीआई ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख में स्टेट लेवल बैंकर कमेटी की जिम्मेदारी लेने की इच्छा जताई है। जानकारी के लिए बता दें कि विश्व की सबसे अधिक ऊंचाई वाली बैंक ब्रांच पेरू में पुणो के मैकुसानी में समुद्र तल से 14,393 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इसके अलावा नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान का एटीएम पाकिस्तान-चीन सीमा पर खुनजेरब दर्रे में समुद्र तल से 15,397 फीट ऊपर स्थित है। पाकिस्तान के इस बैंक एटीएम के नाम सबसे ऊंची जगह पर स्थित होने का रिकॉर्ड है। भारत की बात करें तो एसबीआई के पास समुद्र तल से 11,562 फीट की ऊंचाई पर स्थित केंद्र शासित प्रदेश लेह में एटीएम हैं। हालांकि दुनिया का सबसे ऊंचा एटीएम भारत के थेगु में 13,200 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है।




## रेस्टोरेंट में खाना खाकर घर लौट रहे युवक को मार डाला

# सरेराह बरसाईं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भजनपुरा थाना इलाके में चार-पांच बदमाशों ने दोस्तों से साथ खाना खाकर लौट रहे युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम नाजिम हुसैन (22) है। सूत्रों की मानें तो नाजिम दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर नासिर का करीबी बताया जा रहा है। नाजिम के खिलाफ मारपीट और झगड़े के मामले भी दर्ज हैं। वहीं, मामले की जांच कर रहे अधिकारी गैंगवार की बात से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि आपसी रंजिश के चलते हत्या की गई है। घटना मौके पर लगे एक सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) वेद प्रकाश सूर्या ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है, नाजिम की हत्या क्यों की गई फिलहाल इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

- कुख्यात गैंगस्टर नासिर का करीबी बताया जा रहा है मृतक

पुलिस के मुताबिक, नाजिम सुभाष मोहल्ला, विजय पार्क, भजनपुरा में सपरिवार रहता था। परिवार में मां के अलावा तीन बड़े भाई और दो बहनें हैं। नाजिम छोटा-मोटा काम करता था। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे अपने दो दोस्तों के घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद वह घर लौट रहा था। इसी बीच घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर गली में घात लगाकर खड़े चार-पांच बदमाशों ने नाजिम पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। जिसमें से एक गोली नाजिम के सिर और तीन गोलियां उसके सीने में लगी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। नाजिम को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुछ समय पूर्व नाजिम का इलाके के एक बदमाश से झगड़ा हुआ था। नाजिम ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत की थी। आरोपी कुछ समय पूर्व ही जेल से बाहर आया था। सूत्रों का कहना है कि नाजिम कई बार कुख्यात गैंगस्टर नासिर के साथ देखा गया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि गैंगवार के कारण ही नाजिम को गोली मारी गई।



### बदमाश विक्की पर जताया हत्या का शक

निजाम की हत्या के मामले में विक्की नामक बदमाश का नाम सामने आ रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विक्की मौजपुर इलाके में रहता है। वह हत्या के मामले में आठ साल की सजा काटकर कुछ दिन पहले जेल से बाहर आया है। परिवार की ओर से भी उसी पर शक जताया गया है।

### एक वर्ष पूर्व किया था प्रेम विवाह

निजाम के परिजनों ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसने प्रेम विवाह किया था। उसके पिता की सात-आठ साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। निजाम इलाके में छोटा-मोटा काम करता था। निजाम की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## घर के सामने युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग , हालत गंभीर

- बाइक सवार चार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम
- तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस



नई दिल्ली। हर्ष विहार थाना इलाके में घर के सामने एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक का नाम कपिल (27) है। घायल के परिजनों ने अपने पड़ोसियों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस हिरासत में लिये गए लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, कपिल परिवार के साथ गली नंबर-एक, सबोली, खड्डा कॉलोनी में रहता है। परिवार में पिता राधा कृष्ण, मां गोमती देवी, पत्नी रानी व एक बेटा है। शुक्रवार देर रात दुकान बंद करने के बाद वह अपने घर में घुसने लगा। इसी दौरान बाइक सवार चार युवकों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। इस दौरान दो गोलियां कपिल के सीने में लगी। वहीं, कपिल के पिता का आरोप है कि कुछ माह पूर्व उनका उनके पड़ोसियों से झगड़ा हुआ था। इस मामले में उनके पड़ोसी जेल भी गए थे। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। दूसरी ओर शुक्रवार को बीएसईएस ने चोरी करने के आरोप में राधा कृष्णा के घर पर छापा मारा था, लेकिन उन्हें वहां कुछ नही मिला था। इसके बाद राधा कृष्ण ने अपने पड़ोसियों को खरीखोटी सुनाई थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसी वजह से कपिल पर हमला किया गया।

## पत्नी से झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने आई महिला को मारी गोली

**नई दिल्ली**। नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में शुक्रवार रात पति-पत्नी के बीच झगड़ा में बीच-बचाव करना एक महिला को महंगा पड़ गया। इस दौरान आरोपी ने बीच-बचाव कराने आई महिला के पेट में गोली मार दी। घायल महिला का नाम रचना (21) है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की पुष्टी डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जावेद के रूप में हुई है। वह इलाके का घोषित बदमाश है। जानकारी के मुताबिक, रचना, सेक्टर बी-दो नरेला में सपरिवार रहती है। बृहस्पतिवार को जावेद अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़कर गया था। इसके बाद वह उसे लेने शुक्रवार रात को गया। इस पर उसकी पत्नी के उसके साथ चलने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। जावेद पत्नी और ससुराल वालों को धमका रहा था। इसी दौरान जावेद और उसकी पत्नी में झगड़ा हो गया। रचना उनके बीच लड़ाई बंद कराने लगी। इसी दौरान जावेद ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया।



- ससुराल में पत्नी को लेने आया था आरोपी
- पत्नी ने जाने से कर दिया था मना

### सुनो सरकार...




नई दिल्ली। मिड डे मील वर्कर्स ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

## जेम्स बॉण्ड व उसका सहयोगी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने जेम्स बॉण्ड के नाम से जाना जाने वाला कुख्यात बदमाश व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 007 नंबर इस कदर पसंद था कि वारदात को अंजाम देने से पहले भी इसी नंबर का टी शर्ट पहनता था। गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्णा उर्फ जेम्स बॉण्ड और विनोद उर्फ टॉनी है। विनोद उत्तम नगर का घोषित बदमाश है। पुलिस ने उनके पास से दो देशी पिस्टल, दो कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस अधिकारी की माने तो दोनों आरोपियों पर हत्या, हत्या की कोशिश समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (द्वारका) अन्टो अल्फोंस ने बताया कि आरोपी कृष्णा अपने सहयोगी के साथ इलाके में लगातार क्राइम की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी बीच स्पेशल सेल को सूचना मिली कि दो लोग ककरौला इलाके में अवैध हथियार के साथ घूम रहे है। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया। कुछ देर बाद पुलिस टीम को एक स्कूटी पर सवार दो युवक आते दिखाई दिये। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दोनों भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा कर उन्हें धर दबोचा। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से दो पिस्टल और दो कारतूस मिले। जांच में पुलिस को पता चला कि स्कूटी भी चोरी की है।

## डूसू में जीत के बाद सड़कों पर हुड़दंग मचाते दिखे एबीवीपी के उम्मीदवार व समर्थक

- कार की छत व बोनट पर नाचते हुए नजर आये युवक
- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के परिणाम आने के बाद जीते हुए एबीवीपी के उम्मीदवारों के समर्थकों ने रात को सड़कों पर जमकर हुड़दंग मचाया। इतना ही नहीं उन्होंने ट्रैफिक नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई। शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ। वीडियो में साफ देखा गया है कि कार सवार युवक बीच रोड़ पर कार की छत व बोनट पर खड़े होकर नाच रहे है। इतना ही नहीं वे कार की खिड़कियों पर भी लटके हुए है। बताया जा रहा है कि डीयू के आसपास सात कारें करीब तीन घंटे तक घूमती रहीं। यह कारें मौरिस नगर व रूप नगर थाने के सामने से भी गुजरी, लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने इन पर कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। इन कारों पर लगे पोस्टर इस बात का इशारा कर रहे हैं कि यह सभी दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कही है। वायरल वीडियो करीब तीन मिनट 44 सेकंड का है। हुडदंगी मुखर्जी नगर चौक पर ट्रैफिक को रोककर हुड़दंग करते हुए दिखाई दे रहे है। कार पर डूसू इलेक्शन में प्रेजिडेंट का पद जितने वाले अक्षित दहिया का स्टिकर लगा था और कुछ छात्रों के हाथ में बैनर भी थे। बताया जा रहा है कि हुडदंगियों ने जगह-जगह कार रोककर शोर मचाया। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खास बात ये है कि जुलूस के दौरान स्थानीय थाना पुलिस के अलावा ट्रैफिक पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

## इंजीनियर को जेल भेजने का डर दिखाकर पूछा एटीएम पासवर्ड

**नई दिल्ली**। डीबीजी रोड़ थाना इलाके में बदमाशों ने एक इंजीनियर को जेल भेजने का डर दिखाकर उससे एटीएम कार्ड लेकर पिन नंबर पूछ लिया। बाद में आरोपियों ने उसके खाते से एक लाख 40 हजार रुपये निकाल लिये। इंजीनियर को जब इसके बारे में पता चला तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित दुर्गा सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, दुर्गा सिंह एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर है। शुक्रवार को वह सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से बाहर निकलकर कश्मीरी गेट जाने की बस का इंतजार करने लगे। इसी दौरान उनके पास एक युवक आया और कश्मीरी गेट जाने का रास्ते पूछने लगा। इसके बाद युवक भी दुर्गा सिंह के साथ बस का इंतजार करने लगा। थोड़ी देर बाद एक कार वहां आकर रूकी। कार चालक ने उनसे कश्मीरी गेट जाने का रास्ता पूछा। इस दौरान दूसरे युवक ने चालक से कहा कि वे भी कश्मीरी गेट जायेंगे। इस पर चालक ने उन्हें भी कश्मीरी गेट छोडने की बात कहकर कार में बैठा लिया। थोड़ी दूर जाने के बाद कार चालक ने कहा कि वह क्राइम ब्रांच का अधिकारी है। उसे दोनों पर शक है और दोनों की तलाशी लेनी है। इस दौरान दूसरा युवक भी डरने का नाटक करने लगा। इसके बाद चालक ने दोनों की तलाशी ली। बाद में आरोपी चालक ने कहा कि कुछ देर पहले एक महिला का मर्डर हुआ है, इसलिए उसे दोनों के खातों की भी जांच करनी होगी। चालक ने दोनों का एटीएम लेकर दोनों से उसका पिन नंबर लेकर कार से उतार दिया। कार से उतरते ही दूसरा युवक तुरंत कार में सवार हो गया। बाद में दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कुछ ही देर बाद दुर्गा के मोबाइल पर एक लाख 40 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। दुर्गा ने अपना कार्ड बंद करवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन के बाद मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



- खाते से निकाले एक लाख 40 हजार रुपये



नई दिल्ली। श्री किला सभागार में कलाकारों ने खुद को कुछ इस कदर ढाला, कोई श्री कृष्ण बना तो किसी ने मीरा बाई बन कर दी प्रस्तुति। फोटो : छत्र सिंह

## जुए के अड्डे पर छापा मार 22 लोगों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**। नंदनगरी थाना पुलिस ने एक जुए के अड्डे पर छापा मारकर 22 लोगों को धर-दबोचा है। पुलिस को इनके पास से दांव पर लगे करीब साढ़े चार लाख रुपये मिले है। पूछताछ में पता चला कि यहां जुआ खेलने के लिए नंदनगरी के अलावा उतर-प्रदेश के आसपास के लोग भी आते है। पुलिस ने गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली कि नंद नगरी डी ब्लाक में जुआ खेला जा रहा है। इस पर एसीपी आनंद कुमार मिश्रा की देखरेख में बनी एसआइ अखिल चौधरी और केपी सिंह की टीम ने रात 10:15 बजे मकान पर छापा मार 22 लोगों को हिरासत में लिया। मकान मालिक राजीव इसका आयोजक था।



## पार्किंग में खड़ी बसों में लगी आग

**नई दिल्ली**। सरिता विहार थाना इलाके में स्थित आली गांव में पार्किंग में खड़ी एक बस में शनिवार को आग लग गई। देखते-देखते आग ने छह बसों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 12 गाड़ियां पहुंच गई। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में चार बसें जल कर खाक हो गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सरिता विहार थाना पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने का कारण पता लगा रही है।

## पूछताछ के लिए रोकने पर पुलिसकर्मियों पर हमला

- मिनी ट्रक के अदंर मिली पांच मृत गायें

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**। मायापुरी थाना इलाके में गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों को एक मिनी ट्रक चारों तरफ से बंद दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें पूछताछ के लिए रोकने की कोशिश की तो वह वहां से भागने लगे। इतना ही नहीं वे पुलिसकर्मियों पर ट्रक चढाने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिसकर्मियों ने बदमाशों पर जवाबी फायरिंग की। जिसके बाद बदमाश ट्रक छोड़ कर फरार हो गए। बदमाशों द्वारा छोड़े गए ट्रक की जांच करने पर पुलिस को ट्रक के अंदर से पांच मृत गाय मिली है। फरार बदमाश मेवाती गैंग से जुड़े बताये जा रहे है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह चार बजे मायापुरी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल मुकेश और कांस्टेबल मनोज इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक मिनी ट्रक में कुछ युवक संदिग्ध दिखाई दिये। पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें रूकने का इशारा किया, लेकिन वह वहां से भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस पर ट्रक में बैठे बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर खाली बोतल और पत्थरों से हमला कर दिया। जैसे ही बदमाश शिवाजी कॉलेज के पास पहुंचे तो उन्होंने उन पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिसकर्मियों की बाइक गिर गई। कांस्टेबल मनोज ने बदमाशों पर पांच राउंड फायरिंग की। जिसके बाद बदमाश वहां से भागने लगे। पुलिस को ट्रक से पांच मृत गाय मिली।

## पोल से टकराकर पलटी तेज रफ्तार कार, तीन दोस्त घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मयूर विहार थाना इलाके में शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार कार पोल से टकराने के बाद पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान कार में सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने तीनों को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीनों की हालत खतरे से बाहर है। घायल युवकों का नाम अतुल, प्रतीक और प्रतीक है। तीनों युवकों की उम्र 26-27 वर्ष है। सभी ने शराब पी हुई थी। बताया जा रहा है कि कार के एयरबैग खुलने के कारण युवकों की जान बची है। पुलिस ने चालक के खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने समेत विभिन्न संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात करीब 12:41 पर पुलिस को क्राउन प्लाजा के पास वाले फ्लाईओवर पर सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एक बलेनो कार को पलटा हुआ पाया। पुलिस तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल लेकर गई, जंहा उनका उपचार जारी है। जांच में पुलिस को पता चला है कि तीनों युवक गुरुग्राम से नोएडा जा रहे थे। पहले उन्होंने अक्षरधाम के पास अपने एक दोस्त को छोड़ा था। कार अतुल चला रहा था। पुलिस को कार से शराब की बोतलें भी मिली हैं।

- कार से मिली शराब की बोतलें



### कार ने ऑटो में मारी टक्कर

अरविंदो मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े एक ऑटो को जोदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो ने सीमेंटेड पिलर को तोड़त दिया। कार फिर फुटपाथ को तोड़ती हुई सड़क किनारे लगे पीने के पानी के वाटर कूलर को तोड़ती हुई रुक गई। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कार का एयरबैग खुल जाने के कारण कार सवार दो महिलाओं और दो युवक बाल-बाल बच गए, लेकिन हादसे में ऑटो चालक नवल किशोर (42) बुरी तरह से जख्मी हो गया, जिसे पुलिस ने इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उसका पैर और कमर की हड्डी टूट गई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस ने कार चला रही 38 साल की महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# लोगों के जीवन के साथ झोलाछाप डॉक्टर कर रहा था खिलवाड़, पुलिस ने मारा छापा तो हो गया था फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



### आठ माह बाद हुआ गिरफ्तार

सदर बाजार थाना पुलिस ने एक झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मदन ठाकुर है। पुलिस अधिकारी की माने तो गत जनवरी माह में दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के क्लीनिक पर रेड मारी थी। इसके बाद से आरोपी फरार था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने एक महिला डॉक्टर के पास कंपाउंडर का काम किया था, इसके बाद उसने अपना क्लीनिक खोल लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जनवरी माह में दिल्ली सरकार के ड्रग डिपार्टमेंट को सूचना मिली थी कि आरोपी मदन ठाकुर सदर बाजार इलाके में क्लीनिक खोलकर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। आरोपी के पास कोई भी डिग्री नहीं है। आरोपी बीमारियों के लिए भी ऐलोपैथिक दवाईयां दे रहा है। सूचना के बाद डीएमसी ने क्लीनिक पर छापेमारी कर भारी संख्या में दवाईयां के अलावा अन्य सामान बरामद किया। समय रहते आरोपी वहां से फारार हो गया। इधर सदर बाजार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मदन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप



### रामेश्वरम के लिए बुजुर्गों का जत्था हुआ रवाना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम यात्रा के लिए ट्रेन रवाना हो गई है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्रेन रवाना से होने से पहले यात्रा को जाने वाले बुजुर्गों से मिले। इस दौरान यात्रा को जाने वाले बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल से दुआएं दी है। वहीं उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि शनिवार को दिल्ली के बुजुर्गों का एक जत्था रामेश्वरम के लिए निकला है। एक बेटे के नाते मुझे बेहद खुशी होती है कि हमारे दिल्ली परिवार के बुजुर्गों को तीर्थ कराने का मौका मिल रहा है।

### केजरीवाल ने नहीं किया प्रदूषण रोकने के लिए कोई काम : गोयल

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद विजय गोयल ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि कि आने वाले दो सालों में दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बना दिया जायेगा। केन्द्र और दिल्ली में एक जैसी सरकार होगी तो रूके हुये कामों को गति मिलेगी और नये काम त्वरित गति से होंगे। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गत 55 माह में प्रदूषण रोकने के लिए काम नहीं किया। कमियों को छुपाने के लिए ऑड-ईवन लाकर ड्रामा रच रहे हैं, जबकि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ऊर्जा और संसाधन संस्थान और पर्यावरण संरक्षण रोकथाम और नियंत्रण प्राधिकरण ने भी राजधानी दिल्ली में ऑड-ईवन लागू होने से प्रदूषण में कमी आने को कारगर उपाय नहीं माना है।

### तस्करी की तीन अलग-अलग घटनाओं में दो विदेशी समेत छह लोग गिरफ्तार

# एयरपोर्ट पर तीन करोड़ का सोना जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली







दिल्ली हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी से जुड़ी तीन अलग-अलग घटनाओं में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए सोने की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। पहली घटना में बुधवार को दुबई से यहां पहुंचे दो यात्रियों को अधिकारियों ने रोका। अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत तलाशी लेने पर उनके पास से चार पारदर्शी थैलियां बरामद की गईं जिसमें 1,139 ग्राम वजन का भूरे रंग का पदार्थ मौजूद था जिसे लेकर संदेह पैदा हुआ कि यह केमिकल पेस्ट के रूप में सोना है। उन्होंने बताया कि इस पेस्ट से 584.4 ग्राम सोना निकला। अधिकारियों ने बताया कि सोने का एक लॉकेट (22 ग्राम) और सोने की चाभी भी मिली जिस पर चांदी का पानी चढ़ा हुआ था। उन्होंने स्वीकार किया कि सितंबर 2017 से सितंबर 2019 के बीच उन्होंने 1.08 करोड़ रुपये कीमत की व्यावसायिक वस्तुओं की तस्करी की। वहीं एक अलग मामले में दुबई से लौटे दो भारतीयों और उनके समान की तलाशी में 2,568 ग्राम वजन के दो सोने के कंगन और सोने की दो चेन बरामद हुईं जिसकी कीमत 92,72,740 रुपये आकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों को हवाईअड्डे पर लेने पहुंचे उनके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं तीसरे मामले में दो मध्य एशियाई महिलाओं को 1.8 करोड़ रुपये की कीमत के पांच किलोग्राम सोने की कथित तौर पर तस्करी के लिए गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि किर्गिस्तान और कजाखस्तान से आईं ये दोनों महिलाएं बुधवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर पहुंचीं। उन्हें सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका और उनकी और उनके समान की तलाशी के दौरान सोने की सात बेल्ट बरामद की गईं जिनका वजन 5,025 ग्राम था और उनकी कीमत 1,81,44,627 रुपये आकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने कमर में इन बेल्टों को बांधा हुआ था। ये सारा सोना सीमा शुल्क अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है।

### तिवारी ने केजरीवाल को पत्र लिख कर ऑड-ईवन योजना का किया विरोध

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को पत्र लिख कर ऑड-ईवन योजना को फिर से लागू करने के कदम पर पुनर्विचार करने को कहा है। उनका कहना है कि यह योजना लोगों के लिए समस्या पैदा करेगी। तिवारी ने केजरीवाल को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि यह दिल्लीवासियों का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाने की चालबाजी है।







# मूर्तियों को लैंडफिल साइट पर फेंका

### केजरीवाल सरकार को आड़े हाथ लिया, कांग्रेस ने छठ घाट पर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





गणेशोत्सव के बाद कृत्रिम तालाबों में इकट्ठी हुई मूर्तियों को लैंडफिल साइट (कूड़े का खत्ता) पर फेंकने पर दिल्ली कांग्रेस ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इसे आस्था से खिलवाड़ बताया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली का जीता जागता नमूना है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री केजरीवाल को कूड़े के खत्ते पर मूर्तियों को फेंकने की इतनी भारी गलती के लिए लोगों से माफी मांगनी चहिए। बाद में यादव तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कूड़े से दर्जनों मूर्तियों को उठाकर भलस्वा व बुराड़ी स्थित छठ घाटों पर विसर्जन किया। यादव ने कहा कि एनजीटी के आदेश के बाद केजरीवाल सरकार ने मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तलाब बनवाए, लेकिन इनमें विसर्जित की कई मूर्तियों को खत्ते पर डालना बेहद घटिया मानसिकता का प्रमाण है। केजरीवाल को चाहिए था की इन मूर्तियों को कहीं उचित जगह पूरी मर्यादा के साथ विसर्जित करवाते। यादव ने कहा कि लेकिन हमेशा से लोगों की भावनाओं के सहारे सत्ता तक पहुंचने वाले केजरीवाल सरकार से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। जहां एक तरफ केजरीवाल व भाजपा नेता गणेश उत्सव को लेकर बड़े बड़े पोस्टरों व बैनरों पर शुभकामनाएं दे रहे थे व हीं दूसरी तरफ अराध्य गणेश जी की मूर्तियों को कूड़े के खत्ते पर फिकवा दिया। इस कृत्य में भाजपा भी बराबर की दोषी है।

# रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दे सकता है केंद्र!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम जल्द ही बाहरी दिल्ली के लाखों लोगों को भी बड़ा तोहफा देने जा रहा है। दरअसल, मेट्रो से कनेक्टिविटी के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे बाहरी दिल्ली के लाखों लोगों की सुविधा के मद्देनजर रिठाला और नरेला कॉरिडोर को जल्द ही मंजूरी मिल सकती है। इस कॉरिडोर के बनने से न केवल बाहरी दिल्ली के बल्कि पूरी दिल्ली के लोगों को लाभ होगा। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि केंद्र सरकार जल्द ही मेट्रो के फेज-4 के तहत प्रस्तावित रिठाला-बवाना-नरेला कॉरिडोर को पास करने वाली है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मानें तो केंद्र सरकार अगले कुछ महीनों में इस रिठाला-नरेला कॉरिडोर प्रोजेक्ट को मंजूरी दे देगी। जाहिर इससे न केवल बाहरी दिल्ली में रहने वाले लोगों को भी मेट्रो कनेक्टिविटी का फायदा मिलेगा, बल्कि इस इलाके का भी तेजी से विकास होगा। करीब 21.7 किमी लंबे रिठाला-बवाना-नरेला कॉरिडोर पर 16 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे। वर्तमान में रोहिणी सेक्टर-24, सेक्टर-26, सेक्टर-31, सेक्टर-32, सेक्टर-36, सेक्टर-37, बरवाला पूंठ खुर्द, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया-1, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया-2, बवाना, बवाना जेजे कॉलोनी, सनौठ, न्यू सनौठ कॉलोनी, अनाज मंडी और नरेला मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। ता दें कि 21.7 किमी लंबे रिठाला-बवाना-नरेला कॉरिडोर पर 16 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे। ये सभी एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह भी बता दें कि मेट्रो के फेज-4 के तहत कुल 103.94 लंबी नई मेट्रो लाइनें बिछाई जानी है। इसके बाद दिल्ली मेट्रो दुनिया के पहले चार बड़े मेट्रो रेल नेटवर्क में शुमार हो जाएगी।







## बाबर रोड के साइन बोर्ड को हिंदू सेना ने किया काला





नई दिल्ली। दक्षिणपंथी संगठन हिंदू सेना ने शनिवार को बंगाली मार्केट में बाबर रोड के 'साइन बोर्ड' को काले रंग से पोत दिया। संगठन की मांग है कि इसका नाम 'किसी महान भारतीय व्यक्ति' के नाम पर रखा जाए। हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि वह इसका नाम बदलें क्योंकि यह एक विदेशी आक्रामणकारी के नाम पर है। इसका नाम किसी महान भारतीय व्यक्ति के नाम पर रखें। उन्होंने कहा कि इसलिए हमने एनडीएमसी द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड को काला कर दिया। इस तरह के साइन बोर्ड की देखरेख करने वाले नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के अधिकारी अभी इस पर टिप्पणी करने के लिए उपबल्ध नहीं हैं।

### राजधानी में आज बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार का दिन उमस भरा रहा, जहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम में सामान्य से एक डिग्री अधिक है जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक यानी 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता 80 से 63 प्रतिशत के बीच घटती-बढ़ती रही। मौसम अधिकारियों ने रविवार को बादल छाये रहने के साथ हल्की बारिश होने तथा अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 एवं 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान लगाया है।







### शीर्ष 10 की सूची में दो और सरकारी स्कूल शामिल

# दिल्ली के स्कूल ने मारी सर्वश्रेष्ठ सरकारी स्कूलों की रैंकिंग में बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सीएम केजरीवाल ने दी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और अधिकारियों को बधाई

एजुकेशन वर्ल्ड के द्वारा तैयार इंडिया स्कूल रैंकिंग-2019 में देश के टॉप 10 सरकारी स्कूलों में दिल्ली के तीन स्कूल शामिल हैं। इसमें राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय (आरपीवीवी) सेक्टर-10 द्वारका ने लगातार दूसरे साल भी नंबर-1 की रैंक हासिल की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर दी। उन्होंने दिल्ली के स्कूलों को शीर्ष सरकारी स्कूलों के रूप में दर्जा मिलने पर शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और अधिकारियों को बधाई दी। वहीं, एजुकेशन वर्ल्ड की रैंकिंग में राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय लाजपत नगर और रोहिणी की रैंकिंग में भी सुधार हुआ हैं। आरपीवीवी लाजपत नगर ने एक स्थान की छलांग लगाकर पांचवे स्थाना पाया है। जबकि आरपीवीवी रोहिणी 7वें स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हो गया। शिक्षाविदों, अध्यापकों और परिजनों का यह पोर्टल हर साल स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है।

#### रैंकिंग के बनाए गए थे 14 पैरामीटर

रैंकिंग 14 पैरामीटर पर बनाए गए अंकों के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। इसमें टीचर वेलफेयर एंड डेवलपमेंट, टीचर की क्षमता, एकेडमिक रेपुटेशन, को-करिकुलर एजुकेशन, स्पोर्ट्स एजुकेशन, लाइफ स्कील एजुकेशन, स्टूडेंट्स पर व्यक्तिगत अटेंशन, स्कूल लीडरशिप/मैनेजमेंट, पैरेंट्स इनवालमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतर्राष्ट्रीयता, स्पेशल नीड्स एजुकेशन, वैल्यू फार मनी व कम्यूनिटी सर्विसेस शामिल हैं।

#### हिमाचल सरकार शुरू करेगी हैप्पीनेस कार्यक्रम सिसोदिया ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** हिमाचल सरकार अपने स्कूलों अगले शिक्षण सत्र से हैप्पीनेस कार्यक्रम शुरू करने की योजना बनाने पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को हिमाचल सरकार को बधाई दी है। सिसोदिया ने एक खबर को ट्वीट कर कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार वहां पढ़ने वाले लाखों छात्रों के लिए हैप्पीनेस कार्यक्रम के लिए अपनी बाहें खोलना, एक स्वागत योग्य समाचार है। छात्रों के लिए शिक्षा में एक बदलाव लाने के लिए इस पहल पर हम हिमाचल सरकार को बधाई देते हैं। सिसोदिया ने ट्वीटर पर टैग की खबर में बताया गया है कि शैक्षणिक तनाव से निपटने के लिए छात्रों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से, हिमाचल प्रदेश सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में 'खुशी पाठ्यक्रम' शुरू करने की योजना बना रही है।

#### 24 को आरडब्ल्यूए को संबोधित करेंगे सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के डेंगू विरोधी अभियान को तेज करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस महीने की 24 तारीख को निवासी कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) को संबोधित करेंगे। आम आदमी पार्टी की सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने आरडब्ल्यूए की शीर्ष निकाय ऊर्जा एवं सिटिजन अलायंस के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है। इसका मकसद पूरी दिल्ली में आरडब्ल्यूए तक व्यापक स्तर पर पहुंच बनाना है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन आरडब्ल्यूए निकायों ने सरकार को अपने तहत आने वाले संगठनों को पहुंचने में मदद करने के लिए अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है और उन्हें डेंगू तथा चिकनगुनिया जैसी विषाणु जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के डेंगू विरोधी अभियान को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिल रहा है। आरडब्ल्यूए की भागीदारी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह वास्तव में एक जन अभियान बन जाए। बयान में कहा गया है कि इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 24 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम आरडब्ल्यूए सदस्यों को संबोधित करेंगे।

## खबर संक्षेप



### हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गुरुग्राम।** सलवान पब्लिक स्कूल में बड़े जोश व उत्साह के साथ हिंदी दिवस मनाया। सर्वप्रथम हिंदी की अस्मिता पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। हिंदी के महत्व को उजागर करती हुई कविताओं का गायन व मंचन किया गया। हिंदी महीनों के नाम, ऋतुओं के नाम, ईसा व इसा पूर्व की जानकारी व हिंदी के नवरसों को उजागर करती हुई प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी के साथ कक्षा प्रथम के लिए विज्ञापन, द्वितीय के लिए वस्तु दिखाकर उसके बारे में बताना, तीसरी का बुक मार्क व उस पर सुविचार लिखना कक्षा चौथी व पांचवीं के लिए पोस्टर निर्माण हिंदी माथे की बिंदी व भारत का गौरव हिंदी विषय रखे गए। स्कूल की प्रधानाध्यापक रश्मि मलिक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ मूल्याधारित शिक्षा व संस्कार देकर उनके सर्वांगीण विकास में योगदान देते हैं, ताकि उनका संपूर्ण व्यक्तित्व निखर सके यही स्मृतियां हमेशा पटल पर रह जाती हैं।

### नोएडा में 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा लापता

**नोएडा।** नोएडा के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा शुक्रवार रात से लापता है। वह घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन लौटकर वापस नहीं आई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नोएडा के थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली अंजली तिवारी (18 वर्ष) शुक्रवार रात को अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन वह घर लौट कर वापस नहीं आई। थाना प्रभारी ने बताया कि अंजली 12वीं कक्षा की छात्रा है। इस मामले में उसके पिता ने थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 18 किलोग्राम गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सूरजपुर पुलिस ने शनिवार को दो गांजा तस्करों को



गिरफ्तार करके उनके पास से 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे यह गांजा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों को बेचते थे। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दीक्षित ने बताया कि शनिवार को थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर 144 के पास से एक दंपति को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सत्यदेव साहनी और जोशना है। उन्होंने बताया कि दोनों पति- पत्नी के पास से पुलिस ने 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि ये लोग बिहार से गांजा लाकर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचते हैं।

### तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता मेला संपन्न



**गाजियाबाद।** स्थानीय संजय नगर सेक्टर-23 स्थित रामकिशन इंस्टीट्यूट स्कूल परिसर में चल रहे तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता मेला 2019 शनिवार को यहां संपन्न हो गया। इस मेले का आयोजन स्पेशल डाटा रिसर्च टैक्नोलोजी एवं आरकेआई ने संयुक्त रूप से किया था। इस मेले में हॉटसिटी के तीस विद्यालयों ने भाग लिया। इस मेले में ब्लूम पब्लिक स्कूल ने प्रथम , संस्कार ने द्वितीय और ग्रीन फील्ड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेले में भाग लेने वाले सभी स्कूलों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की।

# गुरुग्राम: रेस्त्रां में अवैध तरीके से आयोजित पार्टी का भंडाफोड़, चार कर्मचारी गिरफ्तार

एजेंसी/हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस ने एक रेस्त्रां में आयोजित पार्टी का भंडाफोड़ किया जहां अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रेस्त्रां के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि 43 युवा बांधवाढ़ी गांव के मन्नत पार्क के भीतर बने 'द पूल साइड' रेस्त्रां में पार्टी करने के लिए इकठ्ठे हुए। पुलिस ने अवैध तरीके से पार्टी आयोजित होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद यहां छापेमारी की। उन्होंने कहा कि 34 लड़के और नौ लड़कियां पूल के पास तेज संगीत के बीच शराब पी रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि इन 43 लोगों को अवैध पार्टियों का हिस्सा नहीं बनने की चेतावनी के साथ छोड़ दिया गया। ये सभी दिल्ली, गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अन्य हिस्सों के निवासी थे। गुरुग्राम पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी सुभाष बोकन ने कहा कि रेस्त्रां से बीयर की कुल 120 बोतलें बरामद की गईं।
उन्होंने बताया कि रेस्त्रां का मालिक और प्रबंधक फरार हो गए। बोकन ने बताया कि प्रबंधक एवं मालिक समेत रेस्त्रां के छह कर्मचारियों के खिलाफ आबकारी कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि रेस्त्रां के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मालिक की तलाश जारी है।

*पार्टी में 34 युवक एवं 9 युवतियां शामिल थीं। सभी शराब के नशे में धुत थे। उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया जबकि फार्म हाउस के चार कर्मचारियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान हरीश व मुकेश, हिमांशु एवं हरियाणा के रोहतक जिले के गांव इस्माइला निवासी विश्वजीत के रूप में की गई।*

## लड़के-लड़कियों को चेतावनी के बाद छोड़ा



शुक्रवार को गुरुग्राम के रेस्त्रा में शराब पार्टी के दौरान पकड़े गए युवक।

**'जैसी सूचना मिली, वैसा ही माहौल था'**

शुक्रवार को डीएलएफ फेज-एक थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव बंधवाड़ी के नजदीक एक पार्क में बने रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पार्टी चल रही है। काफी संख्या में युवक व युवती शराब के नशे में धुत होकर डांस कर रहे हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। इलाके के सहायक पुलिस आयुक्त करण गोयल सहित कई अधिकारी पहुंचे। जैसी सूचना थी वैसा ही माहौल था।

## हनी ट्रैप में फंसाकर 40 लाख रुपये की मांग करने वाली महिला गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** हनी ट्रैप में फंसाकर एक युवक से 40 लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत सामने आते ही सदर थाना पुलिस ने जाल बिछाया। शुक्रवार शाम युवक को एक लाख रुपये देकर सेक्टर-17 इलाके में महिला के पास भेजा। पैसे पकड़ते ही महिला को काबू कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया। महिला आपत्तिजनक फोटो को आधार बनाकर झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी भी दे रही थी। उससे एक लाख रुपये के साथ ही एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। शुक्रवार सुबह सदर थाना पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक युवक की सेक्टर-39 में वर्कशॉप है। उसके सामने ही एक पीजी है जिसमें महिला रहती है। दो महीने पहले महिला से उसकी दोस्ती हो गई। धीरे-धीरे दोनों में शारीरिक संबंध स्थापित हो गए। इसके बाद महिला कहने लगी कि शारीरिक संबंध स्थापित होने के फोटो उसके पास हैं।

## 'खोड़ा के विकास की जिम्मेदारी ले नोएडा विकास प्राधिकरण'

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी अजय शंकर पाण्डेय ने शासन को पत्र लिखा है कि खोड़ा कॉलोनी के विकास की जिम्मेदारी नोएडा विकास प्राधिकरण को सौंपी जाने का अनुरोध किया गया है।



▶▶ **गाजियाबाद के डीएम ने शासन को लिखा पत्र**

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय खोड़ा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता पर ले रहे हैं। खोड़ा क्षेत्र की समस्याओं को सुनने के लिए नियमित मजिस्ट्रेट की तैनाती भी उन्होंने की है। साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी नियमित रूप से समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित रहने की प्रक्रिया शुरू की है। इसी श्रृंखला में खोड़ा क्षेत्र के नियमित विकास के लिए व चल रही अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए नोएडा विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी सौपने का अनुरोध भी शासन से किया है। पत्र में जिलाधिकारी ने पत्र हवाला दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार, उद्योग अनुभाग - 2 द्वारा अधिसूचना जरी की गई थी। जिसमें साफ निर्देश है कि गाजियाबाद जिले में दादरी तहसील के नीचे अनुसूची में उल्लिखित ग्राम औद्योगिक विकास क्षेत्र होंगे जो 'न्यू ओखला औद्योगिक विकास क्षेत्र' का अंश होगा। इस अनुसूची के 45 वे क्रमांक पर खोड़ा का भी उल्लेख है तथा क्षेत्रफल 1054 एकड अंकित है। उन्होंने शासन से अनुरोध किया है कि अधिसूचना के आधार पर नोएडा विकास प्राधिकरण को खोड़ा क्षेत्र के लिए अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए निर्देशित किया जाए।

## 13 किलोमीटर लंबी सड़कें बनवाएंगी विधायक त्रिखा

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**फरीदाबाद।** बडखल की विधायक सीमा त्रिखा ने शनिवार को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सैनिक कॉलोनी में शनिवार को सैनिक कॉलोनी सोसायटी में पड़ने वाली सभी सड़कों के सीमेंटिंड से निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। करीब 13 किलोमीटर लंबी इन सड़कों पर 17 करोड़ की लागत आएगी। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री व विधायक सीमा त्रिखा का गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। मालूम हो कि सैनिक कॉलोनी सोसायटी में लगभग 15 हजार लोग रहते हैं।



**वर्षो से सोसायटी को निगम के अधीन करने की उठ रही थी मांग**

35 वर्ष से यहां के लोग इस सोसायटी को नगर निगम के अधीन किए जाने की मांग कर रहे थे। यहां से अनेकों मंत्री और विधायक इस मांग को पूरा करने के लिए मात्र लोगों को कोरे आश्वासन ही देते रहे।

## शराब के नशे में चालक ने बच्ची को कुचला

**गुरुग्राम।** गांव सिलोखरा के बाजार के सामने स्कोडा कार ने पांच वर्षीय बच्ची सहित तीन लोगों को टक्कर मार दी। घायलों में बच्ची की मां भी शामिल है। सभी घायलों को नजदीक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। चालक शराब के नशे में थे। उसे लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया।



सूचना मिलते ही सेक्टर-40 थाना पुलिस पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान मूल रूप से बिहार के बेगूसराय जिले के गांव मिर्जापुर घाट निवासी जावेद के रूप में की गई। उसे शनिवार दोपहर अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया। कार पुलिस ने जब्त कर ली है।

## न्यूज डायरी

### आगरा नहर से युवक का शव मिला

**फरीदाबाद।** थाना सदर एरिया के शाहपुर कलां गांव के निकट से गुजरने वाली आगरा नहर में शनिवार को बहे जा रहे एक युवक के शव को निकालकर पुलिस ने पहचान के लिए बीके अस्पताल में रखवाया है। पुलिस के अनुसार उसकी उम्र 18 साल के आसपास मानी मानी जा रही है। मृतक ने काली पेंट पहनी हुई है। मौत के कारणों का खुलासा पहचान और पोस्टमॉर्टम के बाद हो सकेगा।

### नाबालिग ने रिश्तेदार पर लगाया रेप का आरोप

**फरीदाबाद।** सदर थाना एरिया के एक गांव में रहने वाली 16 साल की लड़की के साथ यूपी में रहने वाले रिश्तेदार ने घर में आकर छेड़खानी की। आरोपी ने लड़की से एक साल पहले रेप भी किया था, मगर तब यह लड़की डर की



वजह से चुप रही। छेड़खानी होने पर लड़की ने अपने परिजनों को बता दिया। परिजनों की मदद से पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक फरीदाबाद की किसी कंपनी में काम करता है। रिश्तेदारी की वजह से वह उनके घर पर भी आता जाता था। आरोप है कि करीब एक साल पहले इस युवक ने लड़की को घर पर अकेला पाकर छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत की। और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी युवक 9 सितंबर को उनके घर पर फिर से आ गया। तब भी लड़की घर पर अकेली थी। आरोप है कि युवक ने आते ही उसे दबोच लिया। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। उसने विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करवाने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसने जोर जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। पकड़े जाने के डर आरोपित उसे छोड़ कर फरार हो गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला पर पति ने की फायरिंग

**फरीदाबाद।** तिगांव रोड स्थित श्मशान घाट के सामने शुक्रवार रात को कार में जा रही महिला पर उसके पति ने फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि



गोली किसी को लगी नहीं। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से गोली का खोल भी कब्जे में लिया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति व उसके दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सिटी थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर-11 निवासी राजेश मलिक की बेटी दीक्षा मलिक ने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने मौसा पवन डागर व बच्चों के साथ खरीदारी करने के लिए बल्लभगढ़ जा रही थी। जब वह तिगांव रोड स्थित श्मशान घाट के सामने पहुंची, तभी उसका पति कुनाल तेवतिया निवासी सीही अपनी गाड़ी से पीछा करता हुआ आ गया। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसे जान से मारने की नीयत से गाड़ी पर गोली चला दी। हालांकि गोली उनकी गाड़ी के पास से निकल गई और कोई हताहत नही हुआ। गोली चलाने के बाद आरोपित अपनी गाड़ी में फरार हो गया। उसके पति से उसका कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि उसका पति उस पर लगातार तलाक लेने के लिए दवाब बना रहा है। दीक्षा मलिक के मौसा ने वारदात की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से गोली का एक खोल भी कब्जे में लिया। पीड़िता महिल ने अपने पति कुनाल व उसके दोस्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की लिखित शिकायत दी। जांच अधिकारी एएसआई मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भाजपा का सेवा सप्ताह शुरू

## राज्यमंत्री ने बांटे महिला अस्पताल में मरीजों को फल



**गाजियाबाद।** मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी का सेवा सप्ताह कार्यक्रम शनिवार को शुरू हो गया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने अपने विधानसभा में स्थित संयुक्त महिला चिकित्सालय में जाकर मरीजों को फल वितरित किए।

अतुल गर्ग अपनी धर्म पत्नी सुधा गर्ग के साथ महिला चिकित्सालय पहुंचे जहां उन्होंने इलाज के आयी महिलाओं से चिकित्सालय से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा सरकार द्वारा महिलाओं को दी जा रही योजनाओं की बारे में विस्तृत रूप से बताया। मंत्री ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं को फल भी वितरित किए। अतुल गर्ग ने इस अवसर पर इलाज के लिए आयी महिलाओं को बताया कि आवश्यकता पड़ने पर वह 108 नंबर पर फोन करके एंबुलेंस को बुला सकती हैं।

बॉक्सिंग संघ की मीटिंग संपन्न

## 'विश्व किक बॉक्सिंग कप में खेलेंगे प्रदेश के छह खिलाड़ी'



**फरीदाबाद।** आगामी विश्व किक बॉक्सिंग कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के छह खिलाड़ियों सुश्री मोनल कुकरेजा, आकाश जाखड़, सुश्री नेहा सैनी, रविंद्र सिंह, निश्चल कुमार एवं सुश्री कुसुम को हरियाणा किक बॉक्सिंग संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इस बार विश्व किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता रुस, बोस्निआ व हर्जेगोविना में आयोजित की जाएगी। शनिवार को हरियाणा किक बॉक्सिंग संघ की 20 वीं वार्षिक आम साधारण सभा का आयोजन अरावली गोल्फ क्लब, फरीदाबाद में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मेहता की अध्यक्षता में किया गया। वाको इंडिया किकबॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने कहा कि किकबॉक्सिंग एक अंतर्राष्ट्रीय खेल है।

सफाई व्यवस्था का है बुरा हाल : कुलदीप जांघू

## गुरुग्राम में कूड़े के निस्तारण को लेकर किया प्रदर्शन



**गुरुग्राम।** प्रदेश को सबसे अधिक राजस्व देने वाले गुड़गांववासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। नगर निगम के अधीन आने वाले आस-पास के गांवों में तो हालात और भी खराब हैं। बरसात के पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। गंदा पानी सड़कों पर भरा रहता है। जिला प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद भी समस्याओं का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। उक्त बात श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने ओल्ड दिल्ली रोड स्थित सेक्टर 18 में सरहौल शनि मंदिर के पास फैले कूड़े के ढेर दिखाते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से भी कई बार शिकायत कर ली है, लेकिन कूड़े के ढेर कम होने की बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालकों को कूड़े से उठती बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने नए नियमों के प्रति वाहन चालकों को किया जागरुक

# शनिवार को समझाया, आने वाले दिनों में थमाएंगे चालान

कहीं गुलाब का फूल देकर तो कहीं माला पहनाकर वाहन चालकों को किया सचेत

**फरीदाबाद।** एक सितंबर से मोटर व्हीकल नियमों में हुए बदलाव को लेकर पुलिस महानिदेशक मनोज यादव के आदेश अनुसार फरीदाबाद पुलिस वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरुक कर रही है। पुलिसकर्मी कहीं गुलाब का फूल देकर तो कहीं माला पहनाकर वाहन चालकों को सड़क यातायात नियमों के पालन के प्रति सचेत कर रहे हैं। पुलिस कर्मचारी बातों ही बातों में वाहन चालकों को बता रहे है कि आज वह उन्हें समझा रहे है, अगर वह नियमों का पालन करेंगे तो ठीक, अन्यथा उन्हें आने वाले दिनों में बड़े चालान के लिए तैयार रहना होगा। शनिवार को डीसीपी ट्रैफिक, एसएचओ



ट्रैफिक एवं अन्य ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन कमेटी एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर यातायात के नए नियमों से संबंधित चालकों को जागरूक किया। जागरूक अभियान में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को रोककर चालान करने की बजाय उनको हरियाणा मोटर अधिनियम 2019 के बारे में बताया जा रहा है ताकि वाहन चालक ऐसी गलतियों को दोबारा से ना दोहराए। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मी एवं अन्य सामाजिक संस्थाएं ने फ्लेक्स बोर्ड, पेपर, सोशल मीडिया, रैली, इत्यादि के माध्यम से वाहन चालको को जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता के लिए कॉलेज के छात्र और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सड़कों पर ट्रैफिक चेक करते समय उल्लंघनकर्ताओं को शिक्षित करने में पुलिस की सहायता करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर शामिल भी किया गया है। पुलिस आयुक्त केके राव ने कहा कि हालांकि संशोधित अधिनियम के तहत नए प्रावधानों के बारे में काफी संख्या में लोग जागरूक भी हैं, फिर भी हमारा उद्देश्य फरीदाबाद में प्रत्येक वाहन चालक को कवर कर उन्हें नए मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों के बदलाव बारे जागरूक करना है जोकि निश्चित रूप से वाहन चालकों को सभी प्रकार से अधिक सुरक्षा प्रदान करता है। यह जागरुकता अभियान रविवार को भी जारी रहेगा।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं मिलने से बाइकर्स हलकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

एजेंसी द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट उपलब्ध नहीं करा जाने पर दुपहिया वाहन चालक हलकान हैं। महिनों एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद वाहन चालकों को उक्त प्लेट मुहैया नहीं हो सकी है। जिसके चलते उन्हें परेशानी हो रही है।

बाइक खरीदार राजेश पटेल के मुताबिक उन्होंने दिसंबर 2018 में एमजी रोड पर ऑटो नीड्स एजेंसी से हीरो की स्पलेंडर बाइक खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने सभी जरूरी कागजात भी एजेंसी में तुरंत जमा करवा दिए थे। एजेंसी की ओर से ही बाइक की नंबर प्लेट बना कर दी जानी थी। उनका कहना है कि आज नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन एजेंसी की तरफ से उन्हें बाइक की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं दी गई है। इसका खामियाजा उन्हें सड़कों पर चलते हुए भुगतना पड़ रहा है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के पुलिस भी चालान काटने में कोई रियायत नहीं बरतती। इसलिए वे जब भी घर से निकलते हैं तो उन्हें पुलिस नाकों से भी बचकर निकलना पड़ता है। यानि वे आजादी के साथ अपनी बाइक पर सड़कों से नहीं गुजर सकते। राजेश पटेल के मुताबिक ऐसा सिर्फ उन्हीं के साथ नहीं हो रहा, बल्कि और भी सैकड़ों बाइक खरीदार हैं, जिन्हें ऑटो एजेंसी की तरफ से महीनों से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं दी गई है। इस समय अंतराल में वे अनेकों बार एजेंसी के चक्कर भी लगा चुके हैं। वहां पर स्टाफ और प्रबंधन कोई ठोस जवाब नहीं देता है। उनका कहना है कि ठोस जवाब देने की बजाय स्टाफ बाइक खरीदारों के साथ झगडा करने पर उतारू हो जाता है।

**खबर संक्षेप**



## जिलों में खादी के आउटलेट खोले जाएंगे

**चंडीगढ़।** उद्योग, वाणिज्य, पर्यावरण एवं कौशल विकास मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के सभी 22 जिलों में खादी को बढ़ावा देने के लिए आउटलेट खोले जाएंगे। उद्योग मंत्री हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्वर्ण जयंती वर्ष में पंचकूला में सेक्टर 1, 2, 5 व 6 चौक पर खादी का प्रतीक अम्बर चरखा का अनावरण करने बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। स्टेनलैस स्टील से बने इस चरखे पर खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लगभग 13 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष पंचकूला में खादी का प्रथम बिक्री केन्द्र खोला गया था और इसके सार्थक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष झज्जर में दूसरा आउटलेट खोला जाएगा। उन्होंने इस आउटलेट के लिए झज्जर की महिला उद्यमी सोमवती को स्वीकृति पत्र भी भेंट किया।

## पत्नी को अश्लील मैसेज भेजने पर केस दर्ज

**जींद।** पत्नी की ईमेल आईडी पर अश्लील एमएमएस भेजने पर महिला थाना पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गार्ड लाइन निवासी सालनी ने महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी पंचकूला निवासी कृष्ण कोहली के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद उसकी पति के साथ खींचतान हो गई और वह अपने मायके में रहती है। पिछले दिनों उसके पति कृष्ण कोहली ने उसके मेल आईडी पर अश्लील वीडियो भेज दी थी।

## लुधियाना के शॉपिंग मॉल में व्यक्ति की गोली मार कर हत्या

**लुधियाना।** लुधियाना में एक शॉपिंग मॉल में शुक्रवार को झड़प के बाद एक 42 वर्षीय व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार अभी तक हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है। दलजीत सिंह नामक व्यक्ति पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली चलाई गयी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। वारदात शुक्रवार रात को एक मॉल के रेस्त्रां में हुई जब दलजीत सिंह और अभियुक्त के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भिवानी में डीजे बंद करवाने पहुंची पुलिस टीम को धुना, आरोपितों को छुड़वाया

## घायल पुलिस कर्मचारी अस्पताल में भर्ती, ग्रामीणों ने वाहन को क्षतिग्रस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा (भिवानी)

- जमालपुर में पारिवारिक समारोह में शुक्रवार रात एक बजे बज रहा था डीजे

गांव जमालपुर में रात को सवा एक बजे डीजे बंद करवाने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आई। हालांकि पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव करके दोनों आरोपियों को छुड़ा लिया। पुलिस ने घायल साथियों को इलाज के लिए सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को नामजद सहित एक दर्जन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरी तरफ मामले की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षित आईएएस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की तहकीकात में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार रात को करीब एक बजकर दस मिनट पर बवानीखेड़ा पुलिस के बाइक राइडर गश्त के दौरान गांव जमालपुर पहुंचे। गांव जमालपुर में हैफेड गोदाम के पास विष्णु के पुत्र सोनू के यहां पारिवारिक समारोह था। वहां पर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। कुछ लोग तेज आवाज में डीजे के आगे नाच रहे थे। पुलिस राइडरों ने ग्रामीणों से डीजे बंद करने के लिए कहा, लेकिन ग्रामीणों ने डीजे बंद करने की बजाए पुलिस कर्मचारियों से उलझ गए। राइडर प्रदीप व अर्जुन ने मौके पर जाकर आयोजकों को बताया कि डीजे केवल रात 10 बजे तक बजाया जा सकता है। इसके बाद यह कानूनी रूप से गलत है। इसे बंद कर दिया जाए। इसी दौरान सोनू व बिट्टू पुलिसवालों से जिरह करने लगे और उलझ गए। घटना की जानकारी मिलते ही समारोह स्थल से 25-30 ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस कर्मचारियों ने घटना की जानकारी बवानीखेड़ा थाना के एसएचओ को दी। कुछ ही देर में एएसआई सुरेश, मुख्य सिपाही सुरेंद्र व गृहरक्षी कुलदीप गांव जमालपुर पहुंचे। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया और जीप में बैठा लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने जीप पर पथराव कर दिया। जीप के शीशे तोड़ दिए। ग्रामीणों के हमले में घायल सहायक उपनिरीक्षक सुरेश, मुख्य सिपाही सुरेंद्र व होमगार्ड कुलदीप को तत्काल उपचार के लिए चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की गहन छानबीन करने में जुटी हुई हैं।





बवानीखेड़ा। अस्पताल में उपचाराधीन घायल पुलिस कर्मचारी और इनसेट में क्षतिग्रस्त वाहन

**छह लोगों पर केस दर्ज:** बवानीखेड़ा के थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि के बाद जमालपुर के वार्ड नंबर 3 में समारोह में जोर-जोर से डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान बवानीखेड़ा थाना के राइडर गश्त पर थे। इसी दौरान जमालपुर टी-प्वाईट पर तीन युवक जमालपुर की तरफ से बाईक पर सवार होकर हुड़दंगबाजी करते हुए आए। राइडर ने उन्हें रोककर शोर मचाने से मना किया तो वे उनसे उलझ गए। इसी दौरान राइडर पर तैनातकर्मियों ने इसकी सूचना बवानीखेड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद बवानीखेड़ा पीसीआर मौके पर पहुंची तो वहां पर 15-20 ग्रामीण युवक मौजूद थे। उन्होंने पुलिस पर पथराव करते हुए पीसीआर के शीशे तोड़ दिए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना के बाद आईपीएस वरुण सिंगला मौके पर पहुंचे व स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी बलजीत ने बताया कि पुलिस पर हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में छह को नामजद व एक दर्जन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

**दस बजे के बाद नहीं बजा सकते डीजे:** यहा यह बताना जरूरी है कि रात दस बजे के बाद कहीं पर भी डीजे नहीं बजाया जा सकता। जिसकी वजह से किसी को परेशानी हो। ऐसी जगह पर डीजे बजाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने दिशा-निर्देश जारी किए हुए है। अगर कोई देर रात को डीजे बजाता पाया जाता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा के वित्तमंत्री ने दिया तोहफा

## एसआईएम का वेतन 14 हजार रुपये बढ़ाया

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने शनिवार को स्कूल इंफोर्मेशन मैनेजर्स (एसआईएम) का पारिश्रमिक करीब 14 हजार रुपये



बढ़ाकर 22,050 से बढ़ा 36,050 रुपये प्रति माह करने का फैसला किया है। इसके अलावा इन्हें एक हजार रुपये मेडिकल भत्ता भी दिया जाएगा। यह लाभ एक अप्रैल, 2019 से दिया जाएगा। प्रदेश में एसआईएम के 1487 पद स्वीकृत हैं जिन्हें यह लाभ दिया जाएगा। वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने यह ऐलान करते हुए कहा कि इससे एसआईएम को सालाना करीब 12 करोड़ का लाभ होगा। वहीं कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल तक के पुलिस कर्मियों को 3000 सालाना और सहायक सब इंस्पेक्टर के पद से इंस्पेक्टर के पद तक 4000 वार्षिक भत्ता देने का फैसला किया है।

# क्रिकेटर कपिल देव होंगे राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के चांसलर

**चंडीगढ़।** प्रदेश के खेल मंत्री अनिल विज ने राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में क्रिकेटर कपिल देव को चांसलर नियुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कपिल से इस संबंध में उनकी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बात हो गई है। उल्लेखनीय है कि सोनीपत राई खेल विश्वविद्यालय से जुड़े विधेयक को इस बार के मॉनसून सत्र में पेश किया गया था। जिसके बाद सूबे की मनोहरलाल सरकार ने यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर के साथ चांसलर की भी नियुक्ति करने का फैसला लिया था।



### राई में बनेगा विवि

सोनीपत राई में चल रहे मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स कैंपस में यूनिवर्सिटी की स्थापना होगी। 350 एकड़ जमीन पर 630 करोड़ की लागत से यूनिवर्सिटी बनेगी। यह देश की तीसरी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होगी। इससे पहले गुजरात में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी व चेन्नई में तमिलनाडु फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित हो चुकी है। बता दें कि कपिल देव रामलाल निखंज पूर्व क्रिकेटर हैं। भारत ने अपना पहला वर्ल्ड कप 1983 में उनकी कप्तानी में ही जीता था। साल 2002 में विस्डन ने कपिल को क्रिकेट जगत से सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना।

# अकाल तख्त से संपर्क करेगा एसजीपीसी

- पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों के अगली बैठक में नहीं आने पर जताई नाराजगी

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शनिवार को कहा कि इस साल नवंबर में आयोजित होने वाले गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व समारोह को अंतिम रूप देने के लिए समन्वय समिति की बैठक के लिए पंजाब सरकार अगर फिर से अपना प्रतिनिधि नहीं भेजती है, तो वह इस मुद्दे को अकाल तख्त में लेकर जाएगी । सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था में जाने की धमकी देते हुए एसजीपीसी ने कहा कि यदि 17 सितंबर को अमृतसर में होने वाली बैठक में राज्य सरकार प्रतिनिधियों को नहीं भेजती है तो उनकी अनुपस्थिति का यह तीसरा मौका होगा। सरकार के प्रतिनिधि 14 अगस्त और छह सितंबर की एसजीपीसी की बैठकों में शिरकत में विफल रहे थे । एसजीपीसी के अध्यक्ष गोबिंद सिंह लौंगोवाल ने शनिवार को कहा, ‘‘17 सितंबर को होने वाली समन्वय समिति की बैठक में अपने दो प्रतिनिधियों को भेजने के लिए हमने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है ।'' लौंगोवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया, ‘‘राज्य सरकार अगर अपने प्रतिनिधि भेजने में विफल रहती है तो हम अकाल तख्त के जत्थेदार से आवश्यक निर्देश देने के लिए संपर्क करेंगे ।'' लोंगोवाल ने कहा कि अकाल तख्त के जत्थेदार सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550 वें प्रकाश पर्व को संयुक्त रूप से उचित तरीके से आयोजित करने का निर्देश जारी कर चुके हैं।

## कांग्रेस ने सुनील जाखड़ का इस्तीफा अस्वीकार किया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ के इस्तीफे को शनिवार को ठुकरा दिया। जाखड़ ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और अभिनेता सनी देओल से मिली हार के बाद इस्तीफा दे दिया था। पंजाब मामलों की कांग्रेस प्रभारी आशा कुमारी ने कहा, ₹आपने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। कांग्रेस पार्टी को आपका इस्तीफा स्वीकार नहीं है और आपसे हमेशा की तरह अच्छा काम करने की उम्मीद की जाती है।₹ आशा कुमारी से संपर्क किये जाने पर उन्होंने कहा कि जाखड़ को पंजाब कांग्रेस प्रमुख के रूप में कार्य जारी रखने के लिये कहा गया है। जाखड़ ने 23 मई को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को इस्तीफा भेजा था। जाखड़ को गुरदासपुर सीट से सनी देओल के मुकाबले 82,459 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

# पंजाब में तस्करी मामले में तीन पुलिसकर्मी बर्खास्त

- अमृतसर में एसआई पर हमले को रोकने की कोशिश नहीं करने पर कार्रवाई

**चंडीगढ़।** अमृतसर में मादक पदार्थों के कथित तस्कर के घर पर छापेमारी के दौरान उप निरीक्षक पर हुए हमले को रोकने की कोशिश नहीं करने के लिए तीन पुलिसकर्मियों और होमगार्ड के एक जवान को शनिवार को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि उप निरीक्षक (एसआई) बलदेव सिंह की टीम अमृतसर के चोगावन गांव में अमनदीप सिंह के घर पर शुक्रवार को छापा मारने गई थी। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ लोगों ने अधिकारी को बुरी तरह से मारा-पीटा।सोशल मीडिया पर वायरल हुए हमले के वीडियो में एसआई के सहयोगी वहां मूकदर्शक बन कर खड़े देखे गए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने एसआई पर हमले के इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकारी के साथ गए और हमले के दौरान मूकदर्शक बने रहे पुलिसकर्मियों को तत्काल पद से हटाने का शनिवार को आदेश दिया। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ने इस तथ्य पर गंभीरता से गौर किया है कि एसआई के साथ गए पुलिसकर्मी उसे पीटे जाने के दौरान चुप्पी साधे खड़े थे। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर अमल करते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने तरन तारन के कच्चा पक्का थाने के एसआई बलदेव सिंह के साथ गए पुलिस दल की भूमिका की जांच के आदेश दिए हैं।


**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र**
(राज्य विधायिका अधिनियम XII ऑफ 1956 द्वारा स्थापित)
(ए. ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित)

**विज्ञापन सं. 3/2019**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में बजटेड पदों पर 95 असिस्टेंट प्रोफैसर की भर्ती हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विषय-वार टीचिंग पदों की रिक्तियों की संख्या विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। श्रेणी-वार पदों, विस्तृत निर्देशों, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया तथा ऑनलाइन आवेदन के लिंक इत्यादि से सम्बन्धित अधिक विवरण विश्वविद्यालय वेबसाइट www.kuk.ac.in पर 21 अक्तूबर 2019 से उपलब्ध होगा।

पीआरडीएच-1238/11/425/1920/78738 दि. 14.09.19 रजिस्ट्रार


## अमरिंदर सिंह ने पुरी के मंगू मठ को लेकर नवीन पटनायक को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शनिवार को ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिखकर उनसे पुरी में मंगू मठ को ध्वस्त करने के अपनी सरकार के निर्णय को वापस लेने की अपील की है। यह मठ सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक से जुड़ा है। सिंह ने सिखों के लिए सदियों पुराने इस महत्वपूर्ण मठ को ध्वस्त करने के कदम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। गुरू नानक देव अपने संदेश का प्रचार करने के लिए इस मठ में पहुंचे थे। उन्होंने एक बयान में कहा, '' यह बड़ी चौंकाने वाली बात है कि जब पूरी दुनिया सिखों के प्रथम गुरू के 550 वां प्रकाश पर्व मनाने की तैयारी में जुटी है तब सिख धर्म और जगन्नाथ मंदिर के बीच संबंधों के प्रतीक ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण इस मठ को ओडिशा सरकार ध्वस्त करने का निर्णय किया है ।'' यह मठ जगन्नाथ मंदिर के 75 मीटर के दायरे में आने वाले ढांचों में से एक है। 12 वीं सदी के इस मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन ढांचों को गिराया जा रहा है। ओड़िशा सरकार ने यह निर्णय लिया है। सिख उपदेशक और उदासी संप्रदाय के धुआरी प्रमुख भाई अलमस्त ने 1615 में मंगू मठ की स्थापना की थी । गुरू तेग बहादुर भी 1670 में इस मठ में गये थे।

# हरियाणा में अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा, 74 वाहन किए जब्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में अवैध खनन करने वालों पर अब पैनी नजर रखी जा रही है। एनजीटी और सूबे मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा इन पर शिकंजा कसने के आदेश के बाद में अब इन पर कड़े शिकंजे की मुहिम की शुरुआत हो गई है। हरियाणा खनन और भूविज्ञान विभाग की टीमों ने इस मुहिम के तहत प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों में 74 वाहन जब्त कर लिए हैं। इतना ही नहीं इन वाहनों को छोटा मोटा जुर्माना भरकर छुड़ा लेने वाली बातें पुरानी हो गई हैं। एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निर्देशों पर इन वाहनों को छुड़ाने के लिए शोरूम से आधी कीमत भरने के बाद ही इन्हें छुड़ाया जा सकेगा। अवैध खनन करने वाले जुर्माना राशि नहीं जमा करते तो इन वाहनों की नीलामी कर दी जाएगी। सरकार ने अवैध खनन की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमिताभ ढिल्लो को तैनात कर दिया है। वहीं विभाग भी पैनी नजर रख रहा है।

## विभाग बनने के बाद से अब तक की बड़ी कार्रवाई

विभाग के गठन से लेकर अभी तक अवैध खनन पर इस तरह का शिकंजा नहीं कसा गया था। लेकिन पहली बार इतनी सख्ती अवैध खनन पर होने जा रही है ताकि अवैध खनन माफियाओं की कमर तोड़ी जा सके। वाहनों को जब्त करने और उनकी शोरूम से आधी कीमत जुर्माना के तौर पर वसूलने के संबंध में अप्रैल 2010 और इस वर्ष भी अप्रैल माह में एनजीटी की ओर से साफ साफ निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि अवैध खनन के काम में लोग वाहन इस्तेमाल करने से पीछे रहें।

**ड्रोन और सैटेलाइट से रखी जाएगी नजर:** अवैध खनन को लेकर विभाग के मुखिया एससीएस पीके दास ने साफ कर दिया है कि जल्द ही कुछ कंपनी के लोगों से ड्रोन का प्रदर्शन कर दिखाया जाएगा, जिसके बाद में अवैध खनन वाले इलाकों पर इससे नजर रखी जाएंगी, इस दिशा में काफी हद तक काम पूरा हो चुका है।

**तीन साल के पुलिस केसों की समीक्षा करेंगे: दास** : हरियाणा खनन और भूविज्ञान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) पीके दास ने पूछे जाने पर कहा कि राज्य में अवैध खनन पर शिकंजा कसने की हमने खास तैयारी कर ली है। दास ने साफ कर दिया कि पारदर्शी व्यवस्था देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। तीन साल पुराने मुकदमों की भी समीक्षा होगी, जिससे स्थिति साफ हो सके विभाग के स्तर पर कहां कहां ढ़ील व कार्रवाई में कमी रही, जो इस तरह के काम में लगे लोग छूट गए।

## इन जिलों में पकड़े गए वाहन

राज्य खनन विभाग की ओर से विभिन्न जिलों में की गई, कार्रवाई पर नजर डालें, तो 28 अगस्त से अब तक पानीपत करनाल में 13 वाहन, फरीदाबाद में पांच वाहन, सोनीपत में 3, यमुनानगर में 14 वाहन, गुरुग्राम व नूंह में चार वाहन, महेंद्रगढ़ व नारनौल में 15 वाहन, अंबाला में 6 वाहन, पंचकूला में 10 वाहन, कुरुक्षेत्र में चार वाहन अवैध खनन में लगे हुए जब्त कर लिए गए। इस तरह से बेहद ही कम समय में 74 वाहन पकड़ लिए गए हैं। पूर्व में अवैध खनन में लगे वाहन चालक दस हजार जुर्माना राशि जमा कर छूट जाते थे। लेकिन आला अफसरों और एनजीटी के निर्देशों के अनुसार इन वाहनों पर लगाम के लिए अब शोरूम से आधी कीमत जमा करने के बाद ही छोड़ जाएगा, इसीलिए इन्हें छुड़ाने में भी अब इस काम में लगे माफियाओं के पसीने छूटेंगे। वैसे, इन वाहनों में कई तरह के ट्रैक्टर ट्रालियां, डंपर आदि जब्त किए गए हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि अवैध ही नहीं बल्कि अब वैध खनन को लेकर भी इलाकों पर नजर रखी जाएंगी।


**साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड**
CIN- L13203HR2006PLC049480, Email ID: secretarial@southwestpinnacle.com
पंजी. कार्यालय : सिद्धार्थ हाउस, चतुर्थ तल, प्लॉट नं. 6, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003,

**30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार** (रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन 30.06.2019 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन 30.06.2018 (अअंकेक्षित) | समेकित 30.06.2019 (अअंकेक्षित) | समेकित 30.06.2018 (अअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 1356.03 | 1653.47 | 1449.22 | 1853.93 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 31.53 | 34.04 | 36.61 | 43.93 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) मदें और/अथवा असाधारण मदें हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 31.53 | 34.04 | 36.61 | 43.93 |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 18.76 | 18.64 | 23.33 | 28.02 |
| 5 | अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | 23.22 | 25.43 | 27.79 | 34.80 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2790.24 | 1395.12 | 2790.24 | 1395.12 |
| 7. | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व्स | 6811.69 | 5753.97 | 6843.59 | 5759.89 |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (रु. 5/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक : | 0.07 | 0.13 | 0.08 | 0.20 |
| | डायल्युटेड : | 0.07 | 0.13 | 0.08 | 0.20 |

**टिप्पणी :-**
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु (स्टैंडअलोन एवं समेकित) अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http://www.southwestpinnacle.com पर उपलब्ध है।
2. पूर्ववर्ती वर्षों / तिमाही के आंकड़े जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
3. वित्तीय परिणामों में 31 मार्च 2019 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष और अनुवर्ती तिमाही हेतु सेबी प्रपत्र सं. CIR/CFD/FAC/62/2016 दिनांक 05 जुलाई 2016 के तहत प्रदान की गई छूट की शर्तानुसार आंकड़े शामिल नहीं है।
4. 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के आंकड़े कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में है।
5. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14.09.2019 को आयोजित उनकी बैठकों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड
हस्ता/-
विकास जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00049217

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 14.09.2019



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एनआईटी | 39,40,41,42,43 & 44/19-20 डब्ल्यू-5 |
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | क्र. 1. सहायक अभियंता तुगलकाबाद, हजरत निजामुद्दीन के अनुभाग में 28 कमरों के बेड रूम का नवीनीकरण। शौचालय ब्लॉक = 7 नग। फिटिंग और स्थिरता, मुखौटा सुधार, नई पानी की पाइप लाइन, भूमिगत पानी की टंकी, ओवरहेड टैंक, बॉक्स रूम, बाड़ के साथ आरसीसी सीमा दीवार, दृष्टिकोण पथ, बीटीसी और डाइनिंग हॉल के प्रस्तावित विस्तार के लिए टीकेडी में रनिंग रूम में पानी की आपूर्ति। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अतिरिक्त कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 2. सहायक अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन डीईई-रेवाड़ी सेक्शन में प्लेटफार्म सतह की मरम्मत, प्रीकास्ट कापिंग पत्थरों, पानी के बूथ, बैठने की व्यवस्था/बेंचों की व्यवस्था, पत्थरों की व्यवस्था का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अतिरिक्त कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 3. सहायक अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एसएसई /कार्य/ डीईई के अनुभाग में दिल्ली सराय रोहिल्ला – रेवाड़ी सेक्शन के गढ़ी हरसड़ू, पाटली, बिजवासन, जटोला, खलीलपुर, इंछापुरी स्टेशनों पर प्लेटफार्म आश्रय, शौचालय, दिव्यांग जन शौचालय, मूत्रालय, जलापूर्ति पाइपलाइन, वाटर बूथ, मिनी प्लेटफार्म आश्रयों, स्टेशनों बोर्डों, प्लेटफार्म बाड़ लगाने, की मरम्मत का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अतिरिक्त कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 4. सहायक अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन दिल्ली सराय रोहिल्ला – रेवाड़ी खंड में स्टील संरचना, शेड और स्टील संरचना ओएच टैंक प्लेटफार्म आश्रयों और एफओबी की पेंटिंग और मरम्मत का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : एफओबी जैसे किसी भी प्रकार के स्टील पुलों की पेंटिंग। प्लेट गर्डर, खुला वेब गर्डर, कोई अन्य प्रमुख इस्पात संरचना, शेड आदि का कार्य। |
| | | 5. सहायक अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन डीईई-रेवाड़ी सेक्शन में गुड़गांव, गढ़ीहरसुरु स्टेशन पर पुराने कॉपिंग स्टोन बदलना, पालम, गुड़गांव, बिजवासन, गढ़ीहरसुरु, पटौदी, इंचपुरी, खलीलपुर, ताजनगर में पुरानी MS & RCC बेंच की मरम्मत का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अतिरिक्त कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 6. सहायक अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन डीईई-रेवाड़ी सेक्शन में, गुड़गांव इंछापुरी और पालम- बिजवासन खंड के बीच टूल बॉक्स द्वारा गैंग रेस्ट शेल्टर, रेस्ट रूम, शौचालय, पानी की आपूर्ति में सुधार और एसएसई/पी.वे. /डीईई स्टोर में सुधार का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अतिरिक्त कोई भी सिविल कार्य। |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 1. रुपये : 8499896.27; 2. रुपये : 14999603.77; 3. रुपये : 22497291.43; 4. रुपये : 11999834.97; 5. रुपये : 9999944.28; 6. रुपये :9999756.35 |
| 3. | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा ।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 1. रुपये : 170000.00; 2. रुपये : 225000.00; 3. रुपये : 262500.00; 4. रुपये : 210000.00; 5. रुपये : 200000.00; 6. रुपये : 200000.00; यह नोट बैकिंग के रूप में होना चाहिए या भुगतान गेटवे द्वारा केवल। |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 1. 06 महीने; 2. 04 महीने; 3. 04 महीने; 4. 04 महीने; 5. 04 महीने; 6. 04 महीने |
| 5. | पोस्ट/नगदी पर निविदा लागत (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा ।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 1. रुपये : 5,900.00; 2. रुपये : 5,900.00; 3. रुपये : 11,800.00; 4. रुपये : 5,900.00; 5. रुपये : 5,900.00; 6. रुपये : 5,900.00 |
| 6. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 04.10.2019 को 15.00 बजे तक तथा 04.10.2019 को 15.00 बजे निविदा खोलना। |
| 7. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/e-Tender Notice/2019-20/W-V Dated: 12.09.2019 2935/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप



### विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ी, जेल के बजाय पहुंचे पीएमसीएच

**धनबाद।** भाजपा विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ गई है। सीने में तेज दर्द के बाद उन्हें शुक्रवार देर रात पीएमसीएच में भर्ती कराया है। उनका कुशल-क्षेत्र जानने के लिए पीएमसीएच के बाहर समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। झरिया के विधायक संजीव सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। वे शुक्रवार को अदालत की अनुमति से धनबाद जेल से झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने के लिए रांची गए थे। लौटते समय रास्ते में तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद जेल प्रशासन ने जेल ले जाने के बजाय पीएमसीएच में भर्ती कराया। वह सीने में दर्द, बेचैनी से परेशान हैं।

### झारखंडः यातायात नियमों को तोड़ने पर पहले की तरह देना होगा जुर्माना

**रांची।** झारखंड सरकार ने नए मोटर वाहन कानून के भारी भरकम जुर्माने से परेशान वाहनचालकों को बड़ी राहत दी है। अब यातायात नियमों को तोड़ने पर पहले की तरह ही कमतर फाइन भरना होगा। हालांकि राहत फिलहाल तीन महीने के लिए दी गई है। इन तीन महीनों में तमाम कागजात अपडेट कराने होंगे। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान, कागजात अपडेट कराने के लिए मिली तीन माह की मोहलत के दौरान नियम तोड़ने वालों को पुराने नियमों के तहत दंड भुगतना होगा। उन्हें जुर्माना पुराने नियमों के प्रावधानों के अनुरूप लगेगा। सीएम रघुवर दास ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक के बाद तीन माह तक यातायात नियमों में राहत देने का आदेश दिया।

## योगी ने चित्रकूट में जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

# खामियां मिलीं तो सीएमओ व सीएमएस पर गिरी गाज

एजेंसी ⏭ चित्रकूट

भगवान राम की तपोभूपि चित्रकूट के दो दिवसीय दौरे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने तेवर को दिखा ही दिया।

- जिले के कुछ और अफसरों पर कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज
- दोनों अफसरों का तत्काल प्रभाव से गैर जनपद तबादला कर यहां नये अधिकारियों को तैनाती दी गई

शनिवार को अस्पतालों के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर सीएम योगी आदित्यनाथ की गाज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पर गिरी है।

योगी चित्रकूट के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को आए थे। योगी ने शनिवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद कड़ा रुख दिखाया है। हेलीकॉप्टर पर बैठकर धर्म नगरी से उड़ते ही सीएमएस और सीएमओ पर गाज गिरा दी। दोनों अफसरों का तत्काल प्रभाव से गैर जनपद तबादला कर यहां नये अधिकारियों को तैनाती दी गई है। सीएम ने जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान सीएमओ, डीएम से व्यवस्था बेहतर करने को कहा था। उनके यहां से जाते ही लखनऊ से दोनों के तबादले के फरमान आ गया। सीएमओ डॉ. राजेंद्र सिंह को संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल भेजा गया है। उनकी जगह बांदा के वरिष्ठ परामर्शदाता जिला चिकित्सालय डॉ. विनोद कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी चित्रकूट की कुर्सी संभालेंगे। बांदा के वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ. आरके गुप्ता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल कर्वी बनाया गया है। अभी तक यहां तैनात मौजूदा अधीक्षक डॉ. एसएन मिश्रा को वरिष्ठ परामर्शदाता बांदा की जिम्मेदारी दी गई है।

### गरीब को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में ना हो दिक्कत

सुबह जिला अस्पताल पहुंचे योगी ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की हिदायत दी थी। कर्वी सोनेपुर रोड स्थित अस्पताल इमरजेंसी के साथ ओपीडी व वार्ड में घूमकर जायजा लिया था। इस दौरान सीएम ने डीएम शेषमणि पांडेय, सीएमओ डॉ. राजेंद्र सिंह को बुलाकर गरीब को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में दिक्कत नहीं होने देने की बात कही थी। कुछ मरीजों से बातचीत कर खामियों पर शिकायत दर्ज कराने का हवाला भी दिया था। उधर, जिले के कुछ और अफसरों पर कार्रवाई को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। शाम तक आदेश आ सकता है।

## गायों को कटने भी नहीं देंगे और ना ही फसलों को पहुंचाने देंगे नुकसानः सीएम

**अलीगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने तय किया है कि गायों को कटने भी नहीं देंगे व उनसे किसानों की फसलों को नुकसान भी नहीं होने देंगे। योगी ने यहां 1135 करोड़ रुपये की 352 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनते ही हमने अलीगढ़ के अवैध बूचड़खानों को बंद कराया। पहले सरकारें उनके साथ होती थीं, लोगों को कानून का भय नहीं था। हमने निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए अपनी योजना लागू की है क्योंकि हम ना तो किसी गाय को कटने देंगे व न ही किसानों की फसलों को उजड़ने देंगे। सीएम ने कहा कि पूर्व की सरकारों में दंगे होते थे व त्योहार खुशियों के बजाय मातम में बदल जाते थे पर आज हमारे ढ़ाई साल के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ। लोग हर्षोल्लास के साथ अपने अपने त्योहार मना रहे हैं।

### प्लास्टिक 'रक्तबीज', इससे पैदा होते हैं नए-नए 'राक्षस'

सीएम योगी ने प्लास्टिक को 'रक्त बीज' बताते हुए कहा कि इस बीज से नये..नये 'राक्षस' पैदा होते थे। योगी ने चित्रकूट के कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में झाड़ू लगाकर लोगों को जागरूक करके स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्लास्टिक व पॉलीथीन मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए जूट के थैलों का वितरण किया।



### प्रदेश में फिर से चमकेगा अलीगढ़

योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता से अलीगढ़ के ताला, हार्डवेयर उद्योग बंद होने लगे थे। पर हमारी सरकार में फिर से अलीगढ़ प्रदेश में चमकेगा। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। 'हमने अलीगढ़ के ताला-हार्डवेयर उद्योगों को इससे जोड़ा है ताकि लोगों को नई पहचान मिल सके। रोजगार मिल सके।

### गिनवाए विकास कार्य

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 'इंवेस्टर्स समिट' का आयोजन किया, ताकि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिल सके, प्रदेश के नौजवानों को नौकरी व रोजगार मिल सके। सीएम ने कहा कि 'डिफेंस कॉरिडोर' के प्रदेश में जो छह केंद्र बनेंगे उसमें एक केंद्र अलीगढ़ भी होगा। यहां भी रक्षा उत्पादन से जुड़े हुए उद्योग लगेंगे। सोनभद्र में कांग्रेस ने ग़रीबों व आदिवासियों की परंपरागत जमीन को फ़र्ज़ी सोसाइटी बनाकर लूटा। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तर्ज पर अब उनको उनके हक दिला रही है।

### अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर स्टेट विवि की स्थापना होगी

सीएम ने कहा कि अगले बजट में अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर स्टेट विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। अब भारत की संस्थाओं में भारत की जनता के द्वारा दिए जाने वाले कर से पलने, फलने वाली संस्थाओं व कश्मीर में कोई 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा नहीं लगा पाएगा। धारा 370 (के प्रावधान) समाप्त होना इसका प्रमाण है। सदियों से जिस तीन तलाक के दंश से महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा था, पीएम नरेंद्र मोदी ने उससे उन्हें छुटकारा दिलाया है। तीन तलाक की कुप्रथा पर जोरदार प्रहार करके पीएम मोदी ने पूरे देश में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया है।

चिन्मयानंद की बढ़ेंगी दिक्कतें

## पीड़िता ने एसआईटी को सौंपी 43 वीडियो की एक पेनड्राइव





- टीम ने छात्रा की मां को पूछताछ के लिए बुलाया
- मालिश का तेल रखने वाली दो कटोरियां, चिन्मयानंद का तौलिया, मंजन व साबुन सील
- शुक्रवार देर शाम तक पीड़िता से चिन्मयानंद के आवास पर पूछताछ हुई

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर (उप्र)

चिन्मयानंद पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली छात्रा ने साक्ष्य के तौर पर शुक्रवार देर शाम विशेष जांच दल (एसआईटी) को पेनड्राइव सौंपा जिसमें 40 से ज्यादा वीडियो हैं। पीड़िता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पर आरोप लगाया है कि वह सिर्फ उसका ही नहीं बल्कि एक अन्य छात्रा का भी यौन शोषण करते थे।

वहीं चिन्मयानंद के अधिवक्ता ने सफाई देते हुए कहा कि मसाज/मालिश कराना कोई अपराध नहीं है। एसआईटी ने शुक्रवार देर शाम तक पीड़ित छात्रा के साथ चिन्मयानंद के आवास पर पूछताछ की। वहां भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। टीम ने छात्रा की मां को पूछताछ के लिए शनिवार को बुलाया है।

### बदल दिया गया है शयनकक्ष

पीड़िता ने शनिवार को बताया कि एसआईटी जब शुक्रवार को चिन्मयानंद के शयनकक्ष की जांच करने गई थी, उस समय वह उनके साथ थी। चिन्मयानंद का शयनकक्ष पूरी तरह बदल दिया गया है, पूरे कमरे में नया पेंट कराने के साथ ही कमरे को नया लुक दे दिया गया है। चिन्मयानंद के कमरे से अहम साक्ष्य हटा दिए गए हैं। पर फॉरेंसिक टीम कमरे से मालिश का तेल रखने वाली दो कटोरियां, चिन्मयानंद का तौलिया, मंजन व साबुन आदि सील करके ले गई है।

### पीड़िता ने शुक्रवार देर रात सौंपी थी 64 जीबी की पेनड्राइव

पीड़िता के अनुसार एसआईटी ने चिन्मयानंद के शयनकक्ष की तलाशी के दौरान ही पीड़िता व उसके पिता से कहा था इस मामले से जड़े जो भी साक्ष्य उनके पास हैं, उसे वे लोग शुक्रवार रात नौ बजे तक टीम को सौंप दें। इस पर पीड़िता ने शुक्रवार देर रात पुलिस लाइन स्थित एसआईटी कार्यालय पहुंचकर साक्ष्य उन्हें सौंपे। साक्ष्यों में पीड़िता ने एक 64 जीबी की पेनड्राइव दी है जिसमें 40 से ज्यादा वीडियो हैं।

### एक और छात्रा का भी यौन शोषण हुआ

टीम के सवालों के जवाब में पीड़ित छात्रा ने बताया कि चिन्मयानंद बीए एलएलबी की एक छात्रा का भी यौन शोषण कर रहे थे। उसने कहा कि छात्रा ने मुझे कई बार अपनी परेशानी बतायी थी।

### चिन्मयानंद ने गुंडों की मदद से बुलवाई थी पीड़िता

पीड़िता ने दिल्ली के लोधी कॉलोनी स्थित थाने में हाथ से लिखी 12 पन्नों की शिकायत दी थी। इसके संबंध में एसआईटी ने शुक्रवार को चिन्मयानंद के आवास पर उसका बयान लिया। छात्रा का कहना है कि एलएलएम में उसके दाखिले के बाद चिन्मयानंद ने अपने गुंडों की मदद से उसे बुलवाया। वे लोग उसे ऊपर के कमरे में छोड़ कर चले गए, इसके बाद चिन्मयानंद ने हमें नहाते हुए हमारा वीडियो दिखाया। उसके बाद से वह एक साल तक हमारा शारीरिक शोषण व बलात्कार करता रहा। उसका कहना है कि एसआईटी को वह वीडियो बरामद करना चाहिए।

### 'मालिश कराना अपराध नहीं'

वहीं दूसरी ओर चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह का कहना है कि वीडियो में लड़की मालिश करती हुई दिख रही है। लड़की से मालिश कराना कोई अपराध तो नहीं है, तमाम स्पा केंद्रों में लड़कियां ही मालिश करती हैं। वीडियो में ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि कोई दबाव में आकर कुछ कर रहा है।

### अदालत ने लिया था संज्ञान

गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद पर उन्हीं के कॉलेज में पढ़ने वाली कानून की छात्रा ने 24 अगस्त को वीडियो वायरल करके यौन शोषण का आरोप लगाया। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को एसआईटी के गठन का आदेश दिया था।

## राशिफल 15 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहतमंद रहने के लिए नियम से मेडिकल चेक अप कराते रहें। अतिरिक्त खर्चों से बचने की कोशिश करें। मनचाही नौकरी पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। **शुभ अंकः** 22, **रंग** : पर्पल।

**वृषः** परिवारिक सदस्य के साथ विवाद हो सकता है। तीर्थयात्रा पर जाने का प्रोग्राम बन सकता है। पढ़ाई पर ज़्यादा ध्यान देने की जरूरत है। प्रेम संबंधों को समय देने की कोशिश करें। **शुभ अंकः** 3, **रंगः** गाढ़ा पीला।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र पर किसी परिस्थिति को संभाल लेंगे। परिवार के किसी बड़े सदस्य को समझदारी से समझाना पड़ेगा। प्रॉपर्टी से जुड़े काम करते समय सतर्क रहें। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** हल्का ग्रे।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र पर महत्वपूर्ण काम में व्यस्त रहेंगे। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं। प्रॉपर्टी की डील करते समय विकल्प खुले रखें। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** गाढ़ा लाल।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र पर अंजान लोग भी आपकी मदद करेंगे। घर के लिए कोई बड़ी खरीददारी कर सकते हैं। कोई प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं। पढ़ाई में मेहनत का फल मिलेगा। **शुभ अंकः** 3, **रंगः** केसरिया।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र पर विरोधी अपनी स्कीम में कामयाब होंगे। गृहणियां घर के काम से ब्रेक ले सकती हैं। प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिल सकता है। पढ़ाई में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। **शुभ अंकः** 8, **रंगः** गाढ़ा पीला।

**तुलाः** कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करें। परिवार के किसी सदस्य की शादी तय हो सकती है। घर की मरम्मत का काम करा सकते हैं। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : ग्रे।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र पर स्थिति आपके काबू में रहेगी। परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंता महसूस करेंगे। कोई आपकी प्रॉपर्टी पर अपना दावा कर सकता है। **शुभ अंकः** 17, **रंग** : भूरा।

**धनुः** कार्यक्षेत्र पर सीनियर की अनुपस्थिति में स्थिति संभाल लेंगे। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। खूबसूरत जगह जाकर एंजॉय करेंगे। पढ़ाई में दूसरों पर भरोसा करने से बचें। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** चॉकलेट।

**मकरः** प्रोफेशनल, पर्सनल लाइफ के लिए समय अच्छा है। परिवार के समारोह में व्यस्त रहेंगे। किसी के साथ यात्रा करना आरामदायक रहेगा। पढ़ाई में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक** : 4, **रंगः** हल्का हरा।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर काम के मुताबिक पैसा नहीं मिल पाएगा। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी प्रॉपर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक** : 11, **रंगः** बेज।

**मीनः** कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। व्यस्तता के चलते परिवार के साथ समय बिताना चाहेंगे। घर शिफ्ट करने में थकान हो सकती है। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक** : 11, **रंग** : हरे शेड्स।

### :टिप्स:

1. तीन टांगों वाला मेढक जिसके मुंह में सिक्का हो, बहुत ही शुभ जानवर माना जाता है। मेढक को घर या ऑफिस में मुख्य दरवाजे के अंदर रखना चाहिए।
2. नीलमणि का टूकड़ा अपने कम्प्यूटर पर या कार्यस्थल पर रखें। नीलमणि के प्रभाव से आपको तनाव से मुक्ति मिलेगी, आप शांति से काम कर पाएंगे।
2. प्रेमियों को प्रेम की प्रगाढ़ता बनाए रखने के लिए दिल के आकार का गुलाब का क्वार्टज रखना चाहिए।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## सत्ता में आते ही आजम पर दर्ज मामले लेंगे वापसः अखिलेश

एजेंसी ⏭ लखनऊ

- मुलायम पर भी दर्ज हुए थे ऐसे केस तब न्यायालय ने की थी मदद
- प्रदेश की राज्यपाल से मामले के संबंध में मुलाकात करेंगे अखिलेश

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर सांसद आजम खां के खिलाफ दर्ज सभी मामले वापस ले लिये जाएंगे। अखिलेश ने रामपुर में कहा कि सपा सरकार के सत्ता में आने पर सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां पर दर्ज सभी केस वापस ले लिए जाएंगे। इस संबंध में प्रदेश की राज्यपाल से, जरूरत होने पर लोकतंत्र के जिम्मेदार से भी मुलाकात करूंगा। उन्हें प्रशासन द्वारा किए जा रहे अत्याचार की जानकारी दूंगा। रामपुर से सभी एफआईआर की प्रति ले जाकर पूरी रिपोर्ट तैयार की जायेगी। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है कि वहां से न्याय मिलेगा। ऐसे ही तमाम मुकदमे एक बार मुलायम सिंह यादव पर भी दर्ज हुए थे, तब न्यायालय ने मदद की थी।

### भाजपा कर रही अन्याय

अखिलेश ने कहा कि प्रशासन जितना अन्याय करेगा, लोगों का सरकार पर उतना ही विश्वास कम होगा। वैसे भी आज जनता का भरोसा प्रशासन, सरकार से उठता जा रहा है। सपा के कार्यकर्ताओं, महिलाओं के साथ भी अन्याय हुआ है। परिवार के सदस्यों को अपमानित करने के लिए उन्हें थाने तक ले जाया गया। आजम ने बेहतरीन जौहर अली विवि की स्थापना की। उन्होंने जो सपना देखा उसको जमीन पर उतारा। उन्होंने आने वाली नई पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए संस्थान बनाया। भाजपा सरकार बदले की भावना से काम करती है। वह जानबूझ कर असली मुद्दों से भटकाने के लिए काम कर रही है।



### डर फैला रही है भाजपा

अखिलेश ने कहा कि भाजपा देश को डर और नफरत के रास्ते पर ले जा रही है। पहले सहारनपुर में बाबा साहब की मूर्ति तोड़ी। आज जालौन में गांधी जी की प्रतिमा तोड़ दी। मंहगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्या से ध्यान बंटाने के लिए विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है।

### खां को दिया भरोसा

अखिलेश ने जौहर अली विश्वविद्यालय, उर्दू गेट और रामपुर पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल का भी दौरा किया। वह आजम खां के निवास पर भी गए, उनके परिवार के सदस्यों से मिले तथा उन्हें सपा के पूर्ण समर्थन एवं सहयोग का भरोसा दिलाया।

## रात के अंधेरे में तुम महापुरुषों का करते हो अपमानः प्रियंका गांधी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- जालौन में महात्मा गांधी की प्रतिमा खंडित किए जाने पर साधा निशाना

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी के जालौन जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि महापुरुषों की मूर्तियों पर हमले करके कोई उनकी महानता को जरा भी कमतर नहीं कर सकता। उन्होंने ट्वीट किया कि कुछ दिन पहले उप्र में बाबासाहेब आम्बेडकर की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा। अब जालौन में महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ा गया। प्रियंका ने कहा कि मूर्ति तोड़ने वाले कायरों, जीवन में यही तुम्हारी उपलब्धि है कि रात के अंधेरे में छिपकर तुम देश के महापुरुषों का अपमान करने की कोशिश करते हो? मूर्तियों पर हमला करके इन महापुरुषों की महानता का एक अंश भी तुम हिला-डुला नहीं सकते। गौरतलब है कि पिछले दिनों यूपी के जालौन जिले की कोतवाली उरई क्षेत्र के गांधी इंटर कॉलेज में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया।

### मुजफ्फरनगर में 10 लाख डॉलर के जाली नोट बरामद, चार दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरगनर जिले से 10 लाख डॉलर की कीमत के जाली अमेरिकी नोट बरामद होने के बाद इस संबंध में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि सिविल लाइन पुलिस थाने के तहत आने वाले इलाके में शुक्रवार को गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। क्षेत्राधिकारी दीक्षा शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस की टीम ने इकबाल, मोसम, राकिब और रहिसा से जाली नोट बरामद किए और इलाके में जाली नोट चलाने में शामिल गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### बांग्लादेश की जेल से रिहा होकर 11 वर्ष बाद परिवार में लौटा

**पटना।** बिहार के दरभंगा जिला के गरीब परिवार का मानसिक रूप से बीमार बांग्लादेश की जेल में पिछले 11 साल से कैद सतीश चौधरी रिहा होकर सकुशल घर पहुंचा। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के नाडिया जिला अंतर्गत दर्शना गेदे बार्डर से सतीश को 12 सितंबर को बार्डर गाड्र्स बांग्लादेश ने सीमा सुरक्षा बल के हवाले किया। मानवाधिकार कार्यकता विशाल रंजन दफ्तुआर के प्रयासों से सतीश की रिहाई हो सकी। छोटे भाई मुकेश चौधरी उन्हें ट्रेन से लेकर शनिवार को दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना अंतर्गत तुलसीडीह मनोरथा गांव पहुंचे।



### विस चुनावः जदयू को मिला ट्रैक्टर चलाता किसान, लोजपा को त्रिकोण चुनाव चिह्न

**रांची।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने गैर मान्यता प्राप्त दलों को चुनाव चिह्न आवंटित किया है। जदयू को ट्रैक्टर चलाता किसान, लोजपा को त्रिकोण चुनाव चिह्न के रूप में दिया गया है। इसी चुनाव चिह्न पर जदयू, लोजपा राज्य की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ सकेंगे। गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के आवेदन के आधार पर हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली व झारखंड में होने वाले चुनाव के लिए आयोग ने उनको चुनाव चिह्न आवंटित किया है। जदयू को महाराष्ट्र विस की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए डीजल पंप चुनाव चिह्न दिया गया है। वहीं, लोजपा महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर त्रिकोण चुनाव चिह्न पर ही चुनाव लड़ सकेगी।

### बच्चा चोर के संदेह में युवक पीटा

**जमशेदपुर।** न जाने लोगों को क्या हो गया है। तमाम जागरूकता अभियानों के बावजूद भीड़ कभी भी किसी की भी जान लेने पर तुल जा रही है। केवल संदेह, अफवाह के आधार पर। बस्ती इलाकों में बच्चा चोर संदेह में भीड़ किसी की भी पिटाई कर दे रही है। शनिवार को सिदगोड़ा थाना क्षेत्र भुइयांडीह कानू भट्टा में युवक नदी की ओर भाग रहा था। उसे भागते देख लोगों को उसके बच्चा चोर होने का संदेह हुआ। फिर क्या था। भीड़ ने उसे पकड़ लिया। लोग उसे ले आए, कमरे में बंद कर उसकी पिटाई करने लगे। वह तो संयोग अच्छा था कि किसी जागरूक नागरिक ने समय रहते पुलिस को सूचना दे दी। इस बीच सीसीआर पुलिस मौके पर पहुंच गई, भीड़ से घिरे युवक को छुड़ा थाना ले गई। इतने पर युवक की जान लेने पर उतावली भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। पुलिस व युवक के पीछे-पीछे भीड़ थाना पहुंच गई। वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने काफी धैर्य से काम लिया, लोगों को किसी तरह शांत कराया। लोगों का आरोप था कि युवक पहले भी जेल जा चुका है। उसकी जांच की जाए।

## लोग राजद के बारे में तरह-तरह की अफवाह फैला रहे हैंः तेजस्वी

# 'युवा आगे बढ़ें, गोलबंद होकर करें काम'

एजेंसी ⏭ पटना

युवा राजद के कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने समर्थकों को सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि अभी लोग राजद के बारे में तरह-तरह की अफवाह फैला रहे हैं। हमें उनसे सतर्क रहने की जरूरत है। युवा आगे बढ़ें व गोलबंद होकर काम करें। युवा राजद के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक शनिवार को राजद कार्यालय में आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष मो. कारी सोहैब ने की। संचालन प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने किया। तेजस्वी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का निर्देश देते हुए कहा कि हम अपनी विचारधारा का सौदा मरते दम तक नहीं कर सकते हैं। दावा किया कि बिहार में अगली सरकार राजद की होगी, क्योंकि डबल इंजन की सरकार में जनता परेशान है। जनहित में काम नहीं किया जा रहा। तेजस्वी ने राज्य सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में धोखा किया गया है।



### मेहनत करो, मिलेगा सम्मान

तेजस्वी ने परिवर्तन के लिए युवाओं को आगे आने होगा। गोलबंद होकर काम करना होगा। राजद में काम के हिसाब से सम्मान मिलेगा। संगठन के हित में हम कठोर निर्णय भी ले सकते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए युवा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल ने कहा कि अगला चुनाव राजद के लिए जीवन-मरण से जुड़ा है। कारी सोहैब ने भी संबोधित किया, कहा कि युवा राजद बिहार में 20 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य को जल्द पूरा कर लेगा।

# रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में लगे पत्थर बताते हैं हिंदी के विकास का इतिहास

## पत्थर में एक-एक शब्द से 12 खड़ी और ककहरा की बातें दशाई गई हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिंदी का विकास और उसके परिणाम के बारे में समझने के लिए इतिहास के पन्नों को पलटाना जरूरी है। आखिर हमने हिंदी भाषा और लिपि की शुरुआत कैसे की। हजारों सालों के संग्रहण और रचनाओं के आधार पर लिपियों का विकास किया गया। इसी क्रम में ब्रह्मी, रोमन और देवनागरी लिपि का विस्तार होता चला गया। इसी क्रम में हिंदी का विकास देवनागरी लिपि से ही शुरू हुआ। इसका साक्ष्य राजधानी के घड़ी चौक के पास स्थित महंत घासीदास संग्रहालय में लगे पत्थरों के माध्यम से समझाया गया है। पत्थर में एक-एक शब्द से 12 खड़ी और ककहरा की बातें दशाई गई हैं, जो लोगों को देवनागरी के प्रति प्रेरित कर रही हैं। यह बात इसलिए हो रही है कि 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।

### इसलिए मनाया जाता है हिंदी दिवस

हिंदी दिवस का इतिहास पुराना है। वर्ष 1918 में महात्मा गांधी के दोस्त 'नोनो' ने इसे जनमानस की भाषा कहा था और इसे देश की राष्ट्रभाषा भी बनाने की बात कही गई थी, लेकिन आजादी के बाद ऐसा कुछ नहीं हो सका। सत्ता में आसीन लोगों और जाति-भाषा के नाम पर राजनीति करने वालों को जोड़ने के लिए इसे राष्ट्रभाषा के तोड़ पर घोषित कर दिया गया। इसकी शुरुआत 1949 से 1950 तक नियमित हिंदी का प्रसार-प्रसार किया गया। बब से नियमित हिंदी दिवस मनाया जा रहा है।




### छठवीं सदी से लेकर 12वीं सदी के शिलालेखों से दर्शाया है विकास

बात हो रही है 36 गढ़ों में शासन करने वाले छठवीं शताब्दी के शासक महाशिवगुप्त बालार्जुन की माता वासटा के समय मिले शिलालेख और पृथ्वीदेव जजल्लदेव प्रथम के समय यानी 12वीं के समय के शिलालेखों को देख हिंदी भाषा में उसके विकास को दिखाया गया है। इसमें अक्षरों के निर्माण और उनकी शब्दावली को भी दर्शाया गया है।

### इस तरह से दिखाए गए हैं अक्षर

12 खड़ी के माध्यम से शिलालेख में किस तरह से अ, आ, इ, ई, उ, ऊ ... का विस्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर ककहरा में क, ख, ग, घ... यानी 52 अक्षरों का पूरा विस्तार दिया गया। इसका फायदा ये होता है कि मौके पर संग्रहालय पहुंचने वाले दर्शक उक्त अक्षरों के माध्यम से शिलालेखों को आसानी से पढ़ सकते हैं। साथ ही उन शिलालेखों के इतिहास और उस समय की सभ्यता को आसानी से समझ जाते हैं।

### लिपि के विस्तार को समझाया

देवनागरी लिपि के विस्तार को शिलालेख के माध्यम से समझाया गया है, ताकि मौके पर संग्रहालय में पहुंचने वाले दर्शक उक्त समय की लेखनी से परिचित हो सके। इससे फायदा ये है कि लोगों को समझ आता है कि हिंदी के विकास में देवनागरी लिपि किस तरह से लिखी गई है। - **प्रताप पारख,** अधीक्षक, महंत घासीदास संग्रहालय

---

## नागदा के पास थूरिया व तलवली रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेक पर पानी भरा, केंद्रीय मंत्री थावरचंद फंस गए

# भारी बारिश से मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग बंद राजधानी समेत कई ट्रेनें रास्ते में रुकीं

### बारिश के चलते महाराष्ट्र, गुजरात व मप्र से राजस्थान, उप्र, दिल्ली, पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनें बाधित हुईं, इंदौर -जोधपुर व गोरखपुर एक्सप्रेस का रूट बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागदा/रतलाम

प्रदेश में भारी बारिश के चलते मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग बंद हो गया। राजधानी समेत कई सुपरफास्ट ट्रेन की गति पर ब्रेक लग गया। नागदा के समीप थूरिया व तलवली रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रेक पर पानी भर गया। जिससे रेल मार्ग बंद हो गया। मार्ग बंद होने से राजधानी, दुरंतो और फ्रंटियर मेल ट्रेन को घंटों तक जंगल में खड़ा किया गया, तो कई ट्रेनों को नागदा स्टेशन पर खड़ा कर मार्ग बदला गया। ट्रेन मार्ग बाधित होने से केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत भी फंस गए हैं।

■ लगभग एक दर्जन ट्रेनें प्रभावित

नागदा स्टेशन पर भी यात्रियों का भीड़ लग गई। मार्ग बाधित होने से यात्री टिकट निरस्त कराने पहुंचे। बारिश के चलते महाराष्ट्र, गुजरात व मप्र से राजस्थान, उप्र, दिल्ली, पंजाब की ओर जाने वाले लगभग एक दर्जन ट्रेन बाधित हुई। कई ट्रेन नागदा स्टेशन पर ही नहीं पहुंची। ट्रेन क्रं 12465 इंदौर-जोधपुर व ट्रेन क्रं 9037 बांद्रा-गोरखपुर अवध एक्सप्रेस का नागदा से मार्ग बदला गया।

**खास बातें**

- राजधानी, दुरंतो और फ्रंटियर मेल ट्रेन को घंटों तक जंगल में खड़ी रही
- मार्ग बाधित होने से बड़ी संख्या में टिकट रद्द कराने पहुंचे



### केंद्रीय मंत्री फंसे बाढ़ में

केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत भी बाढ़ में फंस गए। गेहलोत शनिवार सुबह ट्रेन क्रं 12416 हजरत निजामउद्दीन ट्रेन से दिल्ली से नागदा की ओर आ रहे थे। यह ट्रेन सुबह 8:50 बजे नागदा स्टेशन पहुंचती है। लेकिन आलोट के आगे रेलवे ट्रेक पर पानी भरा होने से निजामउद्दीन ट्रेन को भी घंटो तक जंगल में खड़ा किया गया। इस दौरान मंत्री गेहलोत भी ट्रेन में बैठे रहे। दोपहर 1 बजे तक ट्रेन चलने की कोई सूचना नहीं थी। यह ट्रेन चौमेहला स्टेशन के समीप खड़ी रही।

### ये ट्रेनें हुई बाधित

12416 निजामउद्दीन -05 घंटे लेट
69155 रतलाम-मथुरा लोकल
नागदा से मथुरा तक निरस्त
19020 देहरादून-बांद्रा 04 घंटे लेट
59804 मेला गाड़ी 04 घंटे लेट
59803 रतलाम-कोटा गाड़ी 09 घंटे लेट

### ये ट्रेनें हुई प्रभावित

जोधपुर ट्रेन को नागदा से रतलाम, जावरा, नीमच, मंदसौर, चित्तौडगढ़, उदयपुर होते हुए कोटा की ओर रवाना किया गया। इसी प्रकार अवध एक्सप्रेस ट्रेन को नागदा से उज्जैन, मक्सी, शाजापुर होते हुए कोटा के लिए रवाना किया गया। जबकि ट्रेन नं 12903 मुंबई सेंट्रल व अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल, राजधानी व दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन को ओलाट स्टेशन के पूर्व गांव और जंगल में खड़ा कर दिया गया। यह ट्रेन लगभग 4 से 5 घंटे तक जंगल में खड़ी रही। बाद में इन ट्रेनों को रिर्टन करते हुए नागदा से रतलाम, मंदसौर के रास्ते कोटा की ओर रवाना किया गया। यह तीनों ट्रेन सुबह 8 बजे के दरमियान नागदा स्टेशन से दिल्ली की ओर रवाना हो गई थी।

## लखुंदर नदी में बाढ़, आगर में 12 घंटे 7 इंच बारिश

**आगर।** प्रदेश के नवगठित जिले आगर-मालवा में झमाझम बारिश से हाल बेहाल हो गए हैं। शहर का अपने आसपास के क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। नलखेड़ा में लखुंदर नदी में उफान आ गया है। तेज बारिश के बाद कुणडलिया बांध के 11 गेट खोल दिए गए हैं। बारिश के कारण लोग बेहाल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आगर में 12 घंटे में 7 इंच और सुसनेर में 24 घंटे में 10 इंच बारिश हुई। नदी में आई बाढ़ के कारण ध बगलामुखी मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते बंद हो गए हैं। मंदिर में भी बाढ़ पानी भर गया है।



### गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

**शाजापुर।** शाजापुर में भारी बारिश से हालात बेकाबू हो गए हैं। चीलर नदी का पानी गांवों में घुस गया है। बेरछा गांव में चार से पांच फीट तक पानी भरा हुआ है। लोगों को घरों की छतों पर जाना पड़ा है। वहीं पानी भरने से कई लोगों ने अपना मकान खाली कर दिया है। यहां लखुंदर नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है।

### मंदसौर में बाढ़ जैसे हालात, गांधीसागर बांध के सभी 19 गेट खोले

**मंदसौर।** शुक्रवार शाम से ही जारी तेज बारिश के चलते मंदसौर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। चंबल, शिवना, तुम्बड़, रेतम, सोमली, अंजनी, रेवा सहित सभी नदी-नाले उफान पर हैं। पानी की तेज आवक के चलते गांधीसागर बांध के सभी 19 गेट खोल दिए गए है। वहीं शिवना नदी ने एक बार फिर पशुपतिनाथ मंदिर में प्रवेश कर लिया है। पूरे मंदिर परिसर में शिवना नदी का पानी घुस गया है। एहतियातन यहां सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

---


## 12वीं की पुस्तक में कलाम की गलत जानकारी प्रकाशित

◆ हिंदी सामान्य पुस्तक मकरंद पाठ में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम के निधन की जानकारी में है त्रुटि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के निधन की जानकारी सरकारी स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को गलत दी जा रही है। 12वीं हिन्दी सामान्य पुस्तक मकरंद पाठ में पूर्व राष्ट्रपति का निधन 1915 में होना बताया गया है, जबकि उनका निधन 27 जुलाई 2015 को हुआ था।

पुस्तक में यह गलती सामने के आने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। हालांकि राज्य शिक्षा केन्द्र ने इसमें अपनी गलती मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों व प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि मिसाइलमैन के नाम मशहूर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के निधन के बारे में विद्यार्थियों को सही और सटीक जानकारी देकर बताया जाए कि उनका निधन वर्ष 2015 में हुआ था।



### प्राचार्य-शिक्षक अनिवार्य रूप से दें जानकारी

राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक आईरीन सिंथिया जेपी ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र भेजा है जिसमें बताया कि 12वीं सामान्य हिन्दी पुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 49 पाठ मेरे सपनों के भारत में पूर्व राष्ट्रपति के जीवन परिचय में उनके निधन की तिथि गलत प्रकाशित हो गई है। डीईओ (जिला शिक्षा अधिकारी), डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक) से दो टूक कहा कि प्राचार्य और शिक्षक 12वीं कक्षाओं में जाकर पूर्व राष्ट्रपति के निधन की सही तिथि की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाएं।

### पुस्तक पर सुधार नहीं हो सकता

राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से कहा कि सिर्फ निधन के तिथि में त्रुटि हुई इसलिए पुस्तक पर सुधार नहीं हो सकता है और न ही नई पुस्तकें प्रकाशित कराई जा सकती है। इसलिए शिक्षक-प्राचार्य का दायित्व है कि वह विद्यार्थियों तक सही जानकारी पहुंचाएं।

### शिक्षकों बच्चों को सही बताएं..

राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक के पत्र मिलने के बाद प्राचार्यों व शिक्षकों तक जानकारी पहुंचा दी गई है। शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों तक सही जानकारी पहुंचाएं।

**एसके नेमा**
जिला शिक्षा अधिकारी

---

कार्यक्रम में लोगों ने देवास, सांवेर, महू में भी मेट्रो चलाने की मांग की

## बढ़ती जनसंख्या के चलते इंदौर में जरूरी है मेट्रो ट्रेन: कमलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर मे मेट्रो रेल की आधारशिला रखने पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए मैंने अनुभव किया कि दिल्ली में मेट्रो चलने वाली थी उस समय यह प्रश्न था कि किस क्षेत्र को जोड़ा जाए, लेकिन फिर तय किया कि इसे शुरू कर दिया जाए फिर शहर दर शहर जोड़ते चले जाएं।

यदि हम इस सोच में पड़ जाएंगे कि किस स्थान पर इसे चलाना है तो इसे शुरू किस तरह से किया जाएगा। यही बात यहां शुरू होने वाली मेट्रो रेल सेवा को लेकर भी ध्यान में रखनी होगी। सीएम कमलनाथ ने कहा कि इंदौर की जो जनसंख्या है वह अधिक है और इसकी कैरिंग कैपेसिटी खत्म हो रही है। यदि नोएडा नहीं बना होता, गुड़गांव नहीं बना होता तो दिल्ली का क्या होता।



### विकास के लिए हर प्रयास कर रही सरकार

कमलनाथ बताया कि मेट्रो रेल के लिए पूरे शहर को सर्कल फेस में लिया गया है। हालांकि सांवेर, देवास, महू अन्य शहरों में भी मेट्रो चलाने की मांग नेताओं ने की। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना की शुरूआत के बाद इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। राज्य के मंत्री जीतू पटवारी ने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने हुकूमचंद मिल के कर्मचारियों के हितों में आवश्यक कदम उठाने की मांग सीएम कमलनाथ से की। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी के कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा मिले ऐसे प्रयास शहर में होते रहे हैं। उन्होंने भाजपा दवारा बीआरटीएस को लेकर किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को सरकार नहीं छोड़ेगी।

### *भार घटाने उपनगरों का विकास जरूरी*

*मुंबई में थाणे को विकसित किया गया। इसी प्रकार इंदौर और राज्य में होने वाले विकास को लेना होगा। इंदौर में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के शिलान्यास समारोह में राज्य के मंत्री जयवर्धन सिंह, तुलसी सिलावट, सज्जन वर्मा, जीतू पटवारी आदि मौजूद थे। समारोह में सांसद शंकर लालवानी भी शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री जयवर्धन सिंह ने ब्रिलियन्ट कन्वेंशन सेंटर में कहा कि 8 साल पहले 2011 में इंदौर मेट्रो की डीपीआर तैयार की गई थी। उस समय नगरीय विकास मंत्री बाबूलाल गौर थे और केंद्रीय मंत्री कमलनाथ थे। उस समय भी कमलनाथ ने इंदौर मेट्रो को लेकर कोशिश की थी। देश के अन्य शहरों में भी मेट्रो रेल स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया यह करिश्मा है कि इंदौर मेट्रो का भूमिपूजन भी तब हुआ जब राज्य के सीएम कमलनाथ हैं।*

## एयर इंडिया के अधिकारियों ने विधायक से माफी मांगी



**महासमुंद,रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के महासमुन्द विधायक विनोद चन्द्राकर के घर शनिवार सुबह एयर इंडिया रायपुर के दो स्टाफ माफी मांगने मिठाई लेकर पहुँचे। इंजीनियर एके टंडन, और प्रफुल्ल कुमार ने यहां विधायक से भेंटकर मिठाई खिलाई। उन्होंने सात सितंबर को विधायक के साथ एयर इंडिया के महिला कर्मी द्वारा किए गए बर्ताव और उत्पन्न परिस्थिति के लिए खेद जताते हुए भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने का आश्वासन दिया। इस पर विधायक लिखित माफीनामा और मीडिया के समक्ष जानबूझकर बदनाम करने के लिए मीडिया में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर माफीनामा स्वीकार करने की मांग रखी। ऐसा नहीं होने पर मानहानि का दावा करने की चेतावनी दी। कमरे में विधायक और एयर इंडिया स्टाफ की चर्चा करीब आधा घंटा तक हुई। चर्चा के बाद बाहर निकले एयर इंडिया स्टाफ ने मीडिया से चर्चा करने से इंकार कर दिया, केवल इतना कहा कि सीसीटीवी फुटेज देख लिया गया है, विधायक के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता, इसलिए वे सौजन्य मुलाकात करने के लिए विधायक निवास पहुँचे हैं।

17वीं पायदान से पहुंचा नौवें स्थान पर

## देश के टॉप 10 स्मार्ट सिटी वाले शहरों में इंदौर शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा देश के स्मार्ट सिटी के कार्यों के आधार पर शुक्रवार को जारी की गई रैंकिंग में इंदौर शहर देश के टॉप 10 स्मार्ट सिटी वाले शहरों में शामिल हुआ है। इस रैंकिंग में इंदौर को 259.81 अंक मिले हैं और यह पुणे, वडोदरा जैसे देश के प्रमुख शहरों को पीछे छोड़कर नौवें स्थान पर आया है। इसके पूर्व की रैंकिंग में यह 17वें नंबर पर था। रैंकिंग में नागपुर नंबर एक पर है, जबकि भोपाल शहर इंदौर से आगे है। केंद्र ने तीन साल पहले स्मार्ट सिटी की योजना लॉन्च की थी। इसमें पहले चरण में इंदौर, भोपाल व जबलपुर शहर शामिल हुए थे। इसके बाद अलग-अलग चरणों में प्रदेश के सात शहर स्मार्ट सिटी के लिए अब तक शामिल हुए हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इंदौर में एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत महूनाका से टोरी कॉर्नर, बड़ा गणपति से राजमोहल्ला तथा व्यास ब्रिज से जिंसी तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। गंगवाल बस स्टैंड से मच्छी बाजार और जयरामपुर कॉलोनी से गोराकुंड सड़क चौड़ीकरण परियोजना में निर्माण प्रगति पर है।



### सरकारी स्कूलों में 100 स्मार्ट क्लास रूम भी तैयार

शहर में 10 कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण व इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर तैयार किया गया है। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में 100 स्मार्ट क्लास रूम भी तैयार किए गए हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर के कई क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण के लिए ग्रेफिटी व म्यूरल आर्ट कार्य पूरा किया गया। वर्तमान में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, सिटी सर्विलांस, स्मार्ट पोल व जीआईएस सर्वे किया जा रहा है। इंदौर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के मुताबिक इस रैंकिंग का मुख्य आधार स्मार्ट सिटी में तय मापदंडों का पालन था। इसमें विस्तृत योजना बनाने, बोर्ड बैठकों का आयोजन, सही तरीके से टेंडरिंग, प्रोजेक्ट्स की प्रगति एवं पूर्ण किए गए कार्य शामिल थे। इन्हीं का फायदा इस रैंकिंग में इंदौर स्मार्ट सिटी को मिला है।

---

बालाघाट के हैं आरोपी, महासमुंद जिले में कृषि सेवा केंद्रों से की उगाही

## कृषि अधिकारी बनकर कर रहे थे वसूली, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय कृषि अधिकारी बनकर बालाघाट के दो युवक महासमुंद जिले में जबरिया उगाही कर रहे थे। तीन दिन से चल रहे इन युवकों के काले कारनामों का नागरिकों की जागरूकता से भंडाफोड़ हुआ। दोनों युवक सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। कृषि सेवा केंद्रों से जबरिया उगाही करने वालों में कुंदन नगपुरे (33), निवासी चिखला और रविंद्र गौतम (31)निवासी देवरी ब्लाक किरनापुर जिला बालाघाट शामिल हैं।



### इनसे की है वसूली

जय अम्बे कृषि केन्द्र बोड़राबांधा टिकेलाल चक्रधारी,उत्तम चन्द्राकर कृषि सेवा केन्द्र खम्हरिया, ओम भवानी कृषि केन्द्र तुसदा से पांच-पांच हजार रुपए, न्यू किसान बीज भंडार कामरौद बागबहारा से तीन हजार रुपये वसूली किया है।

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

ढोड़ के सोमप्रकाश साहू की तमोरा में आदित्य कृषि केन्द्र हैं। जहां 12 सितंबर को पहुंचे और खुद को केंद्रीय कृषि अधिकारी बताया। लाइसेंस और स्टाक पंजी देखने के बाद सही ढंग से संधारित नहीं होना बोलकर लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दी और पांच हजार रुपये वसूल कर चले गए। दूसरे दिनआसपास के गांवों में उगाही कर रहे थे। तब ग्रामीणों ने महासमुंद निवासी किसान नेता जागेश्वर जुगनू को इसकी सूचना दी। जागेश्वर ने पुलिस को सूचित किया ।

दादी को फोटोग्राफी करते देख पोतों ने भी इसे ही प्रोफेशन बनाया

## माथे पर पल्लू, गले में कैमरा...फोटो वाली आंटी

### *गांव में हर मांगलिक कार्यक्रमों में बुलाई जाती हैं, ब्रजभूमि फाउंडेशन ने इन्हें सम्मानित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

नाम-शांताबाई, उम्र करीब 65 साल, माथे पर पल्लू, ठेठ देहाती रहन-सहन, खनकती चूड़ियां, गले में माला की तरह लटका कैमरा और क्लिक करने से पहले कहती हैं... स्माइल प्लीज। गांव में किसी के घर में सूरज पूजा हो, गोदभराई हो या शादी-ब्याह के कार्यक्रम हो। 'फोटो वाली आंटी' को जरूर याद करते हैं। यह पालदा निवासी शांता बाई सोनगरा की। शनिवार को ब्रजभूमि फाउंडेशन ने इन्हें सम्मानित किया।

**खास बातें**

- सशक्तीकरण योजना के तहत 2003 में लिया प्रशिक्षण
- 5 हजार लोन लेकर खरीदा कैमरा

### दादी रील वाले और पोते डिजीटल कैमरे चलाते हैं



दादी को देखकर शांताबाई के पोते भी फोटोग्राफी करने लगे हैं। वे कहती हैं पोतों के बचपन में सैकड़ों तस्वीरें खींची हैं। पोते निर्मल और चेतन ने भी फोटोग्राफी सीखी। वे डिजीटल कैमरे से फोटो खींचते हैं।

### घूंघट के कारण लगातार मिलने लगा काम

शांताबाई कहती है कि गांव में पुरुषों से बहुत पर्दा किया जाता था तो कई बार महिलाओं के कार्यक्रम में पुरुष फोटोग्राफर नहीं बुला पाते थे। मुझे मौका मिल गया। महिलाओं को अच्छा लगने लगा तो गांव में चर्चा होने लगी। फिर कई आयोजनों में बुलाया जाने लगा। मैं आज भी रील वाले कैमरे से ही फोटो खींचती हूं।

# समान नागरिक संहिता क्यों नहीं



**सवाल**
प्रमोद जोशी

समान नागरिक संहिता का मामला जब उठता है तभी सांप्रदायिक सवाल भी उठने लगते हैं। सन 1985 में शाहबानो मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राजीव गांधी ने पचास के दशक की नेहरू जैसी दृढ़ता दिखाई होती तो शायद राजनीति में साम्प्रदायिकता की वह भूमिका नहीं होती, जो आज नजर आती है। दुर्भाग्य से समान नागरिक संहिता की बहस साम्प्रदायिक राजनीति की है। लगता नहीं कि लम्बे समय तक हम इसके बाहर आ पाएंगे। इस अंतर्विरोध की शुरुआत संविधान सभा से ही हो गई थी, जब मौलिक अधिकारों से हटाकर नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा बनाया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिए गए एक फैसले में कहा कि देश के सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पिछले 63 साल में कोई प्रयास नहीं किया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कई बार कहा है। अदालत ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने भाग 4 में नीति निर्देशक तत्वों का विवरण देते हुए अनुच्छेद 44 के माध्यम से उम्मीद जताई थी कि देश के सभी हिस्सों में समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि हिन्दू पर्सनल लॉ को 1956 में कानून की शक्ल दी गई, लेकिन उसके बाद समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।

शाहबानो और सरला मुदगल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों में समान संहिता की सिफारिशों के बाद भी कुछ नहीं हुआ। अदालत की इस टिप्पणी के बाद फिर से कुछ संवदेनशील मामलों पर देश में बहस शुरू होगी, जिनका संबंध धार्मिक मान्यताओं से है और जो आधुनिक भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। भाजपा की केंद्र सरकार को इससे नैतिक और राजनीतिक सहारा भी मिलेगा, जो इस सिलसिले में लगातार प्रयत्नशील है।

इसके साथ ही हमें यह विचार भी करना होगा कि समान नागरिक संहिता से हमारा मतलब क्या है। यानी हम किस प्रकार का कानून चाहते हैं? क्या यह कानून पूरे देश में लागू हो सकेगा? अनुच्छेद 371 कुछ इलाकों पर समान कानून लागू करने से रोकता है। व्यक्तिगत कानून धार्मिक मान्यताओं से जुड़े हैं और यह संवेदनशील मसला है। क्या हम धार्मिक समूहों की स्वीकृति प्राप्त कर सकेंगे? तीन तलाक मामले में ऐसा हुआ नहीं। ऐसे कानून को बनाने और लागू करने के पहले हमें धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक जीवन में परंपराओं को आधुनिक बनने का इंतजार करना होगा। खासतौर से स्त्रियों के अधिकारों के मामले में। विधि मंत्रालय ने 17 जून 2016 को 21वें आयोग से कहा था कि वह समान नागरिक संहिता के मामले को देखे। आयोग ने दो साल के अध्ययन के बाद अगस्त 2018 में अपने कार्यकाल के अंतिम दिन पेश एक परामर्श पत्र में कहा कि इस समय समान नागरिक संहिता की न तो जरूरत है और न वांछित। समग्र रिपोर्ट पेश करने के लिए आयोग के पास समय कम था। परामर्श पत्र में कहा गया, समान नागरिक संहिता का मुद्दा व्यापक है और उसके संभावित नतीजे अभी भारत में परखे नहीं गए हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस बीएस चौहान ने पहले कहा था कि समान संहिता की अनुशंसा करने के बजाए, आयोग चरणबद्ध बदलाव की अनुशंसा कर सकता है।

बहरहाल अब यह 22वें विधि आयोग पर निर्भर करेगा कि वह इस मुद्दे पर व्यापक रिपोर्ट दे। जुलाई में केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचना दी थी कि 22वें विधि आयोग का गठन अभी नहीं हुआ है। जब होगा उसके सामने इस मसले को रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने नवीनतम फैसले में कहा कि गोवा एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां समान नागरिक संहिता, धर्म की परवाह किए बिना सब पर लागू है। यह मामला गोवा के एक परिवार के सम्पत्ति विवाद से जुड़ा था। गोवा में 2016 तक पुर्तगाली सिविल लॉ लागू था जिसके मुताबिक गोवा या गोवा से बाहर सम्पत्ति रखने वाले गोवा के मूल निवासियों की संपत्ति बंटवारा इसी कानून से होता था। सन 2016 में पुर्तगाली सिविल कोड के कई प्रावधानों को गोवा उत्तराधिकार कानून से बदल दिया गया था।



अदालत ने इस सवाल पर भी गौर किया कि क्या पुर्तगाली नागरिक संहिता को विदेशी कानून कहा जा सकता है। पीठ ने कहा कि पुर्तगाली नागरिक संहिता भारतीय संसद के एक कानून के कारण गोवा में लागू है। इसलिए वह कानून जो भले ही विदेशी मूल का हो, भारतीय कानूनों का हिस्सा बना और यह अब विदेशी कानून नहीं है। गोवा में पंजीकृत विवाह में मुस्लिम पुरुष को बहुविवाह का अधिकार नहीं है और मुंह-जुबानी तलाक भी स्वीकृत नहीं है।

समान नागरिक संहिता का मामला जब उठता है तभी कई प्रकार के सांप्रदायिक सवाल उठने लगते हैं। सन 1985 में शाहबानो मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राजीव गांधी की कांग्रेस पार्टी ने पचास के दशक की नेहरू जैसी दृढ़ता दिखाई होती तो शायद राष्ट्रीय राजनीति में साम्प्रदायिकता की वह भूमिका नहीं होती, जो आज नजर आती है। दुर्भाग्य से समान नागरिक संहिता की बहस साम्प्रदायिक राजनीति की है। लगता नहीं कि लम्बे समय तक हम इसके बाहर आ पाएंगे।

इस अंतर्विरोध की शुरुआत संविधान सभा से ही हो गई थी, जब मौलिक अधिकारों से हटाकर नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा बनाया गया। यह सवाल हमारे बीच आज भी कायम है तो इसकी वजह है हमारे सामाजिक अंतर्विरोध और राजनीतिक पाखंड। राजनीतिक दलों ने प्रगतिशीलता के नाम पर संकीर्णता को ही बढ़ावा दिया। यह बात समझ में आती है कि सामाजिक बदलाव के लिए भी समय दिया जाना चाहिए, पर क्या हमारे समाज में विवेकशीलता और वैज्ञानिकता को बढ़ाने की कोई मुहिम है?

सब पर समान रूप से लागू होने वाला कानून अच्छा विचार है, पर वह तभी संभव है, जब समाज अपने भीतर सुधार के लिए तैयार हो। वह दिन कब आएगा? राजनीतिक दलों का यह इरादा नहीं है। और लोकतंत्र इतना प्रौढ़ भी नहीं है। पर क्या यह माना जाए कि संविधान निर्माताओं ने जिस समझदारी के साथ देश पर समान नागरिक संहिता लागू नहीं की उसके मद्देनज़र इस मामले को जस का तस रहने दिया जाए? बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद कहा कि अगले तीन-चार साल में मोदी सरकार वह सारे काम पूरा कर लेगी जिनका उन्होंने देश की जनता से वादा किया है। कोई भी वादा अधूरा नहीं रहेगा। अगले 3-4 साल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार समान नागरिक संहिता भी ले आएगी। कहा जाता है कि सरकार इन मामलों को बीजेपी चुनावों के मद्देनज़र उठाती चाहती है। पर यह सवाल जब भी उठेगा तब उसे राजनीति से प्रेरित माना जाएगा। क्या कभी ऐसा समय आएगा जब सभी राजनीतिक दल इस सवाल पर बहस को जरूरी मानेंगे? क्यों नहीं वह बहस अभी शुरू की जाए?

# छटपटाहट में कांग्रेस



**मंत्रणा**
सुशील राजेश

महाराष्ट्र कांग्रेस के एक अल्पसंख्यक नेता ने मुझे बताया कि जब राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष थे तो उन्होंने मुस्लिम कार्यकर्ताओं की एक अच्छी-खासी भीड़ के साथ उनसे मुलाकात का वक्त मांगा था। वह भीड़ कांग्रेस में शामिल होना चाहती थी। वे कई दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहे, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात नहीं हो सकी। नतीजतन वह और भीड़ मुंबई लौट गए। अब वह अल्पसंख्यक नेता 5000 कार्यकर्ताओं समेत भाजपा में शामिल होने की तैयारी में है। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हो चुकी है। महाराष्ट्र नेता प्रतिपक्ष रहे राधाकृष्ण विखे पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष रहे कृपाशंकर सिंह भाजपा में आ चुके हैं।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जो बैठक बुलाई थी, उसके समापन के बाद कांग्रेसियों का एक ही सवाल था, ऐसे कैसे कांग्रेस का उत्थान और वापसी संभव है? हालांकि बाहर आकर कांग्रेसी मानते रहे कि सोनिया के नेतृत्व में बैठक के आए सुझाव और रणनीति सभी पुरानी शैली के थे।

दिल्ली में कांग्रेस के ही एक पुराने दिग्गज नेता की इच्छा भी भाजपा में आने की है। उनके संपर्क में 12-15 पूर्व कांग्रेस विधायक भी हैं। जाहिर है कि उनके अपने-अपने जनाधार होंगे और 6 माह कबाद दिल्ली में भी विस चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेतृत्वहीन अवस्था में है। हरियाणा का मामला भी कुछ ऐसा है। कांग्रेस आलाकमान को मजबूरन भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को नेता बनाना पड़ा। कुमारी सैलजा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तय किया गया। पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र अभी सार्वजनिक होना है, लेकिन हुड्डा का दावा है कि बीते दिनों उन्होंने रोहतक रैली में जो वायदे किए थे, वही घोषणापत्र भी है। यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्हीं के आधार पर काम किया जाएगा।

दरअसल कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जो बैठक बुलाई थी, उसके समापन के बाद कांग्रेसियों का एक ही सवाल था, ऐसे कैसे कांग्रेस का उत्थान और वापसी संभव है? हालांकि बाहर आकर कांग्रेसी मानते रहे कि सोनिया के नेतृत्व में बैठक के आए सुझाव और रणनीति सभी पुरानी शैली के थे। सोनिया की उम्र भी हो चुकी है और उन्हें बार-बार अस्वस्थ बताया जाता रहा है। सवाल है कि पहली चिन्ता पार्टी अध्यक्ष चुनने की होनी चाहिए या किसी और मुद्दे पर नसीहतें दी जाएं?

संगठन की कवायद के साथ यह भी नसीहत दी गई है कि पार्टी आरएसएस और भाजपा से अलग दिखाई दे। अंतरिम अध्यक्ष के निर्देश हैं कि पूर्वोत्तर में पहले की तर्ज पर कांग्रेस समन्वय समितियां बनाई जाएं और वे पूर्वोत्तर के एनडीए के समानांतर सक्रिय हों। विकास का एजेंडा तैयार करें। वहां नागरिक संशोधन बिल का विरोध करें, लेकिन स्वदेशी और स्थानीय लोगों के लगातार संपर्क में रहें। सवाल है कि इस कवायद का नेतृत्व कौन करेगा? यह भी तय किया गया है कि पार्टी आर्थिक सुस्ती के विरोध में सड़क पर उतर कर संघर्ष करेगी। महात्मा गांधी की जयंती पर पैदल यात्राएं निकाली जाएंगी। उनके लिए पार्टी सचिवों को भी लामबंद किया जा रहा है। इसके नतीजे भी शीघ्र ही सामने होंगे। दरअसल कांग्रेस में आक्रामकता का अभाव है। संगठन और जन-प्रतिनिधि के स्तर पर पार्टी छिन्न-भिन्न होती जा रही है। देश के 16 राज्य ऐसे हैं, जहां उसका एक भी सांसद नहीं चुना गया है। सिर्फ पांच राज्यों पंजाब, मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पुडुचेरी-में कांग्रेस सरकारें बची हैं। उनमें से भी कितनी अपना कार्यकाल पूरा कर सकेंगी,यह भी एक अनिश्चित है। बहरहाल कांग्रेस छटपटाहट की स्थिति में मंत्रणा कर रही है, यह भी कोई कम नहीं है, लेकिन उसके फलितार्थ देखे जाने चाहिए।

# कठपुतली हैं इमरान



**पाकिस्तान**
प्रभात कुमार राय

कश्मीर घाटी पर बलपूर्वक आधिपत्य स्थापित करने की मंशा से वर्ष 1947 से ही पाक़ फौज़ द्वारा तीन बड़े युद्ध लड़े गए और वर्ष 1989 से जेहादी प्रॉक्सीवार का आगाज किया गया। 5 अगस्त से जब से भारत द्वारा अपने जम्मू-कश्मीर प्रांत का विशेष दर्जा खत्म किया गया है, तभी से पाक़ फौजी हुक्मरानों के कठपुतली प्रधानमंत्री इमरान खान बौखलायी सी जंगखोर बयानबाजी कर रहे हैं। मुजफ्फराबाद के खुर्शीद हसन स्टेडियम में इमरान खान द्वारा कश्मीरियों को भारत के विरुद्ध हथियार उठाने का बाकायदा आह्वान किया गया। भारत के विरुद्ध हथियार उठाने की इमरान खान की ललकार को क्या भारत के विरुद्ध ऐलान-ए-जंग समझा जाए? प्रॉक्सीवार का नकाब फाड़कर क्या इमरान खान भारत के विरुद्ध सीधे युद्ध में उतरने का ऐलान कर रहे हैं? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मुंह की खाने के तत्पश्चात पाक हुकूमत अब संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद के समक्ष दुहाई दे रही है। समस्त विश्व अच्छी तरह से वाकिफ है कि मानव अधिकारों का सबसे बड़ा हननकर्ता तो पाकिस्तान ही है, जो सिंध, बलूचिस्तान और कश्मीर प्रांत में अपने ही नागरिकों पर जुल्म ढा रहा है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का केंद्र बना पाकिस्तान आखिरकार दुनिया से कहना क्या चाहता है? अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप तो उसे सबसे बड़ा धोखेबाज मुल्क करार दे चुके हैं।

विश्वपटल पर पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का किरदार कठपुतली नृत्य कर रहा है। इमरान खान के कठपुतली नृत्य की बागडोर वस्तुतः पाकिस्तान की राजसत्ता में विद्यमान डीप-स्टेट पाक फौज के हाथों में है। 72 वर्षों के इतिहास ने इमरान खान सरीखे प्रधानमंत्री का दीदार अभी तक नहीं किया है। नवाज शरीफ के व्यक्तित्व से आजिज आ चुके पाक फौजी हुक्मरॉनों द्वारा पाक सुप्रीम कोर्ट से सांठ-गांठ करके नवाज शरीफ का तख्ता पटल किया गया। तत्पश्चात पाक फौजी हुक्मरानों द्वारा इमरान को प्रबल समर्थन दिया और इमरान पीएम पद पर आसीन हो गए। विगत 72 वर्षों में पाकिस्तान पर 40 वर्षों तक सीधे फौजी हुक्मरानों का राजसत्ता पर प्रभुत्व बरकरार रखते हैं। जब कभी भी पाक फौजी हुक्मरानों को प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री पाक़ राजसत्ता में उनके प्रबल प्रभुत्व को चुनौती देने लगा है, तो उसका तख्ता पटल दिया जाता है। फौजी तख्तापलट की लोमहर्षक दास्तान वर्ष 1951 में पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के कत्ल से शुरू होकर जुल्फीकार अली भुट्टो और बेनजीर के कत्ल तक आती है।

पाक़ फौजी हुक्मरॉनों के लिए इमरान खान सबसे अधिक कारगर प्रधानमंत्री सिद्ध हो रहे हैं, क्योंकि वो किसी तौर पर भी राजनीतिज्ञ हैं ही नहीं। इमरान उसी भाषा में बोल रहे हैं, जिसमें पाक फौजी हुक्मरान उनसे बुलवाना चाहते हैं। कश्मीर के लिए भारत के विरुद्ध 30 वर्षों से संचालित प्रॉक्सीवार को इमरान क्या अब एक खुली जंग में बदलना चाहते हैं? क्या आर्थिक तौर पर बदहाल पाकिस्तान को एकजुट बनाए रखने का क्या बस एक कारगर तरीका शेष रह गया है? और क्या वो है कि भारत के विरुद्ध एक और विनाशकारी जंग शुरू कर दी जाए? किसी देश की सक्रिय राजनीति का जब फौज और फौजी युद्धों द्वारा संचालन किया जाने लगता है तो फिर उस देश के विनाश को कोई ताकत नहीं रोक सकती है। पूर्वी पाकिस्तान को गंवाकर एक युद्ध में अपना एक विनाश पाकिस्तान पहले देख चुका है। इतिहास साक्षी है एक दौर में जर्मनी, इटली और जापान का विनाश वस्तुतः विवादों और मसलों को युद्ध द्वारा सुलझा लेने की मानसिकता के कारण ही हुआ था।

विश्वपटल पर पाक़ प्रधानमंत्री इमरान खान का किरदार कठपुतली नृत्य कर रहा है। इमरान खान के कठपुतली नृत्य की बागडोर वस्तुत: पाकिस्तान की राजसत्ता में विद्यमान डीप-स्टेट पाक़ फौज़ के हाथों में है। 72 वर्षों के इतिहास ने इमरान सरीखे प्रधानमंत्री का दीदार अभी तक नहीं किया है।

# बहत्तर साल बाद भी मुहाजिर



**दर्द**
डॉ. चंद्र त्रिखा

इतिहास के पन्नों से कोई भी घटनाक्रम जल्द हाशिए पर नहीं जाता। विभाजन के परवर्ती प्रभाव अब तक मौजूद हैं। भारत-पाक विभाजन को अब 72 वर्ष बीत चुके। उधर से आए लोग यहां आकर देश के प्रमुख उद्यमियों की कतार में भी शामिल हुए, राजनीति में शिखर तक पहुंचे। पत्रकारिता, साहित्य व संस्कृति में उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी। लेकिन पुराने घावों पर कोई चोट होती है तो पीड़ा कुनमुनाने लगती है।

यही सिलसिला पाकिस्तान में भी है। वहां भी 72 वर्ष बाद तक मुहाजिर शब्द का प्रयोग नहीं हटा। भारत में अभी भी कोई चिरकुट नेता रिफ्यूजी शब्द को उछाल देता है। कई स्थलों पर ऐसा हुआ है। जैसे जाट, ब्राह्मण, बनिया, अनुसूचित के खांचों में ढालकर चुनावी-टिकट बांटे जाते हैं वैसे ही वर्ष 1947 में उधर से इधर आने वालों के लिए भी एक खांचा है, जिसका प्रयोग वोट बैंक या जनसमर्थन के लिए होता है। यह संकीर्ण सोच सिर्फ राजनीति में नहीं है, अन्य क्षेत्रों में भी है।

दिल्ली व अन्य उसके आसपास आपको ऐसे असंख्य उदाहरण मिल जाएंगे जो अभी तक पुराने प्रभावों से मुक्त नहीं हो पाए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने एक मार्केट का एक छोटा सा दुकानदार है राजेंद्र सिंह लाडी। उसके परिवार ने विभाजन का दंश भी झेला। बाद में आतंकवाद भी भुगता। उसके बाद नई दिल्ली के नए सीलिंग-प्रावधानों के तहत कारोबार से उजड़ने का दंश भी झेला, लेकिन वैचारिक तौर पर सक्रियता का दामन नहीं छूटा। अकाली-राजनीति की भीतरी गुटबंदी उसके राजनीतिक पुनर्वास में बाधा बनी। अब वह विभाजन के किसी भी नए विवाद को लेकर जूझने लगता है। दयाल सिंह लायब्रेरी व कॉलेज के नाम बदलने या सरगंगाराम से जुड़ी बातों को लेकर वह अपने आसपास लोगों को लामबंद करता है और प्रकाशित लेखों को प्रधानमंत्री आवास तक दे आता है। कभी सामाजिक कार्यों में लग जाता है। वृक्षारोपण या स्वर्ण मंदिर दर्शन, वह अपने परिवेश के लोगों को लेकर सामूहिक भागीदारी का झंडा उठा लेता है। वह अपने आपको व्यस्त न करे तो उसके लिए वर्तमान की आपाधापी में जीना मुहाल हो जाएगा। ऐसे अन्य परिवार हैं जो अभी तक विभाजन या 1984 के दंगों की विभीषिका से मुक्त नहीं हो पा रहे। उनके मन के किसी कोने में यह आशंका भी है कि इस बार फिर कोई कहर टूटा तो कैसे बचाकर रख पाएंगे अपना संतुलन।

ऐसा भी नहीं है कि दंश सिर्फ हिन्दुओं और सिखों ने झेला। असंख्य मुसलमानों ने भी झेला। पाकिस्तान टाइम्स की 13 अगस्त 1947 की एक रिपोर्ट के अनुसार जिला गुरदासपुर से लगभग 5000 मुस्लिम शरणार्थी पिछले दो दिन के लाहौर पहुंचे। 24 अगस्त तक यह संख्या 1.5 लाख से भी ऊपर हो गई। 14 सितंबर की प्रकाशित खबर के अनुसार लगभग 50 हज़ार शरणार्थी प्रतिदिन लाहौर व आसपास के कस्बों में प्रवेश कर रहे थे।

14 सितम्बर तक कुल 12 लाख शरणार्थी भारतीय शहरों से वहां पहुंचे थे। वाघा-सीमा से पहुंचने वालों की संख्या 5 लाख थी, जब कि कसूर क्षेत्र में लगभग 4 लाख मुस्लिम शरणार्थियों ने शरण ली थी। एक लाख मुस्लिम सुलेमान की सीमा से प्रविष्ट हुए थे। मिंटगुमरी और मुलतान में लगभग 3.5 लाख मुस्लिम शरणार्थी बसाए गए थे।

सभी के साथ वही त्रास्दी, वही लोम हर्षक पीड़ा, दुखान्त भरे घटनाक्रम और पूरी तरह उजड़ कर नई धरती पर रोंपे जाने की व्याकुलता। काफिलों की शक्ल में अपने अपने बूते पर आबादी का स्थानांतरण 14 अगस्त से पहले ही शुरू हो चुका था। दि ट्रिब्यून ने अपने 1 अक्तूबर के अंक में समाचार दिया था कि पूर्वी पंजाब भारतीय पंजाब की सरकार ने शरणार्थियों को लाने के लिए 1500 ट्रकों व सेना की दो बटालियनों का प्रबंध किया था। मगर 4 अक्तूबर को प्रकाशित खबर के अनुसार 14.31 लाख हिन्दू व सिख अभी भी भारत-प्रवेश के लिए साधनों की प्रतीक्षा में थे। अक्तूबर के अंक में ट्रिब्यून ने समाचार दिया कि लायलपुर में हिन्दुओं और सिखों पर उन्मादी उपद्रवियों ने हमला बोल दिया था। सैंकड़ों के कत्लेआम की खबरों के मद्देनजर भारतीय सेना की कुछ टुकड़ियां लायलपुर व शेखुपुरा की ओर रवाना की गई। आबादी के तबादले का यह अंधा सिलसिला 1948 के पूर्वाद्ध तक जारी रहा।

दोनों पक्षों के शरणार्थियों के बयानों में कुछ बातें समान थीं। मसलन दोनों तरफ के शरणार्थी अपना अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं थे। उन लोगों में विभाजित नए राष्ट्रों के प्रति कोई विशेष उत्साह, उपलब्धि या उमंग का भाव नहीं था। अधिकांश लोगों को अब भी उम्मीद थी कि जो हुआ है, वह व्यावहारिक नहीं था, वे वापस लौट आएंगे। इसी उम्मीद पर अनेक परिवारों ने अपनी जमा पूंजी अपने-अपने घरों में गड्ढे खोदकर दबा दी थी, ताकि लौटने पर नए संसाधन न जुटाने पड़े। इसी संदर्भ में 3 सितम्बर 1947 को लाहौर में आयोजित उस प्रैस कांफ्रेंस का जिक्र प्रासंगिक होगा, जिसे भारतीय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और पाक-प्रधानमंत्री लियाकत अली खान ने सांझे रूप में संबोधित किया था। दोनों ने, दोनों पक्षों के लोगों से अपील की थी कि वे शांति की बहाली में सरकारी तंत्र की मदद करें। दोनों ने यह भी घोषणाएं की थी कि अवैध कब्जों को सरकारी मान्यता नहीं मिलेगी और दोनों सरकारें अगली व्यवस्था तक दोनों देशों के शरणार्थियों की संपत्ति की रक्षा करेंगी।

विभाजन के परवर्ती प्रभाव अब तक मौजूद हैं। भारत-पाक विभाजन को अब 72 वर्ष बीत चुके हैं। उधर से आए लोग यहां आकर देश के प्रमुख उद्यमियों की कतार में भी शामिल हुए, राजनीति में शिखर तक पहुंचे। पत्रकारिता, साहित्य व संस्कृति में उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी। लेकिन पुराने घावों पर कोई चोट होती है तो पीड़ा कुनमुनाने लगती है।

पंडित नेहरू व लियाकत अली खान बाद में अमृतसर, बटाला, होशियारपुर व शेखुपुरा का भी दौरा किया। दोनों नेता ही शरणार्थियों की दयनीय व भयावह स्थिति से बेहद द्रवित हुए थे। शेखुपुरा में दोनों नेताओं को क्षुब्ध, कुछ और हताश लोगों की प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ा। तब शेखुपुरा में एक बुजुर्ग मुस्लिम किसान ने दोनों नेताओं से सवाल किया था, इस मुल्क ने कई बार हुक्मरान बदलते देखे हैं। वे आए और चले गए। मगर ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि हुक्मरानों के बदलने के साथ-साथ रियाया (प्रजा) को भी तबादले पर मजबूर किया जा रहा है। कुछ इसी तरह का सवाल एक बुजुर्ग हिन्दू औरत का था। उसने नेहरू की ओर मुखातिब होते हुए कहा था, बंटवारे तो हर परिवार में होते हैं। जायदादें बंटती हैं। मगर वह सब शांतिपूर्वक हो जाता है। फिर ऐसी वहशियत, लूटमार और कत्लो-गारत किस लिए? क्या आप यह बंटवारा, दानिशमंदों की तरह नहीं कर सकते थे? अब ज़रूरत है इन पुरानी मान्यताओं से उबरने की। मगर कैसे छिटका जाए अतीत के इन पुराने घाव-मिशानों को, यह स्पष्ट सबको अपने-अपने स्तर पर ही करना होता है। लेखन, अध्यात्म व सामाजिक गतिविधियां हैं, जो इनसे उबरने के लिए मदद करती हैं। हमें ऐसे हर कदम का विरोध करना होगा जो जख्मों को कुरेदते हैं।

# राग दरबार

## आशियाने का संकट

भाजपा के दिग्गज नेता रहे लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी पर उम्र के हवाले से ऐसी गाज गिरी की लोकसभा चुनाव क्या राजनीति से ही पूरी तरह बाहर हो गए। दौर बदला तो वरिष्ठ नेताओं पर आशियाने तक पर संकट आ गया। नियम के मुताबिक किसी भी पूर्व सांसद को अधिकतम तीन महीने के भीतर सरकारी घर खाली कर देना चाहिए। इस लिहाज से तय समय-सीमा के भीतर आडवाणी को 30 पृथ्वीराज रोड और जोशी को 6 रायसीना रोड की अपनी सरकारी कोठी छोड़ देनी चाहिए थी, लेकिन 100 दिन बीत जाने के बावजूद संसद की आवास कमेटी इस बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं ले सकी है। सरकार पशोपेश में है कि अगर उन्हें सरकारी आवास खाली करने को कहा तो जनता में गलत संदेश न चला जाए। वैसे भी 5 महीने बाद दिल्ली में विस चुनाव होने हैं। हालांकि कोई मुंह नहीं खोल रहा है, लेकिन अंदरखाने चर्चा है। बताया जा रहा है कि नैतिक संकट में फंसी सरकार दोनों नेताओं की सुरक्षा का हवाला देते हुए मौजूदा आवास फिर से उन्हें आवंटित कर दे।

## हम साथ-साथ

पांच साल पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हुए देवेंद्र फड़नवीस को भले भाजपा अध्यक्ष अमित शाह कभी बहुत तवज्जो नहीं देते रहे हों, लेकिन चुनावी बेला में वे दोनों न केवल साथ-साथ हैं बल्कि एक-दूसरे को सम्मान भी दे रहे हैं। अन्यथा ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब पिछले साल दीवाली की पूर्व संध्या पर फड़नवीस की मौजूदगी में शाह महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर सीधा जवाब देने से बच रहे थे। उन्होंने फड़नवीस का नाम नहीं लिया था, साल भर बाद ही हालात ऐसे बदले कि दोनों एक-दूसरे के बड़े प्रशंसक हो गए। हाल ही में शोलापुर की एक सभा में फड़नवीस ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाने के फैसले को लेकर अमित शाह की तुलना सरदार वल्लभभाई पटेल से करते हुए उनकी शान में



कई कसीदे कढ़े। तो लगे हाथ भाजपा अध्यक्ष ने भी फड़नवीस की तारीफ में कोई कमी नहीं छोड़ी। यहां तक कि उन्होंने घोषणा कर दी कि महाराष्ट्र में अगली सरकार भी देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में ही बनेगी। यह दोनों का हृदय परिवर्तन है अथवा बदले हालात का असर।

## सिर मुंडाते ही ओले

राज्यपाल जैसा संवैधानिक पद छोड़ने के बाद फिर से राजनीति में सक्रिय हुए कल्याण सिंह की बाबरी विध्वंस मामले में बढ़ती मुश्किलें सिर मुंडाते ही पडे ओले जैसी कहावत को चरितार्थ करती नजर आ रही है। कल्याण सिंह ने जैसे ही राजनीति में सक्रियता दिखाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में बतौर आरोपी अदालत में पेश करने के लिए सीबीआई ने अर्जी दाखिल कर उनकी मुश्किलें खड़ी कर दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले मे अप्रैल 2017 को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, महंत नृत्यगोपाल दास समेत कई के खिलाफ चल रहे आपराधिक षड्यंत्र के आरोप फिर से बहाल करने का आदेश दिया था, इसमें 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह को राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर होने की वजह से छूट मिली हुई थी। राज्यपाल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें मिली यह संवैधानिक छूट स्वतः ही खत्म हो गई। अब उन्हें इन मुश्किलों का सामना करना ही होगा।

## खतरे में कांग्रेस

देश के सबसे बड़े सियासी दल कांग्रेस की डूबती नैया के लिए गैरों में कहां दम था हमें तो अपनों ने लूटा, हमारी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था जैसी यह कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है। एक ओर भाजपा ज्यादा से ज्यादा अंतर से चुनाव जीत रही है। उसे कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों को निपटाने या उनसे निपटने की जरूरत नहीं है। बल्कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता खुद ही भाजपा का काम आसान करते दिख रहे हैं। मध्य प्रदेश का ही उदाहरण ले लीजिए जहां पहले लग रहा था कि भाजपा कांग्रेस और उसकी राज्य सरकार को कमजोर करने में जी जान लगा देगी। पर सरकार बनने के बाद दस महीने में ऐसे हालात बने कि भाजपा के नेता चुपचाप बैठे हैं और कांग्रेस नेता आपस में लड़ कर कमलनाथ सरकार गिराने में लगे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक रोज अपने विधायकों की गिनती कर रहे हैं और इस इंतजार में हैं कि कब केंद्रीय एजेंसियां कमलनाथ पर कार्रवाई करें तो वे सरकार बनाने के लिए आगे आएं। उधर राज्य सरकार के एक मंत्री उमंग सिंघार ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने से लग रहा है कि वे प्रदेश के सबसे बड़े कांग्रेस नेता को ब्लैकमेलर बताने के बावजूद सरकार में भी बने हुए हैं। ऐसी ही हालत अन्य राज्यों में होने से लग रहा है कि कांग्रेस को प्रतिद्वद्वी भाजपा से नही अपनों से नैया डूबने का खतरा बना हुआ है!

-हरिभूमि ब्यूरो

## खबर संक्षेप

### परिवार के पांच सदस्यों की सड़क हादसे में मौत

**तिरुपति।** चित्तूर जिले के मामादुगु गांव के निकट एक परिवार के पांच सदस्यों की कार में आग लगने के कारण झुलसने से मौत हो गयी। इस हादसे में परिवार का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा शनिवार को तब हुआ जब परिवार के सदस्य तिरुपति से बेंगलुरु जा रहे थे। पुलिस के अनुसार तीव्र गति से चलती हुई कार सड़क किनारे सुरक्षा बैरियर से जा टकराई। अनुमान लगाया जा रहा है कि राजमार्ग पर तेजी से चलती हुई कार संतुलन खो बैठी और किनारे लगे स्टील बैरियर से टकरा गई। मृतक बुरी तरह जल गए हैं जिसके कारण उनकी पहचान कर पाना कठिन है।

### गणेश की मूर्तियां विसर्जित करने के बजाय दान कीं

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के निवासियों ने जल प्रदूषण से बचने की नगर निगम और सामाजिक संगठन की अपील पर भगवान गणेश की मूर्तियों को गोदावरी नदी में विसर्जित करने के बजाय दान कर दिया। शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह बात कही गई है। नगर निकाय ने 12 सितंबर को 'अनंत चतुर्दशी' के दिन नदी के किनारे विसर्जन स्थलों के पास स्थापित किए गए विशेष केन्द्रों से 1,29,923 मूर्तियों का संग्रह किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमने मूर्तियों के अलावा नगर निगम के मंडलों से 108. 035 टन इस्तेमाल किये गए फूलों व अन्य कचरा भी इकट्ठा किया है।

### जावड़ेकर ने जल संरक्षण पहल के तहत 'जलदूत' को रवाना किया

**पुणे।** सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शनिवार को जल संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के लिए यहां 'जलदूत' नाम के वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। जावड़ेकर ने कहा कि जलदूत एक चलती-फिरती प्रदर्शनी है जिसकी व्यवस्था सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोकसम्पर्क और संचार ब्यूरो द्वारा की गई है। यह अगले दो महीनों में महाराष्ट्र के आठ जिलों का दौरा करेगी। जावड़ेकर ने कहा कि यह जल संरक्षण का संदेश लोगों तक लेकर जाएगा और इस सिलसिले में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दूसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों के अंदर किए गए कामों को रेखांकित करेगा। उन्होंने कहा कि पानी केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और उसने इस उद्देश्य से एक अलग मंत्रालय बनाया है जिसे जलशक्ति नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि

### पासपोर्ट सेवा केन्द्र हर जिले की जरूरतः जयशंकर

**राजपिपला (गुजरात)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि हर जिले में कम से कम एक पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) होना चाहिए। गुजरात में नर्मदा जिले के राजपिपला में एक पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद जयशंकर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विशाल प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' के कारण दुनियाभर के पर्यटक जिले की ओर आकर्षित होंगे और इससे स्थानीय लोगों को विदेश जाने के लिए भी अवसर मिलेंगे। विश्व की सबसे लंबी 182 मीटर यह प्रतिमा राजपिपला से 25 किलोमीटर दूर है।

### जन्मदिन पर सरदार सरोवर बांध जाएंगे पीएम मोदी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के अवसर परसरदार सरोवर बांध जाएंगे और वहां पूजा-अर्चना करेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आसपास के इलाकों में भारी बारिश की वजह से बांध का जलस्तर भंडारण सीमा से ऊपर जाने के करीब है। रूपाणी ने कहा कि मोदी ने 'नमामि देवी नर्मदे महोत्सव' में शामिल होने के प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। मोदी 17 सितंबर को ही अपना 69वां जन्मदिन मनाएंगे। सरदार सरोवर बांध के पूर्ण रूप से भरने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रूपाणी ने कहा कि वह (मोदी) 17 सितंबर को नर्मदा बांध का दौरा करेंगे और पूजा करेंगे।

# चालान का टूटा रिकॉर्ड, ट्रक मालिक पर लगा साढ़े 6 लाख का जुर्माना

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

नए मोटर व्हीकल एक्ट लागू होने के बाद से वाहनों के ताबड़तोड़ चालान काटे जा रहे हैं। कई बार चालान की राशि इतनी ज्यादा होती है कि लोग हैरान रह जाते हैं। अब ताजा मामला ओडिशा के संबलपुर का है, जहां एक ट्रक का 6 लाख 53 हजार 100 रुपये का चालान काटा गया है। यह ट्रक नगालैंड का है। ट्रक के मालिक ने जुलाई 2014 से सितंबर 2019 तक टैक्स का भुगतान नहीं किया था। साथ ही ट्रक का परमिट, पॉल्यूशन सर्टीफिकेट और इंश्योरेंस भी नहीं था। ट्रक के मालिक का नाम शैलेष शंकर लाल गुप्ता है। वो नगालैंड के रहने वाले हैं। इससे पहले दिल्ली में एक ट्रक का 2 लाख 500 रुपये का चालान काटा गया था। इसके बाद राम किशन नाम के ट्रक ड्राइवर को जुर्माने के तौर पर 2 लाख 5 सौ रुपये का चालान भरना पड़ा था।

इस ट्रक का चालान बुधवार रात को किया गया. बताया जा रहा है कि यह ट्रक बुधवार रात दिल्ली के मुकरबा चौक से भलस्वा की तरफ जा रहा था। ट्रक पर रेत भरा हुआ था। इस ट्रक का चालान ओवरलोडिंग के चलते किया गया था। इसके बाद गुरुवार को चालान को रोहिणी कोर्ट में जमा किया गया। आपको बता दें कि नए कानून के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना की धनराशि करीब 10 गुना तक बढ़ाई गई है।

## पांच साल से नहीं भरा था कोई टैक्स

### अब तक नहीं चुकाई पेनल्टी

संबलपुर के आरटीओ के मुताबिक ट्रक मालिक ने अब तक पेनल्टी नहीं भरी है। इसके चलते ट्रक अभी तक पुलिस के पास है। अगर संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया जाता, तो ट्रक मालिक को 7 लाख रुपए से ज्यादा चुकाने पड़ते, क्योंकि इंश्योरेंस, लाइसेंस और प्रदूषण सर्टिफिकेट पर जुर्माना काफी ज्यादा बढ़ चुका है।



### एक सितंबर से लागू हुआ नया नियम

नया कानून एक सितंबर से लागू हो गया है। इन कानून के लागू होने के बाद वाहनों की कीमत से भी ज्यादा वाहनों का चालान काटा गया। इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। आम लोगों की नाराजगी को देखते हुए कई राज्यों ने नए मोटर व्हीकल एक्ट का भी विरोध किया है।

## लेफ्टिनेंट जनरल ने एलओसी का दौरा करने के बाद पाक को दी सख्त नसीहत

# पीओके के लोगों को एलओसी पर ढाल ना बनाए, जान गई तो खुद होगा जिम्मेदार

एजेंसी ⏭ जम्मू

भारतीय सेना की उत्तरी कमान के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने शनिवार को एलओसी का दौरा करने के बाद पाकिस्तान को सख्त नसीहत दी। रणबीर सिंह ने पाकिस्तानी पीएम और सेना को हिदायत देते हुए कहा कि वह अपने नागरिकों का इस्तेमाल एलओसी पर किसी ढाल के रूप में ना करे। उन्होंने कहा कि अगर नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की गलत हरकत करने की कोशिश की गई, तो भारतीय सेना द्वारा इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया जाएगा।

जीओसी ने यह बयान उस वक्त दिया है, जबकि पाकिस्तानी पीएम इमरान खान ने शुक्रवार को पीओके में रैली कर यहां के लोगों के बीच भड़काऊ भाषण दिया था। इमरान ने यहां कहा था कि 'मुझे आपके जज्बे का पता है कि आप लाइन ऑफ कंट्रोल की तरफ जाना चाहते हैं। नौजवानों मुझे पता है आपमें जज्बा और जुनून है। लेकिन अभी लाइफ ऑफ कंट्रोल की तरफ नहीं जाना, जब तक मैं आपको नहीं बताऊंगा।' इमरान के इस भाषण के अगले ही दिन जीओसी ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर किसी भी रूप में कोई भी एलओसी को पार करने का प्रयास करता है तो ऐसे लोगों की जान जाने की पूरी जिम्मेदारी वहां की सरकार एवं सेना की होगी। एलओसी से सटे राजौरी और सुंदरबनी सेक्टरों में अग्रिम चौकियों का दौरा करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से बीते कुछ दिनों से अपने लोगों को भड़काने और इन्हें एलओसी के पास जाने और इसे पार करने का प्रयास करने के लिए कहा जा रहा है।



### किश्तवाड़ में दिन का कर्फ्यू हटा, संदिग्ध आतंकवादियों की तलाश जारी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शनिवार को दिन का कर्फ्यू हटा लिया गया, जबकि एक पीडीपी नेता के सुरक्षा निजी अधिकारी की सर्विस राइफल छीन लेने वाले संदिग्ध आतंकवादियों की सघन तलाश दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को हथियार छीनने की घटना के बाद कस्बे में दिन का कर्फ्यू लगा दिया गया था, उसे हटा दिया गया है। हालांकि सतर्कता बरतते हुए सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखा गया है।

### मलिक बोले- एक दिन आएगा, पीओके वाले बोलेंगे भारत में मिला लो

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तल्खी बढ़ गई है। इस बीच नरेंद्र मोदी के कैबिनेट मंत्री लगातार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को देश का अभिन्न हिस्सा बनाने की बात कहते दिख रहे हैं। इस कड़ी में अब जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का पक्ष भी सामने आया है। पीओके को देश का अभिन्न अंग बनाने की बात पर जोर देते हुए गवर्नर मलिक ने कहा कि मोदी सरकार ने उन्हें जम्मू और कश्मीर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य करने का निर्देश दिया है। मलिक जम्मू में कैंसर संस्थान के शिलान्यास समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक दिन आएगा जब पीओके के लोग नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करेंगे और पीओके के एकीकरण की मांग करेंगे।



### कश्मीर में 41वें दिन भी प्रभावित रहा सामान्य जनजीवन

अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद कश्मीर घाटी में शनिवार को लगातार 41वें दिन सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान ज्यादातर दुकानें और स्कूल बंद रहे और यातायात भी प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बताया कि शहर के हजरतबल क्षेत्र में शुक्रवार को लगाए गए प्रतिबंधों को हटा दिया गया है और घाटी के ज्यादातर इलाकों में किसी तरह की रोक नहीं है।

## कांग्रेस ने सीतारमण की प्रेस कॉन्फ्रेंस को बताया निराशाजनक

# आनंद बोले- अर्थव्यवस्था संकट से बेखबर हैं वित्तमंत्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अर्थव्यवस्था में सुस्ती को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संवाददाता सम्मेलन को 'निराशाजनक और नीरस' करार देते हुए कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि निर्मला इस संकट को लेकर बेखबर हैं और इससे उबरने के लिये सरकार के पास कोई दृष्टि नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने यह भी कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो कुछ महीनों में ही अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर देश को बहुत बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश की वित्त मंत्री का संवाददाता सम्मेलन निराशाजनक और नीरस था। देश की आर्थिक स्थिति और संकट को देखते हुए ऐसे कदम की उम्मीद थी जिससे चीजें सही हों और नई शुरुआत हो। लेकिन कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया जिससे यह लगे कि अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है।



उन्होंने दावा किया कि वित्त मंत्री इससे बेखबर हैं कि अर्थव्यवस्था को इस संकट से कैसे उबारा जाएगा।

वित्त मंत्री सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, 'मंत्रियों के बयानों ने देश को चौंका दिया है... वे संकट के लिए युवाओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसके लिए वित्त मंत्री ने क्षमा भी नहीं मांगी। देश के लोगों को इतना बड़ा अपमान किसी मंत्री ने नहीं किया।' उन्होंने कहा कि अगर अर्थव्यवस्था की यही स्थिति रही तो कुछ महीनों में देश के सामने अभूतपूर्व संकट होगा। इसके लिए सरकार की कोताही और अहंकार जिम्मेदार होगा।

### 'रिवर्स गियर में गाड़ी न चलाएं वित्त मंत्री'

शर्मा ने कहा, 'वित्त मंत्री को देश के अर्थतंत्र की गाड़ी आगे की ओर चलाने की जिम्मेदारी मिली है। उन्हें रिवर्स गियर में गाड़ी नहीं चलानी चाहिए।' उन्होंने दावा किया, ' सरकार के पास कोई दृष्टि नहीं है। 23 अगस्त को जो घोषणा हुई थी उसके बाद कुछ नहीं हुआ। हालात में सुधार के बजाय खराबी आई है। वाहनों की बिक्री में लगातार गिरावट आ रही है। लाखों नौकरियां चली गईं।'

## स्विट्जरलैंड ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को समर्थन दिया

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग में हर तरह से समर्थन देने का वादा किया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने स्विस समकक्ष उली म्यूरर के साथ बातचीत में उन्हें बताया कि भारत दशकों से राज्य प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट किया कि कोविंद और म्यूरर की अगुवाई में शुक्रवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान दोनों पक्ष इस पर सहमत हुए कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। पाकिस्तान की ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते हुए कोविंद ने स्विस प्रतिनिधिमंडल को बताया कि भारत कई दशकों से राज्य प्रायोजित आतंकवाद का शिकार है।

### सरदार सरोवर बांध का जलस्तर 138 मीटर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर

**अहमदाबाद।** गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार सरोवर बांध का जल स्तर 138 मीटर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है और अपने ओवरफ्लो के निशान से महज 68 सेंटीमीटर कम है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पड़ोस में मध्य प्रदेश के बड़े जलाशयों से सरदार सरोवर बांध के जलाशय में पानी आने के चलते जल स्तर बढ़ा है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि सरदार सरोवर बांध में जल स्तर 138 मीटर है। तकनीकी और प्राकृतिक कारणों पर यह निर्भर करेगा कि क्या यह 138.68 मीटर की पूर्ण ऊंचाई पर पहुंचेगा।

# असम में तैनात किए गए अर्द्धसैनिक बल के 10,000 कर्मी वापस बुलाए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची के प्रकाशन से पहले असम में तैनात किए अर्द्धसैनिक बल के 10,000 कर्मियों को वापस बुला लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एनआरसी के बाद से असम में कोई हिंसा नहीं हुई, जिसके चलते यह फैसला लिया गया है। पूर्वोत्तर राज्य में वैध भारतीय नागरिकों की पुष्टि करने वाले एनआरसी का अंतिम मसौदा 31 अगस्त को प्रकाशित हुआ। एनआरसी की अद्यतन सूची में 19 लाख आवेदकों के नाम शामिल नहीं किए गए। अधिकारियों ने बताया कि असम में शांति बने रहने के कारण शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने राज्य में स्थिति की समीक्षा की।



## बैलगाड़ी से बेदी पहुंचीं गांव, रास्ते में गिरा आइफोन...



पुडुचेरी। पुडुचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी का महंगा आईफोन शनिवार को उस वक्त गायब हो गया जब वह यहां 'हरित पुडुचेरी और जल समृद्ध पुडुचेरी' अभियान में हिस्सा लेने एक झील के किनारे पहुंची थीं। जल निकाय के संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और अधिकारियों के साथ यहां पहुंचीं पूर्व आईपीएस अधिकारी का फोन काफी तलाशी के बाद एक झाड़ी में मिला लेकिन यह आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## राकांपा नेता एवं शिवाजी के वंशज उदयन राजे भोंसले भाजपा में शामिल हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राकांपा के कद्दावर नेता और छत्रपति शिवाजी के वंशज उदयन राजे भोंसले शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मौजूद थे। शाह ने कहा कि कठिन समय में स्वदेश और स्वधर्म के लिए बहुत बड़ा वैचारिक आंदोलन शुरू करने और संघर्ष करके स्वराज की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी के वंशज उदयन राजे जी आज भाजपा में आये हैं। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि वह भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हार्दिक स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता 2014 से ही मोदी जी के साथ मन से जुड़ी है और 2019 में भी इसकी पुनरावृत्ति वहां हुई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार विधानसभा में भाजपा पहले से भी ज्यादा मजबूत होकर आएगी और हमारा गठबंधन तीन चौथाई से भी अधिक बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।



## मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा

# 'सड़कों को पेंट करने के लिए सरकार को और कितने लीटर खून की जरूरत?'

**चेन्नई।** सड़कों को पेंट करने के लिए सरकार को और कितने लीटर खून की जरूरत? ये सवाल मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा है। इतना ही नहीं अवैध होर्डिंग को लेकर तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने ये भी पूछा कि इस तरह के बैनरों से और कितनी जानें जाएंगीं जो लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं।

दरअसल 12 सितंबर को चेन्नई में 23 साल की महिला इंजीनियर पर एक अवैध होर्डिंग गिर गया, जिस कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई। इस दौरान पानी के टैंकर ने उसे कुचल दिया। अदालत ने पूछा कि क्या सरकार ऐसे अनधिकृत बैनरों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाएगी?




### जिम्मेदार अधिकारियों से वसूले मुआवजे की राशि

न्यायमूर्ति एम. सत्यनारायण और न्यायमूर्ति एन. शेशासाय ने आश्चर्य जताया कि राज्य सरकार को सड़कों को पेंट करने के लिए और कितने लीटर खून की जरूरत है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि पीड़ित के परिवार को पांच लाख रुपये अंतरिम मुआवजा दिया जाए। साथ ही सरकार को यह राशि इसके जिम्मेदार अधिकारियों से वसूलने की छूट भी दी।

## 25 सालों से कर रहा था खुदाई का काम, मिला दो करोड़ का हीरा

**पन्ना।** हीरों के खदानों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक व्यक्ति को खदान की खुदाई के दौरान शुक्रवार को 29 कैरेट 46 सेंट के वजन का उज्ज्वल क्वालिटी का एक बेशकीमती हीरा मिला है। नीलामी में यह डेढ़ से दो करोड़ रुपये में बिक सकता है। पन्ना जिले के कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया कि बृजेश उपाध्याय को शुक्रवार को उज्ज्वल क्वालिटी का एक बेशकीमती हीरा मिला है। इसका वजन 29 कैरेट 46 सेंट है। उन्होंने कहा कि यह हीरा उसे पन्ना से करीब 15 किलोमीटर दूर कृष्णकल्याणपुर के पटी में खदान की खुदाई के दौरान मिला।



उन्होंने कहा कि इतने बड़े कैरेट का हीरा निःसंदेह बहुत कम मिलते हैं। शर्मा ने बताया कि उपाध्याय ने इस हीरे को यहां हीरा कार्यालय में जमा कर दिया है और जल्द ही इसे बेचने के लिए नीलामी में रखा जाएगा। इस हीरे की नीलामी से जो भी पैसा मिलेगा, उसमें से टैक्स काट कर बृजेश उपाध्याय को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से खदानों को खोदने का संचालन कर रहा है, ताकि उसे उनमें हीरे मिल सके। इसी बीच, बृजेश उपाध्याय ने बताया कि मैं हीरा खोजने के लिए खदानें खोदने के काम का संचालन करता हूं। पिछले करीब 25 साल से यह काम कर रहा हूं।

## अमेरिका में घटी चमत्कारिक घटना

# अद्भुत घड़ी में बच्ची का जन्म, बर्थ टाइम और वजन सब कुछ 9/11

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिका में जन्मे एक नवजात शिशु को अगर करिश्मा या चमत्कार कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बच्ची की जन्म तिथि, जन्म का समय और वजन के बारे में सुनकर ही लोग आश्चर्य में पड़ रहे हैं। दरअसल इस बच्ची का जन्म 9/11 यानी 11 सितंबर को हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बच्ची के पैदा होने का समय भी 9:11 यानी रात 9 बजकर



11 मिनट है। इस बच्ची के वजन के बारे में सुनकर आप और भी ज्यादा हैरान रह जाएंगे। इस बच्चे का जन्म 9 एलबीएस 11 औंस है। साधारण शब्दों में समझाएं तो बच्चे का वजन लगभग 4 किलो और 300 ग्राम है। कैमेट्रायोन मूरे ब्राउन के गर्भ से जन्म लेने वाले इस नवजात शिशु का नाम क्रिस्टियाना ब्राउन रखा है।

### अस्पताल में आश्चर्य का वातावरण बन गया

नन्ही क्रिस्टियाना के पिता जस्टिन ब्राउन ने बताया कि जैसे ही बच्चे के जन्म की तिथि, वक्त और वजन के बारे में पता लगा, मानो पूरे अस्पताल में सनसनी मच गई। आज से ठीक 18 साल पहले 11 सितंबर 2001 (9/11) को अमेरिका में हुए आतंकी हमले ने दुनिया को हिला कर रख दिया। दुनिया के सबसे ताकतवर देश में आतंकियों ने ऐसी तबाही मचाई जिसको पूरी दुनिया में कोई भी भुला नहीं सकता है। 11 सितंबर 2001 को उस दिन 19 आतंकियों ने चार विमान हाईजैक किए थे जिसमें से दो वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से जाकर टकरा गए थे। इस हादसे में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई थी।

### महाराष्ट्रः चंद्रपुर में मंत्री की कार को ट्रक ने टक्कर मारी, बाल-बाल बचे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में राज्य के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार की कार को बांस से लदे एक ट्रक ने टक्कर मार दी, हालांकि घटना में मंत्री बाल-बाल बच गये। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम की है और उस वक्त मंत्री कार में थे। हालांकि घटना में मंत्री या कोई और हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मंत्री की कार उमरी पोतदार और बल्लारशाह (बल्लारपुर) के तेंभुरना की ओर जा रही थी तभी यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि बांस से लदा ट्रक बमनी फाटा से आ रहा था। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि वाहन का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।



# इरफान के रवैए ने किया फैंस को चिंतित

**मुंबई।** बालीवुड एक्टर इरफान खान पिछले काफी दिनों से लंदन में हैं और अपनी आने वाली फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' की शूटिंग कर रहे हैं। हाल में उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया लेकिन इरफान ने मीडिया से अपना चेहरा छिपा लिया। सबसे बड़ी बात यह है कि इरफान खान को एयरपोर्ट पर वीलचेयर पर बैठे देखा गया है। इरफान को वीलचेयर पर बैठे देख उनके फैन्स एक बार फिर उनकी तबीयत के लिए चिंतित हो गए हैं। बता दें कि इरफान खान पिछले साल खुद को हुए एक रेयर कैंसर का इलाज कराने के लिए लंदन चले गए थे। साल भर लंदन में इलाज कराने के बाद इरफान वापस भारत लौटे थे।

लाइफ Style

# प्रियंका


## तीन साल बाद हो रही वापसी

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा करीब 3 साल बाद फिल्म 'द स्काई इज पिंक' के जरिए बॉलीवुड में वापसी करने जा रही हैं। इससे पहले वह साल 2016 में आई फिल्म 'जय गंगाजल' में नजर आई थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में प्रियंका ने बताया कि उन्होंने 3 साल बाद फिल्मी परदे पर लौटने का क्यों फैसला किया और वापसी के लिए इसी फिल्म को क्यों चुना। प्रियंका ने एक इंटरव्यू में कहा कि इस तरह की फिल्में करने के लिए काफी वक्त लगता है और इसलिए बीते 3 सालों में उन्होंने कोई और हिंदी फिल्म नहीं की। प्रियंका ने आगे कहा कि वह एक ऐसी फिल्म की तलाश में थीं, जिसमें उन्हें एक एक्टर के तौर पर पूरी तरह से डूब जाने का मौका मिले। फिर चाहे वह भारतीय फिल्म हो या फिर अमेरिकी। 'द स्काई इज पिंक' इस साल 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।

हाल ही में 'द स्काई इज पिंक' का ट्रेलर रिलीज किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की कहानी स्वर्गीय लेखिका और मोटिवेशनल स्पीकर आयशा चौधरी की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में जायरा वसीम आयशा के किरदार में हैं, जबकि प्रियंका और फरहान अख्तर उनके पैरंट्स का रोल प्ले कर रहे हैं। आयशा वह दिल्ली की थीं। प्यूलमोनरी फिब्रोसिस नाम की बीमारी से जूझने वाली आयशा की मात्र 18 साल की उम्र में ही मौत हो गई। मोटिवेशनल स्पीकर होने के साथ-साथ वह एक राइटर भी थीं।




## हॉलीवुड मसाला



# फिर सुर्खियों में डेमी ...

**लॉस एंजलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस डेमी मूर ने हार्पर्स बाजार मैगजीन के लिए न्यूड पोज दिया है। उनकी यह तस्वीर मैगजीन के अक्टूबर के एडिशन के कवर पर आएगी। वैसे डेमी मूर इस कारण चर्चा में थी क्योंकि हाल में उन्होंने खुलासा किया था कि 15 साल की उम्र में उनके साथ दुष्कर्म किया गया था। उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे अपने संस्मरण 'इनसाइड आउट' में किए हैं। इसके अलावा भी उन्होंने द न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में भी कई बातें बताई हैं।




# बेस्ट-100 में शामिल हुई 'गैंग्स ऑफ...'

**लॉस एंजलिस।** 'द गार्जियन' ने हाल ही में 21वीं सेंचुरी की बेस्ट 100 फिल्मों की लिस्ट जारी की है और इस लिस्ट में जो एकमात्र बॉलीवुड फिल्म है वह है 'गैंग्स ऑफ वासेपुर'। अनुराग कश्यप निर्देशित यह फिल्म इस 100 फिल्मों की लिस्ट में 59वें नंबर पर है। इस लिस्ट को पीटर ब्रैडशॉ, कैथ क्लार्क, एंड्रयू पुलवर, और कौथरीन शोर्ड जैसे क्रिटिक्स ने प्रजेंट किया है। लिस्ट की टॉप 5 फिल्मों की बात करें तो पॉल थॉमस एंड्रयूसन्स की फिल्म 'थ्री विल बी ब्लड (2007)', स्टीव मैक्वीन की 12 ईयर ए स्लेव (2013), 'रिचर्ड लिंकलेटर्स की 'ब्वॉयहुड (2014)', जोनाथन ग्लेज़र की 'अंडर द स्किन (2013) और चीनी निर्देशक वॉग कार वाई की फिल्म द मूड फॉर लव (2000) के नाम शामिल हैं।



# नींद में चलती हैं इलियाना ...

**मुंबई।** एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपने एक ट्वीट के चलते सुर्खियों में हैं। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि वो नीद में चलती हैं। इसी वजह से उनके पैरों में घाव हो जाते हैं। इलियाना ने शनिवार को ट्वीट कर लिखा- अब इस बात को पूरी तरह से मान चुकी हूं कि मैं नींद में चलती हूं... शायद ऐसा ही है क्योंकि सुबह उठने पर जब मेरे पैरों में सूजन या घाव देखने को मिलते हैं तो इसे समझने का और कोई तरीका नहीं बचता। इलियाना इसी वजह से बहुत परेशान हैं। इलियाना के इस पोस्ट को पढ़कर फैंस को उनकी चिंता होने लगी। लोगों ने उन्हें कमरे में एक वीडियो कैमरा लगाने की सलाह दी। वर्क फ्रंट की बात करें तो इलियाना पिछली बार तेलुगू फिल्म अमर अकबर एंथोनी में नजर आई थीं।



# 'ड्रीम गर्ल' की दमदार ओपनिंग ...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल रिलीज हो चुकी है। फिल्म का इंतजार फैंस को बेसब्री से था। डायरेक्टर राज शांडिलय की बनाई इस फिल्म को दर्शकों से बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है। इस कॉमेडी फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन 10.05 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस खुशी में फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने आयुष्मान खुराना संग एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एकता कपूर, आयुष्मान के किरदार पूजा से फोन पर बात कर रही हैं और उन्हें डबल डिजिट्स देने के लिए शुक्रिया कर रही हैं। एकता ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'पूजी ने एकू को डबल दिया। ये पोस्ट इस आदमी की तारीफ में है, जिसका आज जन्मदिन है। तुम्हारी चॉइस, तुम्हारी अच्छाई, तुम्हारी गहराई तुम्हें एक बढ़िया इंसान बनाती है।


# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

**ज्योतिष**

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**टॉवर**

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

**फायनेंस**

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टावर**

☞ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाइम/फुलटाईम SMS JOB करके कमायें (लड़के-लड़कियां) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम-पता CALL / SMS / WHATSAPP करें 081020-43117, 098514-98325

**लोन**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**आवश्यकता**

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

**फायनेंस**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**फायनेंस**

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983



# एंग्जाइटी से पीड़ित हैं श्रद्धा



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर पिछले कई सालों से एक डिसऑर्डर से पीड़ित हैं? एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें एंग्जाइटी है। उन्हें इसके बारे में 2013 में फिल्म 'आशिकी 2' के बाद पता चला। हर वक्त उन्हें शरीर में जगह-जगह पर दर्द महसूस होता था। किसी तरह के लक्षण नजर नहीं आते थे। श्रद्धा की मानें, तो उन्होंने इसके लिए ढेर सारे मेडिकल टेस्ट भी करवाए, लेकिन डॉक्टर की रिपोर्ट में कुछ भी गलत नहीं निकलता था। जबकि यह उनके लिए काफी अजीब था क्योंकि उन्हें दर्द होना बंद नहीं था और इसकी वजह उन्हें समझ नहीं आ रही थी। श्रद्धा कपूर आगे कहती हैं कि वह अभी भी एंग्जाइटी से पीड़ित हैं, लेकिन अब इससे डील करने का बेहतर तरीका तलाश लिया है। श्रद्धा ने कहा कि लोगों को इसे स्वीकार करना होता है कि वे ऐंग्जाइटी से पीड़ित हैं। उन्हें मानना पड़ता है कि यह उन्हीं का एक हिस्सा है। श्रद्धा की मानें तो ऐंग्जाइटी से प्यार से निपटा जा सकता है। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो श्रद्धा कपूर दो फिल्में, 'साहो' और 'छिछोरे' हाल ही में रिलीज हुईं, जिन्हें अच्छा रिस्पॉन्स मिला। आने वाले वक्त में वह 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बागी 3' में नजर आएंगी।

# राखी का हुआ पति से झगड़ा!

**मुंबई।** राखी सावंत के नए सोशल मीडिया पोस्ट ने उनकी शादी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, हमेशा बोल्ड और बिंदास रहने वाली राखी सावंत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई सारी वीडियो पोस्ट की हैं। सभी वीडियो में



राखी काफी उदास नजर आ रही हैं। राखी ने अपना एक ब्लैक एंक व्हाइट वीडियो शेयर किया है. राखी की वीडियो में गाना चल रहा है- अभी तुमको मेरी जरूरत नहीं, बहुत चाहने वाले मिल जाएंगे। वहीं दूसरी वीडियो में राखी रोती हुई नजर आ रही हैं। राखी की वीडियो में गाना चल रहा है- सच है कि दिल तो दुखा, हमने मगर सोचा है। राखी की इन उदासी भरे वीडियो को देखकर यूजर्स को लग रहा है कि उनकी उनके पति रितेश से लड़ाई हो गई है।

# केआरके के गाने का उड़ा मजाक


**मुंबई।** स्वघोषित क्रिटिक और एक्टर कमाल राशिद खान का नया गाना 'तुम मेरी हो...' रिलीज हो गया है। इसे केआरके ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। खबर लिखे जाने तक गाने पर लाइक्स की तुलना में 3 गुना ज्यादा डिसलाइक्स हैं और महज 68 हजार लोगों ने इसे देखा है। बड़ी बात ये है कि सदी के महानायक कहे जाने वाले सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने केआरके का गाना ट्विटर पर शेयर किया है। अमिताभ ने गाना शेयर करते हुए लिखा, पेश है तुम मेरी हो गाना जिसमें कमाल राशिद खान और आर्या लीड रोल में हैं। कमाल राशिद खान के इस वीडियो पर उन्हें तारीफ कम और तौहीन ज्यादा मिल रही हैं। कमाल राशिद ट्विटर पर कई बार अपनी अभद्र भाषा के चलते ब्लॉक किए जा चुके हैं।

## लगातार पेट फूलने जैसी समस्याएं होने पर करें तुरंत डॉक्टर से संपर्क

# बहुत मुश्किल से समझ आते हैं पेट का कैंसर के लक्षण, रखें ध्यान

**नई दिल्ली।** पेट के कैंसर की शुरुआत सामान्य तौर पर पेट के भीतर म्यूकस प्रड्यूस करने वाली सेल्स से शुरू होता है। वैसे तो पेट का कैंसर दूसरे कैंसरों की तुलना में कम कॉमन है लेकिन सबसे बुरी बात यह है कि इसके लक्षण बहुत मुश्किल से समझ में आते हैं और तब तक देर हो जाती है। सामान्य तौर पर पेट के कैंसर की शुरुआत वहां होती है जहां डीएनए की कोशिका में म्यूटेशन हो जाता है। इस म्यूटेशन की वजह से कोशिकाएं अनियंत्रित होकर बढ़ती हैं और इतनी ज्यादा बढ़ जाती हैं जिससे नॉर्मल सेल्स की डेथ होने लगती है। ये सेल्स मिलकर ट्यूमर बना लेती हैं जो शरीर के दूसरे भागों तक पहुंच जाता है।

**सामान्य लक्षण:** एक्सपर्ट कहते हैं कि पेट की विभिन्न समस्याओं में होने वाली तकलीफों जैसे ही पेट के कैंसर के सिम्टंप्स भी होते हैं। इसलिए इसे लेकर लोग ज्यादा गंभीरता से नही लेते लेकिन ज्यादा दिक्कत हो तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।




**वजह**

पेट के कैंसर की कई वजहें हो सकती हैं। इनमें खराब डायट जैसे ज्यादा मात्रा में अचार, रोस्टेड मीट वगैरह खाने से खतरा बढ़ जाता है। वहीं जेनेटिक्स भी बड़ी वजह है। आपके परिवार में किसी को पेट का कैंसर रहा है तो अन्य सदस्यों में खतरा डेढ़ गुना तक बढ़ जाता है। वहीं महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में पेट के कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है।

**सामान्य लक्षण...**

- लगातार उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत हो
- लगातार सीने में जलन बनी रहती हो
- भूख में कमी, कभी-कभी अचानक वजन में कमी
- लगातार पेट फूला रहे
- जरा सा खाते ही पेट भर जाए
- मल में खून आए
- पीलिया की शिकायत हो
- बहुत ज्यादा थकान हो
- पेट में दर्द हो जो खाना खाने के बाद बढ़ जाए

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति ने स्विट्जरलैंड में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का किया अनावरण

**विल्लेनुवी।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से महज कुछ दिनों पहले शनिवार को यहां उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया और उम्मीद जतायी कि उनकी विरासत मानवजाति को जलवायु परिवर्तन से निपटने एवं पारिस्थितिकी का संरक्षण करने की प्रेरणा देगी। कोविंद ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में गांधीजी की धरोहर को संजोने और उनके नाम पर एक चौराहे का नाम रखने पर विल्लेनुवी समुदाय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''गांधी जी ने साबरमती नदी के तट पर भारत में अपना पहला आश्रम बनाया। आज हमने उन्हें जिनेवा झील के तट पर ला दिया है। आपने उन्हें प्रकृति के समीप विशेष स्थान दिया और उन्हें अपने हृदय के समीप रखा। यह उस व्यक्ति के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि है जो प्रकृति से प्यार करता था और उसकी इतनी देखभाल करता था।'' राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा,

### पूर्व भाजपा विधायक घोडमारे राकांपा में शामिल

**मुंबई।** ऐसे समय में जब राकांपा और कांग्रेस के नेता महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो रहे है, वहीं भाजपा के एक पूर्व विधायक विजय घोडमारे ने शनिवार को शरद पवार नीत पार्टी का दामन थाम लिया। राकांपा ने कहा कि घोडमारे नागपुर जिले के हिंगाना क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। वह मुंबई में शरद पवार के आवास पर पार्टी से जुड़ गए। घोडमारे ने कहा कि पार्टी प्रमुख उन्हें जो भी कार्य देंगे, वह उसे करने को तैयार हैं। राकांपा कभी कांग्रेस के साथ गठबंधन में महाराष्ट्र में सत्ता में थी और अब लगातार इसके नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। वरिष्ठ नेता उदयनारायण भोसले, पूर्व मंत्री गणेश नाइक, सचिन अहिर और जयदत्त क्षीरसागर, विधायक शिवेंद्रसिंह भोसले, संदीप नाइक, वैभव पिच्छड़ सहित कई अन्य नेता या तो भाजपा में या शिवसेना में शामिल हो गए है।

### आयुष्मान योजना में खाद्य सुरक्षा का दायरा हो पात्रता का आधारः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आयुष्मान भारत योजना का अधिकाधिक लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम में पात्र सभी परिवारों को इसका लाभार्थी मानने की मांग की है। गहलोत ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें गहलोत ने कहा है कि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ मिले, इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में पात्र समस्त परिवारों को इसका लाभार्थी माना जाए। गहलोत ने पत्र में कहा है कि भारत सरकार की आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में वर्ष 2011 की सामाजिक, आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया गया है।

### खंडेरी पनडुब्बी 28 सितंबर को नौसेना के बेड़े में होगी शामिल

**नई दिल्ली।** नौसेना की समुद्री ताकत में जल्द ही इजाफा देखने को मिलेगा। क्योंकि 28 सितंबर को मुंबई के मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में स्कॉर्पीन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी 'आईएनएस खंडेरी' नौसेना में शामिल हो जाएगी। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस बाबत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि खंडेरी स्कॉर्पीन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी है, जिसे एमडीएल और फ्रांस की फ्रेंच कंपनी नेवल ग्रुप द्वारा मिलकर बनाया जा रहा है।

---

गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी के समर्थन में कहा

# देश की एक भाषा हो, द्रमुक-तृणमूल समेत चार दलों ने विरोध किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिंदी दिवस के कार्यक्रम में एक राष्ट्र-एक भाषा के फॉर्मूला का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जरूरत है कि देश की एक भाषा हो, जिसके कारण विदेशी भाषाओं को जगह न मिले। इसी को याद रखते हुए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने राजभाषा की कल्पना की थी और इसके लिए हिंदी को स्वीकार किया। गृह मंत्री ने कहा, "हिंदी दिवस के दिन हमें आत्म निरीक्षण करना चाहिए। दुनिया में कई देश हैं जिनकी भाषाएं लुप्त हो गईं। जो देश अपनी भाषा छोड़ता है उसका अस्तित्व भी छूट जाता है। जो देश अपनी भाषा नहीं बचा सकता वो अपनी संस्कृति भी संरक्षित नहीं रख सकता। मैं मानता हूं कि हिंदी को बल देना, प्रचारित करना, प्रसारित करना, संशोधित करना, उसके व्याकरण का शुद्धिकरण करना, इसके साहित्य को नए युग में ले



जाना चाहे वो गद्य हो या पद्य हमारा दायित्व है।"

### वाइको ने कहा- हिंदी थोपी गई तो देश बंट जाएगा

एमडीएमके चीफ वाइको ने कहा कि भारत में अगर हिंदी थोपी गई, तो देश बंट जाएगा। हमारे पास केवल एक 'हिंदी इंडिया' होगा।

### तमिलनाडु में 1937 से हिंदी का विरोध

तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध 1937 से ही शुरू हो गया था। 1963 में जब संसद में राजभाषा विधेयक पेश हुआ, तो तत्कालीन राज्यसभा सांसद और डीएमके नेता अन्नादुरई ने इसका विरोध किया था। जब संसद में राजभाषा विधेयक पास हुआ, तो तत्कालीन मद्रास राज्य की सड़कों पर इसके खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गए और मदुरै में दंगा भड़क उठा था। आखिरकार तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को राज्य में हिंदी की अनिवार्यता से अलग त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने की बात कहनी पड़ी थी।

### स्टालिन ने कहा- इससे देश की एकता पर असर पड़ेगा

तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शाह के बयान का विरोध करते हुए कहा कि हम लगातार हिंदी को थोपे जाने का विरोध करते रहे हैं। गृह मंत्री के आज के बयान ने हमें झटका दिया है, इससे देश की एकता पर असर पड़ेगा। हम शाह से बयान वापस लेने की मांग करते हैं। देश में एक भाषा की कोई जरूरत नहीं है। सोमवार को हम पार्टी मीटिंग में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएंगे।

### हिंदी सभी भारतीयों की मातृभाषा नहींः ओवैसी

वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट किया- हिंदी सभी भारतीयों की मातृभाषा नहीं है। क्या आप कृपया इस देश की विभिन्नता और अलग-अलग मातृभाषाओं की सुंदरता की तारीफ कर सकते हैं। अनुच्छेद 29 हर भारतीय को अलग भाषा, लिपि और संस्कृति का अधिकार देता है। भारत हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व से काफी बड़ा है।

### न्यायालय, उच्च न्यायालयों में भारतीय भाषाओं के उपयोग के लिये संविधान संशोधन हो : पासवान

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने शनिवार को हिंदी को चौतरफा बढ़ावा देने की वकालत करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के साथ ही देश के सभी उच्च न्यायालयों में भारतीय भाषाओं का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिये संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए। लोकशक्ति जनशक्ति पार्टी नेता ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि 1950 में जब संविधान को अंगीकार किया गया था तब अंग्रेजी को कामकाजी भाषा के तौर पर सिर्फ 15 वर्षों के लिये सेवा में माना गया था लेकिन उसका यह दर्जा अब भी बरकरार है जबकि हिंदी जिसे आधिकारिक भाषा बनाया गया था उसकी अनदेखी हुई। उन्होंने कहा कि भाषा लोगों के जन्म स्थान और आसपास के माहौल से जुड़ी है और अंग्रेजी भारतीयों पर थोपी गई है। हिंदी भाषा की इजाजत अभी सिर्फ उच्च न्यायालयों में होने का जिक्र करते हुए पासवान ने कहा कि अंग्रेजी सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में अनिवार्य नहीं बल्कि वैकल्पिक होनी चाहिए।

---

भाजपा ने जतायी नाराजगी

## मध्य प्रदेश सरकार ने एक ही आउटलेट पर चिकन और दूध बेचने की योजना शुरू की

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने एक ही आउटलेट पर दूध और चिकन बेचने की परियोजना शुरू की है और दावा किया है कि यहां मिलने वाले दूध और चिकन की शुद्धता की पूरी गारंटी है, लेकिन सरकार के इस फैसले का भाजपा ने कड़ा विरोध किया है। बीजेपी का आरोप है कि चिकन-दूध साथ बेचे जाने की वजह से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। लिहाजा सरकार इस परियोजना पर विचार करे और दोनों की दुकानें अलग-अलग की जाएं। बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने सीएम कमलनाथ को पत्र लिखकर दूध और कड़कनाथ चिकन की दुकानें अलग-अलग करने की मांग की है।




### बीजेपी के सभी आरोप निराधार हैं: लखन सिंह

मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री लाखन सिंह यादव ने बीजेपी के इन आरोपों को निराधार बताया है. मंत्री लाखन सिंह का कहना है कि, बीजेपी के सभी आरोप निराधार हैं, क्योंकि चिकन पार्लर और मिल्क पार्लर के बीच पार्टिशन किया गया है. दूध और चिकन एक साथ नहीं बेंचे जा रहे. पार्टिशन के एक तरफ चिकन तो दूसरी तरफ दूध बेचा जा रहा है

### सरकार के इस फैसले से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगीः रामेश्वर

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा का कहना है कि सरकार के इस फैसले से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी, क्योंकि इस परियोजना के मुताबिक गाय का दूध और चिकन एक साथ बेचा जा रहा है, इसलिए सरकार का यह फैसला हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। गाय का दूध हिंदू धर्म के लोग उपवास और भगवान की पूजा के लिए भी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में जब एक ही व्यक्ति दूध और चिकन बेचेगा तो वह इसे किसी भी तरह से न तो पूजा में इस्तेमाल कर सकते हैं और न ही उपवास में।

### मॉब लिंचिंग की घटना पहले कभी सुनाई नहीं देती थी : पवार

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या (मॉब लिंचिंग) के मुद्दे पर शनिवार को कहा कि पहले इस तरह की घटना सुनाई नहीं देती थी लेकिन अब ऐसी घटनाएं अक्सर होती हैं। पवार ने यहां पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव विकास के लिए जरूरी है लेकिन देश के वर्तमान शासक ऐसा नहीं सोचते हैं। राकांपा द्वारा जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया है, ''अगर देश को विकास के पथ पर आगे ले जाना है, तो भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव की भावना अनिवार्य है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' समाज के कुछ वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।'' उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा क्या पहले कभी मॉब लिंचिंग शब्द को सुना गया था।

शारदा चिटफंड मामला

## सीबीआई के सामने पेश नहीं हुए राजीव कुमार, एयरपोर्ट पर अलर्ट

**कोलकाता।** शारदा चिटफंड मामले में कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार पर संकट गहराता जा रहा है। अब सीबीआई अपने वकील वाईजे दस्तूर से मिलने पहुंची है। इससे पहले शुक्रवार को सीबीआई ने राजीव कुमार को नोटिस दिया था। इसमें उनसे पूछताछ के लिए शनिवार को सुबह 10 बजे सीबीआई के समक्ष पेश होने को कहा था। राजीव कुमार पश्चिम बंगाल के एडीजी (सीआईडी) पद पर तैनात हैं, लेकिन फिलहाल वो छुट्टी पर चल रहे हैं।सीबीआई ने नोटिस को नजरअंदाज करते हुए राजीव कुमार पेश नहीं हुए थे। सीबीआई ने राजीव कुमार को साल्ट लेक स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे पहुंचने के लिए कहा था.



हालांकि इसके बाद एजेंसियों को कहना है कि वह पेश नहीं हुए और उनका फोन भी स्विच ऑफ जा रहा है। इसके बाद सीबीआई हरकत में आई और उनसे एयरपोर्ट के अधिकारियों को भी सतर्क रहने के लिए कहा है। कोलकाता हाईकोर्ट ने राजीव कुमार को पासपोर्ट सीबीआई के पास जमा कराने के लिए कहा था। दरअसल गिरफ्तारी से संरक्षण के लिए राजीव कुमार शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचे थे।

### क्या हैं आरोप

राजीव कुमार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करीबी माना जाता है. राजीव कुमार पर सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पोंजी चिट फंड घोटाला मामले में जो राजीव कुमार ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। राजीव कुमार घोटाले की जांच कर रही सीआईटी के प्रमुख थे। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया है कि राजीव कुमार ने कुछ आरोपियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स सीबीआई को हैंडओवर नहीं किए और बाद में जो रिकॉर्ड्स हैंडओवर किए उनसे छेड़छाड़ की गई थी। सीबीआई का दावा है कि राजीव कुमार की ओर से सौंपे गए सीडीआर को जब मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा उपलब्ध कराए गए सीडीआर से मैच कराया गया तो वे मैच नहीं हुए।

---

मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

## ईडी ने की आयकर आयुक्त के ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नीरज सिंह के विभिन्न परिसरों पर छापे मारे हैं। आयकर आयुक्त के पद पर कार्यरत सिंह के यहां यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति के एक कथित मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में की गई है। सिंह की पिछली नियुक्ति चेन्नई में थी और उससे पहले वह कोलकाता में आयकर विभाग की जांच इकाई में काम कर चुके हैं। निदेशालय ने शनिवार को जानकारी दी कि सिंह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज करने के बाद कोलकाता, मुंबई और पटना में दो-दो यानी कुल छह स्थानों पर छापेमारी की गई। निदेशालय ने कोलकाता पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर सिंह के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है।




### संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, बैंक खाते और निवेश दस्तावेज जब्त किए

निदेशालय ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर छापा मारने की कार्रवाई में संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, बैंक खाते और निवेश दस्तावेज जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 15,000 करोड़ रुपये मूल्य के रोज वैली चिट फंड घोटाले के प्रमुख आरोपी गौतम कुंडु के साथ कथित जुड़ाव को लेकर सिंह कोलकाता पुलिस और निदेशालय की जांच के दायरे में हैं। निदेशालय ने रोज वैली मामले में कुंडू को गिरफ्तार किया है।

### प्रदर्शन...




हैदराबाद में शनिवार को वायरल बुखार से पीड़ित रोगियों के मामलों में वृद्धि को लेकर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

## सीटों पर अनबन के बीच शिवसेना का सरकार पर हमला

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीटों के बटवारें के अनबन के बीच शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में मौजूदा मोदी सरकार की आर्थित नीतियों को लेकर निशाना साधा है। सामना के संपादकीय में 'हेडलाइन्स मैनेजमेंट' को लेकर एक लिखा गया है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की बातों पर गौर करने की सलाह दी गई है। सामना की संपादकीय में लिखा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री की बातों पर गौर कर लें तो देश की वर्तमान परिस्थिति का ज्ञान हो जाएगा। सामना में खिला मनमोहन सिंह बोलने लगे हैं, इसे देश के लिए शुभ संकेत माना जाए या कुछ और इसको लेकर जिसे जो तय करना हो वो करे, लेकिन एक समय के मौनी बाबा की बातें अब सरकार को कांटे की तरह चुभ रही हैं। बता दें एक महीने में दूसरी बार मनमोहन सिंह ने देश की



■ मंदी पर मनमोहन सिंह की बातों का किया समर्थन

गिरती अर्थव्यवस्था पर उंगली उठाई है। उन्होंने अपने बयान में कहा है देश के अंदर रियल इस्टेट से लेकर कृषि क्षेत्र तक में गिरावट देखी जा रही है। अगर इस भयंकर परिस्थिति से जल्द ही बाहर नहीं निकले तो रोजगार के क्षेत्र में बड़ा संकट पैदा हो जाएगा। मनमोहन सिंह का कहना है कि लोग जब लगातार बेरोजगार होंगे तो अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा।

---

केन्द्र सरकार ने कहा

# राज्य सरकारें शहरी गरीबों और वंचित तबकों में कुपोषण दूर करने पर ध्यान दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राज्यों से 'पोषण अभियान' के तहत एक महीने तक चलने वाले अभियान के दौरान शहरी क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों और वंचित लोगों के बीच कुपोषण से निपटने पर काम करने को कहा है। सरकार ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गरीबी, खाद्य सुरक्षा के जोखिमों और सेहत के लिए हानिकारक खानपान के माहौल के चलते कुपोषण की समस्या है। इसके साथ ही राज्यों से कहा गया है कि वे अपनी स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को झुग्गी बस्तियों और वंचित तबके तक पहुंचाएं। राज्य



और जिला प्रशासन को भेजे एक पत्र में महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पोषण अभियान के तहत होने वाली गतिविधियां के जरिए झुग्गी बस्तियों और वंचित तबकों के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को पहुंचाने की कोशिश होनी चाहिए।" इसमें राज्यों, जिलों और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है, जिसमें वंचित तबकों और झुग्गी बस्तियों में रह रहे लोगों पर विशेष ध्यान देने की बात शामिल है।

### स्वास्थ्य मिशन के विकास और स्वच्छ भारत मिशन के संदेश के प्रसार जैसे कदम भी उठाएं

इसमें राज्यों से आगे कहा गया है कि वे विभिन्न विभागों के बीच तालमेल, शहरी स्वास्थ्य मिशन के विकास और स्वच्छ भारत मिशन के संदेश के प्रसार जैसे कदम भी उठाएं। मंत्रालय ने राज्यों से कहा है, "वंचित तबकों से संपर्क करने के लिए श्रम सघन उद्योगों या निजी नियोक्ता के साथ मिलकर काम करना चाहिए और उन्हें पोषण अभियान के बारे में जागरुक करना चाहिए। इसमें राज्यों और जिलों से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बढ़ावा देने और शहरी इलाकों तथा झुग्गी बस्तियों में एनीमिया कैंप लगाने के लिए भी कहा गया है। केंद्र सरकार ने 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम का मकसद जन्म के समय कम वजन, धीमी वृद्धि, कुपोषण और बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में एनीमिया को कम करना है।

## आदित्य ठाकरे के नाम पर ठगी करने वाला डिलिवरी बॉय गिरफ्तार

**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के नाम पर ठगी करने वाला डिलिवरी बॉय को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने उद्धव ठाकरे निवास मातोश्री के एक कर्मचारी से पार्सल के बदले पैसे मांगे थे, जिसके बारे में उसका दावा था कि उसका आर्डर आदित्य ठाकरे ने किया था। मातोश्री में दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे रहते थे, वहां सुरक्षा बेहत सख्त रहती है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आरोपी धीरज मोरे बंगले में कर्मचारियों को पहले भी इस तरह ठग चुका था. मोरे पहले सामान पहुंचाने का काम करता था और सेंट्रल मुंबई के परेल का रहने वाला है. उसे पहले भी ऐसे ही अपराध में गिरफ्तार किया जा चुका है. वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ था. इस घटना के बाद मातोश्री में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी धीरज मोरे को मातोश्री में सुरक्षाकर्मियों ने गुरुवार को उस समय पकड़ा, जब एक पार्सल देने की कोशिश कर रहा था. उसका कहना था कि ये पार्सल युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे ने ऑर्डर किया है।



### पहले भी कर चुका है ठगी

जोन आठ के पुलिस उपायुक्त मंजूनाथ सिंगे ने कहा कि मोरे इससे पहले तीन पर स्टाफ को धोखा देकर कम से कम 8500 रुपये हड़प चुका था. मोरे ने पहले हेडफोन, एक कॉपी और एक कम्प्यूटर माइक की डिलीवरी की थी। उन्होंने बताया कि मोरे ने इन चीजों के बारे में बताकर चार बार पैसे लिए. चौथी बार स्टाफ को संदेह हुआ तो उन्होंने बंगले में जाकर आदित्य ठाकरे से इस बारे में पूछा कि क्या उन्होंने कोई ऑनलाइन आर्डर किया है। ठाकरे के इनकार करने पर मोरे का झूठ सामने आ गया। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत धोखेबाजी का मुकदमा दर्ज किया है।

# निवेशकों की पसंद बन रही ईएसजी स्कीम

**म्यूचुअल फंड के ईएसजी इंवेस्टिंग का मतलब उन कंपनियों के शेयरों का पोर्टफोलियो बनाने से हैं जो पर्यावरण, समाज और गवर्नेंस संबंधी ऊंचे मानकों को पूरा करती हैं।**

बिजनेस डेस्क ▸▸ रोहतक

लगता है कि म्यूचुअल फंड कंपनियों को 'ईएसजी' का आइडिया बहुत पसंद आ रहा है। ईएसजी का मतलब एन्वॉयरमेंट, सोशल और गवर्नेंस से है। क्वांटम म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड के बाद अब कोटक म्यूचुअल फंड और आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड भी ईसीजी स्कीमें लाने की तैयारी में हैं। इन दोनों फंड हाउसों ने अपने ईएसजी प्रोडक्ट पेश करने के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा किए हैं। आजकल म्यूचुअल फंड्स की ईएसजी स्कीम निवेशकों की पसंद बन रही है। इन फंडों में क्या खास बात है, आइए नजर डालते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आइडिया सफल

आसान शब्दों में कहें तो ईएसजी इंवेस्टिंग का मतलब उन कंपनियों के शेयरों का पोर्टफोलियो बनाने से हैं जो पर्यावरण, समाज और गवर्नेंस संबंधी ऊंचे मानकों को पूरा करती हैं। सही मायनों में ऊंचे मानकों वाली कंपनियों में फंड मैनेजर इन्हीं बुनियादी बातों की तलाश करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईएसजी का आइडिया सफल रहा है। लेकिन, म्यूचुअल फंड एडवाइजरों को लगता है कि विकसित बाजारों की तर्ज पर भारतीय बाजारों में इनकी सफलता की संभावना के बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। वहीं, कुछ की बिल्कुल अलग राय है। ईएसजी को नया कॉन्सेप्ट बता रहे लोग समझ नहीं रहे हैं कि ईएसजी स्कीम 'सस्टेनेबिलिटी' को नापने से ज्यादा और कुछ नहीं है। अच्छी टिकाऊ (सस्टेनेबल) कंपनियों में निवेश करना भला कब से नई चीज बन गई। ईएसजी स्कीमें स्ट्रक्चर्ड हैं। यह कंपनियों की सस्टेनेबिलिटी को नापने का बेहतर तरीका है। इसमें कंपनी की कारोबारी गतिविधियों में छुपे जोखिम की पहचान की जा सकती है। हालांकि, यह तंबाकू, शराब, गैंबलिंग इत्यादि जैसी गतिविधियों से जुड़ी कई बड़ी कंपनियों को भी बाहर कर देता है। इस तरह ईएसजी की प्रक्रिया शेयर सेलेक्शन में आईटीसी जैसी कंपनियों के नाम हटा देती है।

### रिटर्न पर अभी कुछ नहीं कह सकते

यह निश्चित ही अच्छी चीज है। लेकिन, निवेश से रिटर्न के संदर्भ में हम अब भी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह डायवर्सिफाइड इक्विटी प्रोडक्टों की बराबरी कर पाएगा जो पहले से हमारे पास हैं? इस पहलू पर हमें विचार करना है। एसबीआई म्यूचुअल फंड ने एसबीआई मैग्नम इक्विटी फंड का नाम बदलकर एसबीआई मैग्नम इक्विटी ईएसजी फंड कर दिया। इस तरह यह देश का पहले ईएसजी म्यूचुअल फंड बन गया।

फंड्स का फंडा




### फंड के प्रदर्शन का करना होगा इंतजार

फिलहाल इससे यह नहीं बताया जा सकता है कि ईएसजी स्कीमें बाजार में कैसा कर रही हैं। इंडेक्स फंडों की तरह भारतीय बाजार में ईएसजी स्कीमों की व्यवहार्यता को भी देखने के लिए इंतजार करना होगा। जहां तक छोटे निवेशकों का सवाल है तो उन्हें थीम आधारित स्कीमों से दूर रहना चाहिए। इस बात का खासतौर से तब ज्यादा ध्यान रखना चाहिए जब कोई पिछला रिकॉर्ड मौजूद न हो। ईएसजी के कॉन्सेप्ट पर काफी रिसर्च किया जा चुका है। इस बात के सबूत मिले हैं कि इससे बेहतर रिटर्न मिलते हैं। कारण है कि मजबूत सस्टेनेबिलिटी स्कोर वाली कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा होता है। इनमें जोखिम भी कम होता है। हालांकि, म्यूचुअल फंड एडवाइजरों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रदर्शन के आधार पर इन स्कीमों पर फैसला लेना अभी बहुत जल्दबाजी होगी।

# 'फ्लेक्सी सिप' से करें फंडों में निवेश

सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान (सिप) आपको एक तय समय पर म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश का मौका देता है। इसका एक वैरियंट 'फ्लेक्सी सिप' है। इसमें पहले से निर्धारित फॉर्मूले के आधार पर निवेश की रकम बढ़ाने और घटाने की सुविधा मिलती है। बाजार में तेजी होने पर निवेशक निवेश की रकम घटा सकते हैं। वहीं, बाजार के नरम होने पर उनके पास सिप की रकम बढ़ाने का विकल्प होता है।

### किस फॉर्म की पड़ती है जरूरत

एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) में सिप इंस्ट्रक्शन रजिस्टर करते समय निवेशक को फ्लेक्सी सिप का विकल्प चुनना पड़ता है। इसके लिए एक खास फॉर्म भरने की जरूरत होती है। सिप एप्लीकेशन फॉर्म में भी निवेशक फ्लेक्सी सुविधा को चुन सकते हैं। **देनी पड़ती है फिक्स्ड इंस्टॉलमेंट** : निवेशक को सिप की न्यूनतम रकम



(कस्ति) तय करने की जरूरत होती है। इस कस्ति को हर स्थति में निवेश करना पड़ता है। सिप की अवधि फ्लेक्सी सिप न्यूनतम अवधि के लिए रजिस्टर की जा सकती है। अधिकतम अवधि 3 से 5 साल की हो सकती है। इसे मासकि या तमिाही आधार पर देना पड़ता है।

### सिप की रकम

हर महीने निवेश की जाने वाली सिप की रकम इनमें से जो ज्यादा होगी, वह देय होगीः फिक्स्ड इंस्टॉलमेंट अमाउंट, फ्लेक्सी सिप फॉर्मूला से निकाली गई रकम। पेमेंट प्रति किस्त (इंस्टॉलमेंट) जितनी भी तय रकम निवेश की जानी है, उसकी अधिकतम दोगुनी रकम के साथ ओटीएम मैनेडेट रजिस्टर करना पड़ता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

अमूमन सिप की पहली किस्त एक तय रकम होती है। अगर पर्याप्त बैलेंस न होने या तकनीकी कारणों से सिप की किस्त पलटी जाती है तो फिक्स्ड इंस्टॉलमेंट अकाउंट के लिए फ्लेक्सी सिप में बची किस्त को प्रोसेस किया जाता है।

# हाइब्रिड फंड में किसे करना चाहिए निवेश

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक से अधिक एसेट क्लास में निवेश करते हैं। म्यूचुअल फंडों की तमाम कैटेगरी में से एक है हाइब्रिड फंड। ऐसी स्कीमें इक्विटी और डेट दोनों तरह के एसेट क्लास में निवेश करती हैं। बाजार नियामक सेबी ने सात हाइब्रिड स्कीमें बनाकर इन्हें साफ तौर पर परिभाषित कर दिया है। इनमें एग्रेसिव हाइब्रिड, कंजर्वेटिव हाइब्रिड, बैलेंस्ड हाइब्रिड, डायनेमिक एसेट एलोकेशन या बैलेंस्ड एडवांटेज, मल्टी एसेट एलोकेशन, आर्बिट्राज और इक्विटी सेविंग स्कीम शामिल हैं।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड कई बार सोने में भी पैसा लगाते हैं। इस तरह से इनका निवेश काफी डायवर्सिफाइड होता है। इन स्कीमों के निवेश के पीछे दो बुनियादी बातें काम करती हैं। एसेट एलोकेशन और डायवर्सिफिकेशन। इन्हीं पर फोकस कर म्यूचुअल फंड की ये स्कीमें तमाम एसेट क्लास में निवेश करती हैं। ये स्कीमें इक्विटी के जरिए पूंजी को बढ़ाती हैं। वहीं, पोर्टफोलियो के डेट वाले हिस्से से नियमित आमदनी का रास्ता बनाया जाता है। इस तरह निवेशकों के लिए ये फंड पूंजी बढ़ाने और सुरक्षा का दोहरा काम करते हैं। हाइब्रिड फंड तमाम तरह के निवेशकों के लिए मुफीद हैं। इनमें वे निवेशक भी पैसा लगा सकते हैं जो न के बराबर जोखिम ले सकते हैं। थोड़ा जोखिम लेने की क्षमता रखने वालों के लिए भी ये सही हैं। इनमें आक्रामक निवेशकों को भी पैसा लगाने की सलाह दी जाती है। नए निवेशक जो बाजार में निवेश शुरू करना चाहता है, उनके लिए ये स्कीमें काफी अच्छी साबित हो सकती हैं।



अलग-अलग तरह के लक्ष्यों के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

# बाइक इंश्योरेंस लेने से पहले क्लेम सेटलमेंट रेशियो का रखें ख्याल

बिजनेस डेस्क ▸▸ रोहतक

अगर आप बाइक का इंश्योरेंस लेने जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। हर कंपनी की पॉलिसी में अलग-अलग फीचर्स होते हैं, जो उन्हें दूसरों से अलग करती है। पॉलिसी में शामिल हर छोटी बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि इंश्योरेंस लेने से उनका रिव्यू करना जरूरी है, जिससे लंबे समय के लिए आपको फायदा मिल सके। अगर आप भी अपने दो पहिया वाहन का बीमा कराना चाहते हैं और सबसे प्रभावी बीमा पॉलिसी लेना चाहते हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि इसके लिए आपको किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### क्लेम के बारे में लें पूरी जानकारी

जिस किसी कंपनी से इंश्योरेंस लेने का प्लान कर रहे हैं उसके क्लेम सेटलमेंट रेशियो के बारे में पूरी जानकारी कर लें। जिस कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेशियो अच्छा हो, उससे आप इंश्योरेंस लेने की सोच सकते हैं। क्लेम सेटलमेंट रेशियो से कंपनी के इस मामले में ट्रैक रिकॉर्ड का पता चलता है। ऐसी कंपनी से इंश्योरेंस न लें जो केवल आपसे प्रीमियम लेने में तो आगे रहे लेकिन बाद में क्लेम को छोटी-छोटी बातों पर रिजेक्ट कर दे। अगर आपका इंश्योरेंस लैप्स हो गया है तो आप ऑनलाइन इंश्योंरेस ले सकते हैं। तत्काल पेमेंट करने से आपको पॉलिसी मिल जाएगी।

### मोटर इंश्योरेंस में कैसे करें क्लेम



मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत थर्ड पार्टी क्लेम होता है और दूसरा ओन डैमेज क्लेम। अगर आपके व्हीकल से एक्सीडेंट हो जाता है और दूसरा व्यक्ति एक्सीडेंट में घायल हो जाता है या उसके व्हीकल को नुकसान होता है। तो उस व्यक्ति को थर्ड पार्टी कहा जाता है।

**पॉलिसी में शामिल छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बीमा पॉलिसी में ले सकते हैं अतिरिक्त कवरेज**

### थर्ड पार्टी क्लेम

अगर आपकी व्हीकल का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस है ओर आपके व्हीकल से एक्सीडेंट हो जाता है तो यह आपकी जिम्मेदारी है आप इस एक्सीडेंट के बारे में पुलिस और इंश्योरेंस कंपनी को रिपोर्ट करें। वहीं अगर एक्सीडेंट में आप पीड़ित हैं और एक्सीडेंट में दूसरा व्हीकल शामिल है तो आपको उस व्हीकल के इंश्योरेंस डिटेल की जानकारी हासिल कर इसके बारे में इंश्योरेंस कंपनी को बताना चाहिए।

### ओन डैमेज क्लेम

अगर आपने कार या बाइक का ओन डैमेज कवर लिया हुआ है और एक्सीडेंट की वजह से आपकी कार या बाइक को नुकसान होता है तो आपको तुरंत बीमा कंपनी और पुलिस को एक्सीडेंट की जानकारी देनी होगी। अगर जरूरत होगी तो बीमा कंपनी अपने सर्वेयर को एक्सीडेंट की जगह पर भेजेगी और सर्वेयर एक्सीडेंट में हुए नुकसान का आकलन करेगा। ऐसे में आप पुलिस या बीमा कंपनी की अनुमति के बिना व्हीकल को एक्सीडेंट की जगह से न हटाएं।

### बीमा पॉलिसी में ले सकते हैं अतिरिक्त कवरेज

अगर आपके पास महंगी बाइक है तो आप उसके लिए बीमा पॉलिसी में अतिरिक्त कवरेज ले सकते हैं। बीमा पॉलिसी में जीरो डेप्रिसिएशन कवर जैसी चीजें आपको इस बात की सुरक्षा देती हैं कि कुछ साल बाद भी आपकी बाइक के लिए मुआवजे का दावा करने में आपको दिक्कत नहीं आएगी। अगर बाइक पांच साल से कम पुरानी है तो यह जरूर लेना चाहिए।

### अपने इंश्योरेंस रिन्यूवल को करें ट्रैक

जब एक बार अपने इंश्योरेंस खरीद लिया है फिर उसके बाद आपकी जिम्मेदारी वहीं नहीं खत्म होती जाती है। आपको इंश्योरेंस के रिन्यूवल का भी ध्यान रखना होगा। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि अगर आप सही समय पर रिन्यूवल कराते हैं तो आपको इसपर डिस्काउंट भी मिल सकता है।

# अनिश्चितता के दौर में गोल्ड बॉन्ड्स भरोसेमंद

बिजनेस डेस्क ▸▸ रोहतक

अभी वैश्विक से लेकर घरेलू अर्थव्यवस्था की जो हालत है, उसमें निवेशकों के लिए रिटर्न की चुनौती बढ़ी है। अचानक बाजार तेज चढ़ती है और अचानक धड़ाम हो जाती है। शेयर बाजार से लेकर सर्राफा बाजार तक अनिश्चतता का माहौल है। निवेशक कहीं भी टिक नहीं पा रहे हैं। इसलिए निवेशकों को अपेक्षाकृत श्योर रिटर्न वाले निवेश में हाथ आजमाना चाहिए। अभी इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक एसेट क्लास के रूप में गोल्ड बॉन्ड को शामिल कर सकते हैं। मौजूदा भाव के आधार पर गोल्ड बॉन्ड डिजिटल पेमेंट करने पर 3,840 रुपये प्रति ग्राम और फिजिकल मोड में भुगतान करने पर 3,890 रुपये प्रति ग्राम बैठता है। ये अनुमानित दाम हैं। गोल्ड बॉन्ड्स में कोई एक्सपेंस नहीं होता है, निवेशक हर साल 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज भी हासिल कर सकते हैं। अगर 8 साल की मैच्योरिटी तक होल्ड किया जाए तो इन पर कैपिटल गेंस टैक्स नहीं लगता है। निवेशकों के पास पांचवें साल के बाद इंटरेस्ट पेमेंट की किसी भी तारीख पर एग्जिट का विकल्प रहता है।

### बाजार का माहौल पक्ष में

अमेरिकी मार्केट में बुल रन का दसवां साल चल रहा है। वह ओवरवैल्यूड दिख रहा है। ग्लोबल लेवल पर हम ऐसे माहौल में पहुंच गए हैं, जिसमें कई देशों में नेगेटिव इंटरेस्ट रेट की स्थिति है। निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में 5-10 प्रतिशत हिस्सा गोल्ड को देना चाहिए। इससे वैश्विक अनिश्चितता और रुपये की कमजोरी से एक तरह की सुरक्षा मिलेगी। फाइनैंशियल प्लानर गोल्ड बॉन्ड में निवेश की सलाह इसलिए भी दे रहे हैं क्योंकि इक्विटी और डेट सरीखे परंपरागत एसेट क्लासेज से इसका कोरिलेशन कम है। पिछले सालभर में गोल्ड का दाम 25 प्रतिशत चढ़ा है। यह कीमती धातु बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले ऐसेट्स में शामिल रही है। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में इसी दौरान 3.22% प्रतिशत गिरावट आई है, जबकि लिक्विड फंड में निवेश पर 6.73% रिटर्न मिला है। हालांकि तीन साल और पांच साल की अवधियों में गोल्ड में क्रमशः 5.93% और 5.92% की ही बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फाइनैंशियल प्लानरों का मानना है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स सोने में निवेश का अच्छा विकल्प हैं। गोल्ड बॉन्ड्स में कोई एक्सपेंस नहीं होता है। निवेशक हर साल 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज भी हासिल कर सकते हैं। ये गोल्ड में निवेश करने का बहुत अच्छा जरिया हैं।

### टैक्स मामले में भी बेहतर

टैक्स के मामले में भी गोल्ड बॉन्ड्स बेहतर हैं। इन्हें अगर मैच्योरिटी तक होल्ड किया जाए तो इन पर कैपिटल गेन्स टैक्स नहीं लगता है। निवेशक इन बॉन्ड्स को मैच्योरिटी तक होल्ड करें क्योंकि एनएसई और बीएसई पर लिस्टेड होने के बावजूद इन इंस्ट्रूमेंट्स के लिए लिक्विडिटी कम हो सकती है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स का मैच्योरिटी पीरियड आठ साल का होता है। निवेशकों के पास पांचवें साल के बाद इंटरेस्ट पेमेंट की किसी भी तारीख पर एग्जिट का विकल्प रहता है। रिडेम्पशन प्राइस पिछले तीन दिनों में गोल्ड के क्लोजिंग प्राइस का औसत होता है।



मार्केट गाइड

**इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक एसेट क्लास के रूप में गोल्ड को शामिल करने की चाहत रखने वाले निवेशक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर विचार कर सकते हैं। गोल्ड बॉन्ड्स में कोई एक्सपेंस नहीं होता है, निवेशक हर साल 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज भी हासिल कर सकते हैं। अगर 8 साल की मैच्योरिटी तक होल्ड किया जाए तो इन पर कैपिटल गेंस टैक्स नहीं लगता है। निवेशकों के पास पांचवें साल के बाद इंटरेस्ट पेमेंट की किसी भी तारीख पर एग्जिट का विकल्प रहता है।**

### एफडी पर रिटर्न घटने से भी बॉन्ड की बढ़ी पूछ

पिछले एक साल में बैंकों के डिपॉजिट रेट में अच्छी-खासी कमी के कारण भी निवेशकों ने सरकारी बॉन्ड और पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट जैसे पारंपरिक प्रॉडक्ट्स में निवेश बढ़ाया है। इनसे उन्हें बैंक डिपॉजिट की तुलना में अधिक रिटर्न मिल रहा है। पिछले एक साल में बैंकों के फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) रेट्स 0.5-1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7-6.5 प्रतिशत पर आ गए हैं। लंबी अवधि के सरकारी बॉन्ड और पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट पर अभी 7.5-7.75 प्रतिशत का रिटर्न मिल रहा है। आने वाले समय में ब्याज दरों में और गिरावट आने का अंदेशा है। पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट या सरकारी बॉन्ड से एफडी की तुलना में 1-1.5 प्रतिशत अधिक रिटर्न मिल रहा है, इसलिए लोगों की दिलचस्पी इनमें बढ़ी है। बैंक एफडी की अवधि पूरी होने पर कई निवेशक इन प्रॉडक्ट्स में पैसा लगा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस निवेशकों को कई तरह के डिपॉजिट ऑफर करता है, जिन्हें स्मॉल सेविंग स्कीम्स के नाम से जाना जाता है। इन स्कीम्स के इंट्रेस्ट रेट की सरकार हर तीन महीने पर समीक्षा करती है और उन्हें नए सिरे से तय करती है। नियमित इंट्रेस्ट इनकम के लिए 60 साल या उससे अधिक आयु के लोग सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम में निवेश कर सकते हैं। फिलहाल इसपर 8.60% का ब्याज मिल रहा है। एनएससी में पांच साल का लॉक-इन पीरियड होता है। इसमें इंट्रेस्ट का भुगतान नहीं किया जाता, बल्कि उसे फिर से निवेश कर दिया जाता है। इसपर 7.90% का ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस में टाइम डिपॉजिट भी किया जाता है, जैसा बैंक में एफडी होता है। यह एक, दो, तीन और पांच वर्षों के लिए होता है। पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट पर 6.9%-7.7% के बीच इंट्रेस्ट मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम में निवेशकों को मासिक आधार पर इंट्रेस्ट भुगतान की सुविधा मिलती है। यह पांच साल की अवधि के लिए होता है। इंट्रेस्ट की रकम हर महीने उसी पोस्ट ऑफिस में निवेशक के सेविंग अकाउंट में ऑटो क्रेडिट हो जाती है। इस पर 7.60% का ब्याज मिल रहा है। किसान विकास पत्र पर 7.60% का ब्याज मिल रहा है। नियमित अंतराल पर छोटी तयशुदा रकम के निवेश के लिए पोस्ट ऑफिस में पांच साल के लिए आरडी अकाउंट खोला जा सकता है। कोई व्यक्ति कितना अकाउंट खोलता है, इसकी कोई लिमिट नहीं है। इसपर 7.20% का ब्याज मिल रहा है। निवेशक 1,000 रुपये के साथ सरकारी बॉन्ड में पैसे लगा सकते हैं, जबकि पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट के लिए न्यूनतम रकम की सीमा 200 रुपये है।

### सिक्योरिटीज के बदले भी मिलता है लोन

आज के दौर में लोन की जरूरत हर किसी को होती है। अगर आपके पास पैसे नहीं हैं और आप कुछ खरीदना चाहते हैं तो बैंक लोन लेना सुविधाजनक विकल्प है। आप सिक्योरिटी के बदले सस्ते ब्याज दर पर लोन ले सकते हैं। अगर आपने शेयर, म्यूचुअल फंड और इंश्योरेंस आदि में इन्वेस्ट किया हुआ है तो इसके बदले भी बैंक आपको लोन देते हैं। इसमें 9 से 15 फीसदी तक की दर से ब्याज चुकाना होता है। शेयर, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपाजिट या बीमा पॉलिसी के बदले लोन लेना आसान है। म्यूचुअल फंड और शेयर के मामले में बैंक आपको निवेश की रकम के 50 % तक का लोन दे देते हैं। फिक्स्ड डिपाजिट के मामले में निवेश की रकम का 75% तक ब्याज मिल सकता है। ब्याज दर 9-15% तक मिलता है। इसका सबसे बड़ा फायदा है- तुरंत भुगतान, कम ब्याज दर।

**इन जगहों से मिलते हैं लोन**

एक्सिस बैंक, केनरा बैंक, यूको बैंक, फेडरल बैंक, करूर वैश्य बैंक, इलाहाबाद बैंक, ओरिएंटल बैंक आफ कॉमर्स, आईआईएफएल, येस बैंक, टाटा कैपिटल, बजाज फिनसर्व, इंडियन बैंक व लक्ष्मी विलास बैंक।

# फ्लाइट में देरी पर करें इन अधिकारों का इस्तेमाल

बिजनेस डेस्क ▸▸ रोहतक

कई बार ऐसा होता है कि फ्लाइट में देरी हो जाती है। कभी टेक ऑफ लेट होता है तो कभी लैंडिंग। कई बार आपको बोर्डिंग नहीं मिल पाती या फ्लाइट कैंसल हो जाती है। ऐसे में आपके कुछ अधिकार हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसी सूरतों में आप किन अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### देरी होने पर खाना-नाश्ता का हक

अगर फ्लाइट के तय समय से 24 घंटे से कम की, लेकिन 4 घंटे से ज्यादा की देरी है तो मुसाफिर खाना और नाश्ता पाने के हकदार हैं। अगर 24 घंटे से ज्यादा की देरी है, तो होटल में रहने की व्यवस्था की जाएगी। होटल का चुनाव एयरलाइन की पॉलिसी के मुताबिक किया जाएगा। अगर एयरलाइन के कंट्रोल से बाहर के कारणों के चलते देरी होती है या रद्द होती है तो मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं है। इनमें राजनीतिक अस्थिरता, प्राकृतिक हादसा, गृह युद्ध, बम विस्फोट, दंगा, उड़ान को प्रभावित करने वाले सरकारी आदेश और हड़ताल शामिल हैं।

### फ्लाइट कैंसलेशन पर

अगर फ्लाइट रद्द होती है तो एयरलाइन बिना अतिरिक्त लागत के पैसेंजर को यात्रा के दूसरे ऑप्शंस देने को बाध्य है। अगर दूसरी फ्लाइट या दूसरी एयरलाइन की फ्लाइट के जरिए ट्रैवल करने के विकल्प को नहीं चुनते हैं तो एयरलाइन को टिकट के

जानकारी



पैसे वापस देने होंगे। अगर एयरलाइन फ्लाइट के रद्द होने से 3 घंटे पहले इसकी जानकारी नहीं देती है तो वह फ्लाइट के ब्लॉक टाइम (एक फ्लाइट एक जगह से दूसरे जगह जाने में लेती है।) के मुताबिक मुआवजा देगी। एक घंटे के ब्लॉक टाइम वाली फ्लाइट के लिए 5000 रुपये, दो घंटे वाली फ्लाइट के लिए 7000 रुपये, 2 घंटे से ज्यादा के लिए 10,000 रुपये या एक तरफ की बुकिंग का बेस फेयर में एयरलाइन का फ्यूल चार्ज जोड़ने के बाद जो भी कम हो, उसे दिया जाएगा।

### बोर्डिंग नहीं मिलने पर

ओवरबुकिंग की वजह से एयरलाइन आपको कन्फर्म बुकिंग के बावजूद बोर्डिंग नहीं करने देती है तो... एयरलाइन को आपके लिए मूल फ्लाइट के उड़ान भरने के समय से 1 घंटे के अंदर दूसरी फ्लाइट का इंतजाम करना होगा। अगर एयरलाइन ऐसा नहीं कर पाती है तो आप मुआवजा पाने के हकदार हैं। अगर मूल फ्लाइट के समय के 24 घंटे के अंदर आपको दूसरी फ्लाइट दी जाती है तो एक तरफ के बेसिक फेयर का 200 प्रतिशत और एयरलाइन की फ्यूल चार्ज का जोड़कर मुआवजा मिलेगा, जो अधिकतम 10,000 रुपये तक हो सकता है। अगर मूल फ्लाइट के समय के 24 घंटे के बाद आपको मिली वैकल्पिक फ्लाइट उड़ान भरती है तो एक तरफ के बेसिक फेयर का 400 फीसदी और एयरलाइन की फ्यूल चार्ज का जोड़ पाने के हकदार हैं, जो अधिकतम 20,000 रुपये हो सकता है। अगर पैसेंजर वैकल्पिक फ्लाइट नहीं लेता है तो उसे टिकट का पूरा पैसा और एक तरफ के बेसिक फेयर का 400 प्रतिशत और एयरलाइन की फ्यूल चार्ज को जोड़कर मिलेगा, जो अधिकतम 20,000 रुपये हो सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

विमानन नियामक ने एयरलाइंस से हर्जाने, रिफंड और अन्य सुविधाओं पर अपनी नीतियों को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए कहा है। टिकट बुक करते हुए सही ब्योरा दें। इनमें आपका ईमेल अड्रेस और मोबाइल नंबर शामिल है। संपर्क की गलत सूचना देने पर हर्जाना नहीं दिया जाएगा। मुआवजे के अलावा टिकट का पूरा पैसा भी वापस किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया के माइकल मैथ्यूज बने विजेता

**क्यूबेक।** शुक्रवार को क्यूबेक सिटी में ग्रैंड प्रिक्स साइक्लिस्ट डे क्यूबेक जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया के माइकल मैथ्यूज, दूसरे स्थान पर स्लोवाकिया के पीटर सागन और तीसरे स्थान पर बेल्जियम के ग्रेग वान एवरमाएट रहे।

### फुटबालः बिलबाओ और मालोरका ने ड्रा खेला

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने रियाल मालोरका से गोलरहित ड्रा खेला लेकिन इससे उसने ला लीगा फुटबाल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। आर्टिज एडुरिज के 96वें मिनट में पेनल्टी शाट को मानाओलो रेना ने रोक लिया। इससे बिलबाओ की टीम जीत का मौका गंवा बैठी, हालांकि उसे अभी इस सत्र में चार लीग मैचों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। पर जीत से वह एटलेटिको मैड्रिड से पूरे दो अंक की बढ़त से शीर्ष पर पहुंच सकती थी।

### पहले ही दिन भारत के चारों पहलवान बाहर



**नूर सुल्तान।** भारत के लिए विश्व चैम्पियनशिप में शुरूआती दिन निराशाजनक रहा, ग्रीको रोमन में भाग ले रहे सभी चारों पहलवान एक भी राउंड जीते बिना ही बाहर हो गए। अगर भारतीय पहलवानों के खिलाफ मुकाबले जीतने वाला पहलवान खिताबी भिड़ंत तक पहुंचता है, तो उन्हें कांस्य पदक के लिए रेपेशाज दौर में खेलने का मौका मिल सकता है। गैर-ओलंपिक वर्ग में भाग ले रहे एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदकधारी हरप्रीत सिंह (82 किग्रा), सागर (63 किग्रा) और मंजीत (55 किग्रा) अपने मुकाबलों के दौरान एक भी अंक नहीं जुटा सके। केवल योगेश (72 किग्रा) ने ही अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी रेमंड एंथोनी बंकर तृतीय को चुनौती दी लेकिन वह 5-6 से हार गए। हरप्रीत सिंह को 82 किग्रा में चेक गणराज्य के पेट्र नोवाक ने 5-0 से पराजित किया।

### लक्ष्य बेल्जियन अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर के फाइनल में



**लेयूवेन (बेल्जियम)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने यहां डेनमार्क के किम ब्रुन को सीधे गेम में हराकर बेल्जियन अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर के पुरूष एकल फाइनल में प्रवेश किया। अल्मोड़ा के 18 वर्षीय लक्ष्य ने शुक्रवार की रात ब्रुन को 48 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18 21-11 से शिकस्त दी। एशियाई जूनियर चैम्पियन लक्ष्य का सामना अब फाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय विक्टर स्वेंडसेन से होगा।



**क्रिकेट : दोनों टीमों ने नए खिलाड़ियों को दिया मौका, मैच पर बारिश का संकट**

# भारत-द.अफ्रीका टी-20 सीरीज का पहला मैच आज धर्मशाला में, नजरें कोहली-रोहित पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ उसके घर में क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में अपनी बादशाहत दिखाने वाली भारतीय टीम को आज रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच खेलना है।

दोनों टीमें हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। पिछली बार दोनों टीमें टी-20 में 2018 में आमने-सामने हुईं थीं जहां भारत ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

### विराट, रोहित, नवदीप पंड्या की दहशत कायम

विंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में रोहित शर्मा और कप्तान विराट कोहली ने रन किए थे तो वहीं गेंदबाजों में युवा नवदीप सैनी ने पदार्पण सीरीज में ही काफी प्रभावित किया था। विंडीज और दक्षिण अफ्रीका में हालांकि काफी अंतर है, लेकिन हार्दिक पंड्या के आने से मेजबान टीम और मजबूत हो गई है। एक बार फिर भारत ने टी-20 में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार को आराम दिया है। ऐसे में सैनी, खलील अहमद के पास अपने आप को साबित करने का मौका है। विंडीज दौरे पर लेग स्पिनर राहुल चहर को सिर्फ एक मौका मिला था। इस सीरीज में वह चाहेंगे कि उन्हें ज्यादा मौके मिलें।





### तीन नए चेहरे शामिल

दक्षिण अफ्रीका नए कप्तान क्विंटन डि कॉक के नेतृत्व में उतर रही है। टीम में तीन नए चेहरे शामिल किए गए हैं। तेम्बा बावूमा, बजरेन फॉर्टयूइन और एनरिच नोर्टज को पहली बार टी-20 टीम में जगह मिली है। भारत ने विंडीज को हर प्रारूप में एकतरफा मात दी थी और अब वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यही करना चाहेगी।

### भारतीय टीम

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उप-कप्तान), शिखर धवन, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, क्रुणाल पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल चहर, खलील अहमद, दीपक चहर और नवदीप सैनी.

### दक्षिण अफ्रीकी टीम

क्विंटन डि कॉक (कप्तान), रासी वान डर डुसैन, तेम्बा बावुमा, जूनियर डाला, बजरेन फॉट्यूइन, बेयुरान हेंड्रिक्स, रीज हैंड्रिक्स, डेविड मिलर, एनरिक नोर्टजे, एंदिल फेहुलक्वायो, ड्वेयान प्रीटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, जॉर्ज लिंडे.

### भारत को कड़ी चुनौती देने वाली टीम

सीनियर हरफनमौला खिलाड़ी क्रिस मॉरिस के साथ-साथ एडेन मार्कराम, थेयुनिस डे ब्रूयन और लुंगी नगिदी को टीम में नहीं चुना है। मेहमान टीम के पास हालांकि कैगिसो रबाडा जैसे गेंदबाज हैं, जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ने के लिए काफी हैं। टीम के पास ज्यादा अनुभव नहीं है, लेकिन वह भारत को कड़ी चुनौती देने का दम रखते हैं।

### धर्मशाला में छाए बादल

इस मैच में हालांकि बारिश का साया भी मंडरा रहा है. मौसम विभाग ने बुधवार को ही इस बात की जानकारी दे दी थी अगले कुछ दिनों तक यहां बारिश हो सकती है। धर्मशाला की विकेट तेज गेंदबाजों के मुफीद मानी जाती है और अगर बारिश होती है और ज्यादा देर तक कवर्स पिच पर रहते हैं तो तेज गेंदबाज और खतरनाक हो सकते हैं।

### दूसरा मोहाली, तीसरा चेन्नई में

बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 इंटरनेशनल सीरीज का दूसरा मैच 18 सितंबर को मोहाली में खेला जाएगा. इसके बाद सीरीज का तीसरा व अंतिम मैच 22 सितंबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा.

## भारतीय टीम 106 रन बनाकर बनी चैंपियन, सातवीं बार हथियाया अंडर 19 एशिया कप



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंडर 19 टीम ने शानदार गेंदबाजी के दम पर फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर सातवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 106 रन का स्कोर ही खड़ा कर पाया था लेकिन आकाश और अथर्व ने लाजवाब गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को महज 101 रन पर ढेर कर दिया टीम को 5 रन से जीत दिला दी।

### आकाश-अथर्व ने चटाई धूल

टीम इंडिया को एशिया कप का खिताब दिलाने में आकाश सिंह और अथर्व अनकोलेकर ने अहम भूमिका निभाई। दोनों ही गेंदबाजों ने छोटे से स्कोर का बचाव कर भारत को चैंपियन बनाया। अथर्व ने 8 ओवर में 28 रन देकर 5 विकेट हासिल किए जबकि आकाश ने 5 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

### 7वीं बार खिताब किया अपने नाम

भारत ने रिकॉर्ड सातवीं बार अंडर 19 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह यूथ क्रिकेट में अब तक के सबसे छोटे स्कोर का बचाव करते हुए किसी टीम को मिली जीत है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने लाजवाब गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश को 101 रन पर ऑलआउट कर 5 रन से मैच अपने नाम किया।

## पंघाल, मनीष विश्व चैम्पियनशिप के अगले दौर में, आशीष हारे

एजेंसी ▶▶| एकातेरिनबर्ग





एशियाई चैम्पियन अमित पंघाल (52 किलो) और मनीष कौशिक (63 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में आसान जीत दर्ज की। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष कुमार (75 किलो) चीन के तुओहेताएरबीके तांगलातिहान से बंटे हुए फैसले पर 2-3 से हार गए। दूसरी वरीयता प्राप्त 23 बरस के पंघाल ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तू पो वेइ को आसानी से 5-0 से हराया। उसे पहले दौर में बाय मिला था। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता कौशिक ने नीदरलैंड के एनरिको लाक्रूज को 5-0 से ही शिकस्त दी। हैमबर्ग में पिछली विश्व चैम्पियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे पंघाल ने आक्रामक शुरूआत की और उनके प्रतिद्वंद्वी के पास उनके हमलों का कोई जवाब नहीं था। पिछली बार तत्कालीन चैम्पियन हसनबाय दुसमातोव से हारे पंघाल पिछले एक साल से शानदार फार्म में है । उनका भारवर्ग 49 किलो से 52 किलो हो गया लेकिन उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। अब पंघाल का सामना तुर्की के बालुहान सी से होगा। वहीं पहली बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे भिवानी में देवसर गांव के कौशिक भी काफी आक्रामक थे। उनके प्रतिद्वंद्वी की लचर रक्षात्मक तकनीक का भी उन्हें फायदा मिला।

## सौरभ वियतनाम ओपन के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| हो ची मिन्ह सिटी



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा शनिवार को यहां वियतनाम ओपन बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जापान के मिनोरु कोगा को सीधे सेटो में शिकस्त देकर फाइनल में पहुंच गये।

दूसरे वरीय सौरभ ने 75 हजार डालर पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में विश्व रैंकिंग में 112वें स्थान पर काबिज मिनोरु को 51 मिनट तक चले मुकाबले में 22-20 21-15 से हराया।

### अब मुकाबला चीन के शिआंग से

पिछले साल डच ओपन और कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाले इस राष्ट्रीय चैम्पियन का फाइनल में सामना चीन के सुन फेई शिआंग से होगा। सौरभ ने इस साल की शुरुआत में स्लोवेनिया अंतरराष्ट्रीय में खिताबी जीत दर्ज करने के दौरान मिनोरु को हराया था।

## साथियान, शरत व मनिका के हाथों भारत की कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जी साथियान, शरत कमल और मनिका बत्रा की तिकड़ी रविवार से इंडोनेशिया में शुरू हो रही एशियाई टेबल टनिस चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। एशियाई चैम्पियनशिप 2020 तोक्यो ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा है। टीम चीन के चेंगदू में दस दिवसीय अभ्यास शिविर में भाग लेने के बाद शनिवार को योज्ञाकर्ता पहुंच गयी।

### महिला-पुरुष की 10 सदस्यीय टीम

दस सदस्यीय भारतीय दल में पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुषः मानव ठक्कर, एंथोनी अमलराज, जी साथियान, हरमीत देसाई और शरत कमल। महिलाः सुतीर्था मुखर्जी, मधुरिका पाटकर, अहिका मुखर्जी, मनिका बत्रा और अर्चना कामथ।

### शरत, साथियान व मनिका से टिकीं आशाएं

इस प्रतियोगिता में अनुभवी टेबल टेनिस शरत और शीर्ष भारतीय खिलाड़ी साथियान को जापान, कोरिया, ताइपे और सिंगापुर जैसे शीर्ष दावेदारों के खिलाफ खुद का आकलन करने का मौका मिलेगा। महिला वर्ग में सभी की निगाहें मनिका पर होंगी। उन्होंने युगल मुकाबलों के लिए मधुरिका पाटकर के साथ जोड़ी बनाई है। यह जोड़ी उम्मीद करेगी कि उनका संयोजन अच्छा काम करें।

**कैरेबियन प्रीमियर लीग में चल रहे रोमांचक मैच**

## शाहरुख की टीम ने बनाए 267 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की एक टीम आइपीएल की तरह कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में भी खेल रही है जिसने एक विशाल स्कोर खड़ा किया है। इस लीग में बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान की भी एक टीम है, जिसका नाम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स है। इसी टीम ने सीपीएल इतिहास का तो सबसे बड़ा स्कोर बनाकर रिकॉर्ड बनाया ही है, साथ ही साथ टी20 क्रिकेट के कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए हैं।

### दो विकेट में 267 रन का स्कोर

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सीपीएल के दसवें लीग मैच में क्रिस गेल की कप्तानी वाली जमैका थलावाज के खिलाफ 267 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 2 विकेट खोकर 20 ओवर में 267 रन बनाए, जो टी20 क्रिकेट का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है।



### बल्लेबाजों ने जमकर उड़ाए चौके-छक्के

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमंस ने 42 गेंदों में 86 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 5 छक्के शामिल थे। वहीं, सुनील नरेन 20 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कोलिन मुनरो ने 50 गेंदों में नाबाद 96 रन की पारी खेलकर जमैका की टीम की कमर तोड़ दी। कोलिन मुनरो ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 8 छक्के लगाए।

### पोलार्ड ने ठोके 17 गेंद में 45 रन

इनके अलावा कप्तान किरोन पोलार्ड ने 17 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाकर जमैका थलावाज को चारों खाने चित कर दिया और टीम के स्कोर को 250 के पार पहुंचा दिया। किरोन पोलार्ड ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। इस मुकाबले में जमैका थलावाज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी।



## हरियाणा ने तमिल को हराया

**पुणे।** हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी के 90वें मैच में तमिल थलाइवाज को 43-35 से हरा दिया। हरियाणा के लिए एक बार फिर विकास कंडेला ने कमाल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा धर्मराज चेरालाथन ने अपने 250 टैकल प्वाइंट पूरे किए। पहले हॉफ में हरियाणा ने दो अंको की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरे हाफ में तमिल ने हरियाणा को ऑल आउट कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। अंत में हरियाणा बाजी मार गया।

### पुणेरी ने गुजरात को हराया

पुणेरी पल्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग के मैच में शनिवार को गुजरात फोर्चूनजाइंट्स को 43-33 से हराया। नितिन तोमर ने पुणे के लिये 11 रेड अंक बनाये। डिफेंस ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। गुजरात ने आखिरी तीन मिनट में काफी प्रयास किये लेकिन तब तक वापसी के लिए बहुत देर हो चुकी थी।

# मारा गया ओसामा बिन लादेन का बेटा हमजा

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



- अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने की पुष्टि
- कहा, अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में अमेरिका के आतंकवाद रोधी अभियान में हुई मौत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलकायदा समूह के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के पुत्र हमजा बिन लादेन की मौत की शनिवार को पुष्टि की। ट्रंप ने कहा कि हमजा की मौत अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में अमेरिका के आतंकवाद रोधी अभियान में हुई।

गौरतलब है कि अमेरिकी मीडिया ने एक महीने से अधिक समय पहले खुफिया अधिकारियों के हवाले से हमजा की मौत की बात कही थी। ट्रंप ने एक बयान में कहा, अलकायदा का शीर्ष नेता और ओसामा बिन लादेन का पुत्र हमजा बिन लादेन अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में अमेरिका के आतंकवाद रोधी अभियान में मारा गया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि हमजा की मौत असल में किस जगह और किन परिस्थितियों में हुई। ट्रंप ने कहा, हमजा बिन लादेन की मौत न केवल अल-क़ायदा को महत्वपूर्ण नेतृत्व कौशल और उसके पिता के प्रतीकात्मक संबंध से वंचित करेगी, बल्कि समूह की महत्वपूर्ण परिचालन गतिविधियों को भी कमजोर करेगी। उन्होंने कहा कि हमजा बिन लादेन विभिन्न आतंकवादी समूहों के साथ योजना बनाने और अंजाम देने के लिए जिम्मेदार था। हमजा की मौत की खबरें पहली बार जुलाई के अंत और अगस्त के शुरू में आई थीं।

### 30 साल का था हमजा

'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार ओसामा बिन लादेन का पुत्र हमजा बिन लादेन की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं थी। हमजा का आखिरी ज्ञात सार्वजनिक बयान 2018 में अल कायदा की मीडिया शाखा द्वारा जारी किया गया था। हमजा ने उस संदेश में सऊदी अरब को धमकी दी थी। अरब प्रायद्वीप के लोगों को विद्रोह करने के लिए कहा था।

### सऊदी ने छीन ली थी नागरिकता

सऊदी अरब ने इस साल मार्च में हमजा की नागरिकता छीन ली थी। इस साल की शुरुआत में, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हमजा को अल-क़ायदा में एक उभरता हुआ नेता बताते हुए उसके पता-ठिकाने की सूचना देने के लिए दस लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

हूती विद्रोहियों ने ली हमले की जिम्मेदारी

# सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको पर ड्रोन हमले



- संयंत्र में लगी भयंकर आग,धुएं के गुब्बार उठने लगे
- हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं

**रियाद।** सऊदी अरब में तेल की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी के दो संयंत्रों में शनिवार को ड्रोन से हमला किया गया। यमन के विद्रोहियों द्वारा यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब यह कंपनी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने को लेकर तैयारी कर रही है। पूर्वी सऊदी अरब में अरामको के दो बड़े संयंत्रों अब्कैक और खुरैस पर हमलों के बाद आसमान में धुएं के गुबार उठने लगे। ईरान के साथ चल रहे क्षेत्रीय तनावों के बीच यह हमला हुआ है। इन हमलों से पता चलता है कि ईरान से जुड़े हूती विद्रोही सऊदी अरब में तेल प्रतिष्ठानों के लिए कैसे गंभीर खतरा बन गए हैं। सऊदी अरब दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा निर्यातक है। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने गृह मंत्रालय के एक बयान के हवाले से कहा, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार एक बजे अरामको के औद्योगिक सुरक्षा दलों ने अब्कैक और खुरैस में ड्रोन हमले के कारण लगी आग से निपटना शुरू किया।

# भारत नहीं खरीदेगा पाकिस्तान से प्याज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



किसान संगठनों के विरोध के बाद सरकार ने घरेलू बाजार में आपूर्ति के लिए पाकिस्तान से प्याज खरीदने का फैसला बदल दिया है। इसके लिए संशोधित निविदा जारी कर दी गई है।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र व कर्नाटक में अतिवृष्टि के चलते प्याज की फसल को नुकसान पहुचने के चलते सरकार ने घरेलू बाजार में इसकी बढ़ती कीमतों को काबू में करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार से 2000 टन प्याज खरीदने का फैसला किया है। इसके लिए 5 सितम्बर को निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसे 24 सितम्बर तक भरा जा सकता है। इसके अलावा सरकार ने प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य भी 850 डालर प्रति टन निर्धारित कर दिया। प्याज के आयात के लिए केंद्र से अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी लिमिटेड ने 2000 टन प्याज का आयात करने के लिए निविदा जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह प्याज उच्च गुणवत्ता वाली तथा पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान या अन्य किसी भी देश में पैदा हुई होनी चाहिए। लेकिन महाराष्ट्र सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों के किसानों के ऐतराज के बाद शुक्रवार देर रात निविदा को संशोधित कर दिया गया। इसके तहत एमएमटीसी लिमिटेड ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान में पैदा हुई प्याज का आयात नहीं किया जाएगा। निविदा के अनुसार,संबंधित कंपनियों को प्याज की आपूर्ति नवम्बर के अंतिम सप्ताह में करनी है। बता दें कि सामान्य तौर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने वाली करने वाली विदेशी कंपनियां प्रायः पाकिस्तान की प्याज खरीदकर भारतीय बाजार में आपूर्ति कर देती हैं।

# कांगो में झील में डूबे भारतीय शांतिरक्षक का शव मिला

**संयुक्त राष्ट्र।** कांगो में नाव में सफर करने के दौरान डूब गए भारतीय शांति रक्षक का शव बरामद कर लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। भारत से प्राप्त मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन में तैनात थे और वह आठ सितंबर को कीवू झील में कश्ती पर गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को यहां कहा कि कीवू झील में डूबने वाले भारत के शांतिरक्षक का शव बरामद कर लिया गया है।

## डोरियन तूफान के बाद बहामा में 1,300 लोग लापता

**मैक्लीन्स टाउन (बहामा)।** उत्तरी बहामा में तूफान डोरियन के कहर के दो सप्ताह बाद 1,300 लोग लापता हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस तूफान ने 50 लोगों की जान ली है। सरकार का कहना है कि यह प्रारंभिक सूची है क्योंकि बहुत सारे लोग आश्रयस्थलों में रह रहे हैं और वह अपने परिवार के सदस्यों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन लोगों को यह डर है कि कैटेगरी पांच के इस तूफान से मरने वालों की संख्या और बढ़ेगी। ऐसी खबरें हैं कि करीब 1,300 लोग लापता लोगों की सूची में हैं। उनकी तलाश यहां वृहद स्तर पर की जा रही है।

## ब्राजील के अस्पताल में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जिनेरियो शहर के एक अस्पताल में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और अस्पताल कर्मचारियों को मरीजों को बिस्तर तथा व्हीलचेयर्स पर बाहर सड़कों पर लाना पड़ा। मृतकों में से कई बुजुर्ग हैं। दमकल विभाग ने बताया कि बेडिम अस्पताल में रात भर आग बुझाने में जुटे रहे चार दमकल कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और करीब 90 मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजा गया है। यह घटना बृहस्पतिवार रात की है। आग से बचने के लिए लोगों ने चादरों से एक रस्सी बनायी और बाहर निकलने की कोशिश की।

*आंदोलन खत्म होने के संकेत नजर नहीं आ रहे*

# हांगकांग में चीन समर्थकों व लोकतंत्र समर्थकों में झड़प

एजेंसी ⏭ हांगकांग



- ध्रुवीकरण गहराने के साथ ही हिंसक झड़पें शुरू

हांगकांग में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शनिवार को एक बार फिर राजनीतिक विरोधी एक मॉल के भीतर एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते दिखे। इस दौरान चीन के समर्थक सड़कों पर उतरे विरोधियों पर हमला बोलने के लिए चीनी झंडे का प्रयोग करते नजर आए। इसी के साथ लोकतंत्र के पक्ष में महीनों से हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद शहर में पनपा ध्रुवीकरण और गहरा गया। एक वक्त में स्थिर रहा यह अंतरराष्ट्रीय केंद्र पिछले कई हफ्तों से विशाल और कई बार हिंसक रैलियों से जूझ रहा है जिनमें अधिक लोकतांत्रिक स्वतंत्रता एवं राजनीतिक जवाबदेही तय किए जाने की अपील की जा रही है। ब्रिटेन द्वारा 1997 में शहर को सौंपे जाने के बाद यह आंदोलन चीन के शासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

### ऑन लाइन पोस्ट में वीडियो जारी

फोर्ट्रेस हिल जिले में चीनी झंडा लहराते हुए और नीले रंग की कमीज पहने हुए जिसपर आई लव हांगकांग पुलिस लिखा हुआ था, पुरुषों के एक समूह ने लोकतंत्र समर्थक माने जा रहे लोगों पर हमला किया। ऑनलाइन पोस्ट किए गए कई वीडियो में लोगों के एक समूह को झंडों और लात-घूसों से दूसरे समूह पर हमला करते देखा गया। पीड़ित समूह में ज्यादातर युवा शामिल थे। हांगकांग पुलिस की तरफ से घटना पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109